रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 20 फरवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-180 मूल्य 3.00 ₹


## क्विक न्यूज़

### सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभावः शिवराज

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सनातन का अपमान करना विपक्ष का स्वभाव बन गया है। चौहान ने कहा कि सनातन पर अंगुली उठाना, लोगों की आस्था और भावनाओं पर इस तरह चोट करना अपराध है। चौहान ने तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के कुंभ को लेकर दिए विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति हज़ारों सालों से गंगा की धारा की तरह प्रवाहित होती रही है।



### 20-23 फरवरी तक आयोजित होगा ध्यान विशेषज्ञों का वैश्विक सम्मेलन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में 20 से 23 फरवरी तक ध्यान विशेषज्ञों का वैश्विक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा, जिसमें नीति निर्माताओं, कॉर्पोरेट नेताओं, शोधकर्ताओं और ध्यान विशेषज्ञों को सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन और विश्व शांति के लिये ध्यान को एक प्रक्रिया के रूप में आगे बढ़ाने के लिये एक साथ लाया जायेगा। जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार कई महत्वपूर्ण संगठनों के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का उद्देश्य स्वास्थ्य और निर्णय लेने के लिये एक प्रमुख चालक के रूप में ध्यान के बारे में जागरूकता पैदा करने में वैश्विक नेतृत्व को शामिल करना है।



### रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढायेंगे भारत और मलेशिया



**नयी दिल्ली।** भारत और मलेशिया ने रक्षा उद्योग, समुद्री सुरक्षा, बहुपक्षीय संपर्क और नये क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है। मलेशिया-भारत रक्षा सहयोग समिति की 13वीं बैठक कुआलालंपुर में हुई। बैठक की सह-अध्यक्षता रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और मलेशिया के रक्षा मंत्रालय के महासचिव लोकमान हकीम बिन अली ने की। दोनों पक्षों ने हाल के वर्षों में दोनों सशस्त्र बलों के बीच नियमित संपर्क के साथ बढ़ते द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा संबंधों और क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों को बढ़ाने के लिए प्रभावी और व्यावहारिक पहलों पर व्यापक चर्चा की।

# धोखाधड़ी मामला : गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने कथित प्रतिभूति धोखाधड़ी की जांच के सिलसिले में अडानी समूह के संस्थापक गौतम अडानी और उनके भतीजे के खिलाफ भारतीय अधिकारियों से सहयोग की मांग की है। अमेरिकी एसईसी ने न्यूयॉर्क जिला अदालत को बताया कि प्रतिवादी भारत में हैं और उन तक कानूनी नोटिस पहुंचाने के लिए प्रयास जारी हैं। इस प्रक्रिया में हेग सेवा सम्मेलन के तहत भारतीय अधिकारियों से सहायता लेने की योजना भी शामिल है, जिससे सिविल और वाणिज्यिक मामलों से जुड़े दस्तावेजों की कानूनी सेवा संभव हो सके। एसईसी ने नवंबर 2024 में अपनी शिकायत दायर की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड से जुड़े एक वित्तीय लेन-देन के दौरान सितंबर 2021 की ऋण पेशकश के संदर्भ में प्रतिवादियों ने जानबूझकर या लापरवाही से भ्रामक जानकारी प्रस्तुत की। यह संघीय प्रतिभूति कानूनों के धोखाधड़ी विरोधी प्रावधानों का उल्लंघन है। इसी मामले से जुड़े एक अन्य आपराधिक मुकदमे में न्यूयॉर्क के पूर्वी जिले के लिए यूएस अटॉर्नी ऑफिस ने आरोप लगाया कि प्रतिवादियों ने साजिश और प्रतिभूति धोखाधड़ी में संलिप्तता दिखाई है। पिछले सप्ताह अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अडानी मामले पर कोई चर्चा नहीं की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में इसे एक 'निजी मामला' करार देते हुए कहा कि इस तरह के मुद्दों पर शीर्ष नेताओं के बीच बातचीत नहीं होती।

इससे पहले अडानी समूह ने इन आरोपों को निराधार बताया और कहा था कि वह 'सभी संभावित कानूनी विकल्पों' का उपयोग करेगा।



**न्यूयॉर्क जिला अदालत को बताया कि प्रतिवादी भारत में हैं और उन तक कानूनी नोटिस पहुंचाने के लिए प्रयास जारी हैं**

# ट्रंप प्रशासन ने भारत में मतदान के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग की रद्द



एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को मतदान के लिए दी जाने वाली 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग को रद्द करने का फैसला किया है। ट्रंप ने इस फंडिंग पर सवाल उठाते हुए कहा, भारत एक समृद्ध देश है और इसे इस तरह की सहायता की आवश्यकता नहीं है। हम भारत को 2.1 करोड़ डॉलर क्यों दे रहे हैं। उनके पास पहले से ही बहुत पैसा है। वे व्यापार में दुनिया के सबसे ज्यादा कर लगाने वाले देशों में से एक हैं और हमें वहां व्यापार करने में मुश्किल होती है क्योंकि उनके टैरिफ बहुत अधिक हैं। मैं भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत सम्मान करता हूं लेकिन मतदान के लिए इतनी बड़ी राशि देना। यह निर्णय ट्रंप प्रशासन द्वारा स्थापित सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के हालिया फैसलों में से एक है, जिसने अपने बजट पुनर्गठन के तहत विदेशी सहायता में 72.3 करोड़ डॉलर की कटौती की घोषणा की है। अमेरिका ने भारत के अलावा बंग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता के लिए 2.9 करोड़ डॉलर का अनुदान और नेपाल में राजकोषीय संघवाद और जैव विविधता संरक्षण के लिए 3.9 करोड़ डॉलर के अनुदान को भी रद्द कर दिया है। एलन मस्क के नेतृत्व वाले डीओजीई ने स्पष्ट किया कि इन सभी कटौतियों का उद्देश्य गैर-जरूरी खर्चों को कम करना और सरकारी बजट को अधिक कुशल बनाना है।

### ट्रंप का परस्पर कर फरमान जीएसटी के लिए भी चुनौती : कांग्रेस

कांग्रेस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नयी कर नीति को संप्रभुता के लिए खतनाक बताते हुए कहा है कि यह जीएसटी के लिए भी चुनौती बन गया है इसलिए सरकार को जल्द इससे निपटने के उपाय करने चाहिए। पार्टी ने कहा कि ट्रंप की पारस्परिक शुल्क लगाने की बात बहुत चिंताजनक है और उनका यह फरमान जीएसटी की अवधारणा को भी चुनौती देने के साथ ही यह हमारी राष्ट्रीय संप्रभुता पर भी सवाल उठाता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2.0 की मांग कर रही है, जो जीएसटी को वास्तव में एक अच्छा और सरल टैक्स बनाएगा, जैसा कि इसे मूल रूप से बनाया गया था। कांग्रेस ने न्यूनतम दरों और व्यापक रूप से संशोधित अनुपालन नियमों की मांग की है। उन्होंने कहा अब राष्ट्रपति ट्रंप जीएसटी के अस्तित्व पर ही खतरा पैदा कर रहे हैं। अपने मूल ढांचे के अनुसार जीएसटी आयात पर लागू होता है, लेकिन निर्यात पर नहीं। इस सिद्धांत पर कभी कोई विवाद नहीं रहा लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा पारस्परिक शुल्क की बातों से जीएसटी जैसे उपभोग कर पर ही सवाल उठने लगे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा राष्ट्रपति ट्रंप का करो को लेकर जारी यह आदेश डब्लूटीओ के अलावा राष्ट्रीय संप्रभुता का भी सवाल बन गया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तंज किया और कहा क्या राष्ट्रपति ट्रंप के नई दिल्ली वाले अच्छे दोस्त जो खुद को 'विश्वगुरु' बताते हैं, इस चुनौती का सामना करेंगे।

# ज्ञानेश कुमार ने कार्यभार संभाला

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी ने अपना कार्यभार संभाल लिया। ज्ञानेश कुमार भारत के 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त है। उन्होंने राजीव कुमार का स्थान लिया है जिनका कार्यकाल मंगलवार को सम्पन्न हुआ। ज्ञानेश कुमार का निर्वाचन आयेग के मुख्यालय पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने स्वागत किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने नयी जिम्मेदारी संभालने के बाद एक संक्षिप्त संदेश में नागरिकों विशेषकर युवा नागरिकों के लिए कहा कि उन्हें मतदान की जिम्मेदारी जरुर निभानी चाहिए। उन्होंने इसे राष्ट्र सेवा के लिए पहला कदम बताया। कुमार ने कहा राष्ट्र सेवा के लिए पहला कदम है मतदान अतः भारत के नागरिक जो 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हों , उन्हें मतदाता जरुर बनना चाहिए और मतदान अवश्य करना चाहिए।' भारत के संविधान, लोक प्रतिनिधित्व कानूनों, नियमों एवं उनके अन्तर्गत जारी निर्देशों के अनुरुप चुनाव आयोग हमेशा मतदाताओं के साथ था, है और रहेगा।

### केंद्र ने आपदा प्रभावित पांच राज्यों के लिए 1554 करोड़ रुपए की राशि मंज़ूर की

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रूपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार मंजूरी दी। गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। 1554.99 करोड़ रुपये की कुल राशि में से आंध्र प्रदेश के लिए 608.08 करोड़ रुपये, नागालैंड के लिए 170.99 करोड़ रुपये, ओडिशा के लिए 255.24 करोड़ रुपये, तेलंगाना के लिए 231.75 करोड़ रुपये और त्रिपुरा के लिए 288.93 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

# रेखा गुप्ता दिल्ली की नई मुख्यमंत्री भाजपा विधायक दल ने लगाई मुहर



पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली को आखिरकर नया सीएम मिल गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगा दी गई है। वहीं प्रवेश वर्मा उप-मुख्यमंत्री होंगे। इसके साथ ही रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष होंगे। रेखा गुप्ता और वर्मा साढ़े बारह बजे रामलीला मैदान में भव्य समारोह में शपथ लेंगे। उनके साथ मंत्रिमंडल का भी शपथ होगा। बीजेपी आलाकमान ने विधायक दल की बैठक के लिए वरिष्ठ नेता ओपी धनखड़ और रविशंकर प्रसाद को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था। ज्ञात हो कि नतीजों के 11 दिनों बाद मुख्यमंत्री का ऐलान किया गया। आठ फरवरी को आए नतीजे में भाजपा को 70 में 48 सीटों पर विजयश्री मिली।

### कौन हैं रेखा गुप्ता

भाजपा नेत्री रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री होंगी। वहीं मौजूदा समय में देश की दूसरी महिला सीएम बन रही है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग से विधायक हैं। उन्होंने आप नेता बंदना कुमारी को 29,595 वोटों से हराया है। रेखा गुप्ता को 68,200 वोट मिले। वहीं आप नेता बंदना कुमारी को 38,605 वोट मिले। कांग्रेस के प्रवीण जैन को मात्र 4,892 वोट मिले। रेखा गुप्ता महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं और हरियाणा के जींद की रहने वाली हैं।

### चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी व रणनीतिक सोच अपनाएं कैडेट : जनरल चौहान

**नयी दिल्ली/देहरादून।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कैडेटों से भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित प्रगति, रणनीतिक सोच और अपने आप को बदलती परिस्थितियों के अनुकूल बनाने को कहा है। जनरल चौहान ने देहरादून में राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज का दौरा किया। कॉलेज के कमांडेंट, संकाय और कैडेटों ने जनरल चौहान का पूरे सैन्य सम्मान के साथ स्वागत किया। जनरल चौहान ने प्रतिष्ठित सैन्य नेतृत्व को तैयार करने की कॉलेज की विरासत की सराहना की और राष्ट्र के प्रति अनुशासन, अखंडता और सेवा के मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने आधुनिक शिक्षा को सैन्य परंपराओं के साथ एकीकृत करने के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता की सराहना की। युद्ध की बदली प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए, उन्होंने कैडेटों से भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तकनीकी प्रगति, रणनीतिक सोच और अनुकूलनशीलता को अपनाने का आग्रह किया। सीडीएस ने सोमनाथ संसाधन केंद्र और संग्रहालय का भी दौरा किया, जो कॉलेज के समृद्ध इतिहास और राष्ट्र के लिए इसके शानदार पूर्व छात्रों के योगदान को दर्शाता है। जनरल चौहान ने विभिन्न सैन्य अभियानों में प्रशिक्षित अधिकारियों की भूमिका को दर्शाते हुए प्रदर्शनों में गहरी दिलचस्पी दिखाई।



### पीएम मोदी आज स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप सम्मेलन को संबोधित करेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भारत मंडपम में दो दिन के स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप लीडरशिप कॉन्क्लेव के पहले संस्करण का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य भाषण देंगे। शुक्रवार तक चलने वाला दो दिवसीय एसओयूएल लीडरशिप कॉन्क्लेव एक प्रमुख मंच के रूप में काम करेगा, जहाँ राजनीति, खेल, कला और मीडिया, आध्यात्मिक दुनिया, सार्वजनिक नीति, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र जैसे विविध क्षेत्रों के नेता अपनी प्रेरक जीवन यात्राएँ साझा करेंगे और नेतृत्व से संबंधित पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यह कॉन्क्लेव सहयोग और विचार नेतृत्व के एक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देगा, जिससे युवा दर्शकों को प्रेरित करने के लिए विफलताओं और सफलताओं दोनों से सीखने की सुविधा मिलेगी। एसओयूएल गुजरात में एक प्रमुख संस्थान है जो प्रामाणिक नेताओं को सार्वजनिक भलाई को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाता है। इसका उद्देश्य औपचारिक प्रशिक्षण के माध्यम से भारत में राजनीतिक नेतृत्व के परिदृश्य को व्यापक बनाना है। इसमें उन लोगों को शामिल करना है।



### त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः आज द्वितीय चरण तथा 23 को अंतिम चरण का होगा मतदान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के लिए 17 फरवरी को प्रथम चरण का मतदान एवं परिणाम की घोषणा की जा चुकी है। आज द्वितीय चरण तथा 23 फरवरी को अंतिम चरण का मतदान होगा। पूरे राज्य में त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 433, जनपद पंचायत सदस्य के 2 हजार 973, ग्राम पंचायत (सरपंच) के 11 हजार 671 एवं वार्ड (पंच) के 1 लाख 60 हजार 161 सहित कुल 1 लाख 75 हजार 258 पदों के लिए तीन चरणों में निर्वाचन संपन्न हो रहा है। जिसमें 78 लाख 20 हजार 202 पुरूष मतदाता, 79 लाख 92 हजार 184 महिला मतदाता एवं 194 अन्य मतदाता सहित कुल 1 करोड़ 58 लाख 12 हजार 580 मतदाता त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 में शामिल है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि पंच पदों के 68 और सरपंच पद के 01 स्थान के लिये सभी नामनिर्देशन पत्र खारिज हो गये है। पंच पद के 74 हजार 310, सरपंच पद के 448, जनपद पंचायत सदस्य के 41 और जिला पंचयत सदस्य के 01 पद पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। इस प्रकार प्रदेश के समस्त जिलो के लिए कुल पंच पद के 85 हजार 188, सरपंच पद के 11 हजार 181, जनपद पंचायत सदस्य के 2 हजार 932 और जिला पंचायत सदस्य के 432 स्थानों पर तीन चरणों में निर्वाचन हो रहा है। राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि द्वितीय चरण के मतदान हेतु 9 हजार 738 मतदान केन्द्र बनाये गये है। 26 हजार 988 पंच पद हेतु, 3 हजार 774 सरपंच पद हेतु, 899 जनपद सदस्य हेतु एवं 138 जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण में मतदान किया जायेगा। पंच पद के 65 हजार 716, सरपंच पद के 15 हजार 217, जनपद सदस्य के 3 हजार 885 और जिला पंचायत सदस्य के 699 अभ्यर्थी द्वितीय चरण में निर्वाचन लड़ रहे हैं। द्वितीय चरण में 23 लाख 17 हजार 492 पुरूष, 23 लाख 66 हजार 157 महिला एवं 87 अन्य सहित कुल 46 लाख 83 हजार 736 मतदाता मतदान करेंगे।

### सनातन संस्कृति का विरोध करना वास्तव में इन नेताओं की आदत बन चुकी है

# संक्रमित व्यक्ति का इलाज हो सकता है, संक्रमित सोच का नहीं : योगी

पायनियर संवाददाता < लखनऊ
www.dailypioneer.com



महाकुंभ को लेकर विपक्षी नेताओं की भाषा शैली को सनातन संस्कृति पर सीधा हमला करार देते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संक्रमित व्यक्ति का इलाज तो हो सकता है मगर संक्रमित सोच लाइलाज है। विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ को लेकर विपक्ष के आरोपों का सिलसिलेवार ढंग से जवाब देते हुये कहा विपक्ष ने महाकुम्भ को लेकर कई गलत तथ्य प्रस्तुत किए और इसे धन की बर्बादी तक करार दिया। राजद प्रमुख महाकुंभ को फालतू कहते हैं तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इसे पैसे की बर्बादी बताते हैं। सपा नेता जया बच्चन ने कहा कि मौनी अमावस्या भगदड़ में मृत लोगों के शवों को बहा दिया गया जिससे त्रिवेणी प्रदूषित हो गयी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे कहते हैं कि भगदड़ में हजारों लोगों की जान चली गयी। इनसे भी बढ़ कर एक नेता यह भी कहती है कि यह महाकुंभ नहीं बल्कि मृत्यु कुंभ है। उन्होने कहा कि सनातन संस्कृति का विरोध करना वास्तव में इन नेताओं की आदत बन चुकी है। वास्तव में संक्रमित व्यक्ति का इलाज तो किया जा सकता है मगर संक्रमित सोच का इलाज संभव नहीं है। विपक्ष निरंतर महाकुम्भ के आयोजन को लेकर दुष्प्रचार कर रहा है, जबकि यह आयोजन सनातन संस्कृति का गौरव है और इसे भव्य रूप से मनाने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। अगर किसी को लगता है कि यह अपराध है तो उनकी सरकार यह अपराध बार बार करना पसंद करेगी। सरकार महाकुम्भ को ऐतिहासिक बनाने के लिए कृतसंकल्प है। योगी ने कहा कि विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्ष के कुछ नेता महाकुम्भ जैसे आयोजन की भव्यता पर सवाल उठाते हैं और समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास करते हैं। विपक्ष पहले दिन से ही महाकुम्भ का विरोध कर रहा है। अगर वे वास्तव में जनता के हितैषी होते तो इस आयोजन पर चर्चा के लिए सदन में उपस्थित रहते, लेकिन उन्होंने सदन को बाधित किया। जैसे ही महाकुम्भ शुरू हुआ, इन्होंने अफवाहें फैलाना शुरू कर दिया। उन्होने कहा किसी भी सभ्य समिति के लिए वह भाषा शोभा नहीं देती है। आप लोगों के अपने संस्कार हो सकते हैं, आप लोगों का अपना व्यवहार हो सकता है, लेकिन कोई सभ्य समाज और कोई सभ्य समिति कभी भी उसको मानता नहीं दे सकती है। महाकुम्भ कोई नया आयोजन नहीं है, बल्कि यह वैदिक परंपरा से चला आ रहा है। ऋग्वेद, अथर्ववेद और श्रीमद्भागवत महापुराण में भी इसका उल्लेख है। यह आयोजन भारतीय संस्कृति की आत्मा है और इसे संकीर्ण राजनीतिक नजरिए से देखना अनुचित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने महाकुंभ आयोजन के पहले इस बारे में कहना शुरू किया कि इतना पैसा और इतना विस्तार देने की आवश्यकता क्या है जबकि हमारा उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

# महाकुंभ में तीन लाख करोड़ के कारोबार का अनुमान : कैट

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



खुदरा कारोबारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने कहा कि तीर्थ नगरी प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित महाकुंभ के दौरान 45 दिनों में लगभग 60 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन की उम्मीद है, जिससे तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के माल तथा सेवाओं के ज़रिए बड़े कारोबार के होने का अनुमान है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं दिल्ली के चांदनी चौक सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा की विश्व के इस सबसे बड़े मानव समागम ने यह स्थापित कर दिया है कि आस्था में अर्थव्यवस्था का भी समावेश होता है और भारत में सनातन अर्थव्यवस्था की जड़ें काफ़ी मजबूत है जो देश की मुख्य अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा भी है। खंडेलवाल ने कहा कि महाकुंभ प्रारम्भ होने से पूर्व एक अनुमान के अनुसार महाकुंभ में 40 करोड़ लोगों के आगमन के आने की संभावना के साथ लगभग दो लाख करोड़ रुपये के व्यापार होने का अनुमान था लेकिन पूरे देश में महाकुंभ को लेकर लोगों के अभूतपूर्व उत्साह के कारण उम्मीद की जा रही है कि 26 फरवरी तक लगभग 60 करोड़ लोग महाकुंभ में आयेंगे जिससे लगभग तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के बड़े व्यापार होने की संभावना है। इससे उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बड़ी मजबूती मिली है तथा व्यापार के नए अवसरों का सृजन भी हुआ है।

# जनता के मुद्दे उठाकर पांच साल में बनना है लोगों की पहली पसंद : खरगे

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित लोगों को आगे बढ़ने का काम करके जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना है ताकि अगले पांच वर्ष में कांग्रेस देश की जनता की पहली पसंद बन सके। खरगे ने पार्टी महासचिवों और प्रभारियों की बैठक को संबोधित करते हुए यहां कहा कि पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं। सबसे जरूरी बात जिम्मेदारी की है और इसमें यह स्पष्ट करना जरूरी है कि सभी प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों के संगठन और वहां होने वाले चुनाव तथा उसके परिणामों के लिए जिम्मेदारी होंगे। उन्होंने कहा,हमारा 'संविधान बचाओ अभियान' चल रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान कार्यक्रम बेलगांव में हमने तय किया था। ये अगले एक वर्ष तक चलेगा। इसके तहत पदयात्रा, संवाद, कॉर्नर मीटिंग जैसी गतिविधियां चला कर कार्यक्रम आयोजित हों लेकिन ऐसे हर कार्यक्रम का लक्ष्य होना चाहिए संगठन का सशक्तिकरण। खरगे ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए फिर कहा, हमारे सामने एक नयी चुनौती खड़ी हो गई है। इन दिनों चुनाव में वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है। इसके बारे में लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी सवाल उठाया। आप सभी को महसूस होगा कि आज कल हमारे समर्थकों के नाम मतदाता सूची से काट दिए जाते हैं। या नाम हटाकर बगल के बूथ से जोड़ दिया जाता है। भाजपा की तरफ़ से नए नाम चुनाव के ठीक पहले जोड़े जाते हैं। इस धांधली को हर हाल में रोकना होगा।

# जीएसआरटीसी की प्रयागराज के लिए 184 ट्रिप पूर्ण

एजेंसी गांधीनगर
www.dailypioneer.com




गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम (जीएसआरटीसी) की विशेष वोल्वो बस सेवा के तहत 17 फरवरी तक प्रयागराज जाने-आने समेत कुल 184 ट्रिप पूरी हो चुकी हैं, जिसका लगभग 4300 श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया है। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को बताया कि गुजरात के नागरिकों की महाकुंभ की यात्रा को सुगम और यादगार बनाने के लिए गुजरात सरकार ने 27 जनवरी को जीएसआरटीसी की विशेष वोल्वो बस सेवा शुरू की थी। अभी अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट से कुल 6 वोल्वो बसें तीर्थयात्रियों को प्रयागराज तक ले जा रही हैं। इस सेवा के तहत 17 फरवरी तक प्रयागराज जाने-आने समेत कुल 184 ट्रिप पूरी हो चुकी हैं, जिसका लगभग 4300 श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया है। जैसा कि एक श्रद्धालु ने कहा, हमने सोचा भी नहीं था कि हमें सरकारी बस में ऐसी सेवा-सुविधाएं मिलेंगी। गुजरात राज्य सड़क परिवहन निगम (जीएसआरटीसी) ने कॉर्पोरेट कंपनी के स्तर से कहीं बढ़कर व्यवस्थाएं की हैं। यह कहना है अहमदाबाद निवासी भाविन वसाणी का, जो हाल ही में जीएसआरटीसी द्वारा शुरू किए गए विशेष महाकुंभ टूर पैकेज के तहत प्रयागराज की यात्रा कर वापस लौटे हैं। इस सेवा के लिए कोई भी रेटिंग कम होगी। श्रद्धालु, प्रयागराज की यात्रा से वापस लौट रहे एक श्रद्धालु ने कहा कि, गुजरात सरकार ने इस प्रीमियम बस सेवा के माध्यम से महाकुंभ प्रवास के लिए इतना बेहतरीन काम किया है कि इसके लिए कोई भी रेटिंग कम ही होगी। सरकार ने ऐसा काम किया है मानों कोई कॉर्पोरेट कंपनी सेवा प्रदान कर रही हो। महात्मा गांधी की भूमि पोरबंदर के तीर्थयात्री जिग्नेश वाजा ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस सेवा का लाभ मिला और पूरी यात्रा के दौरान बापू का संदेश- 'स्वच्छता में ईश्वर का वास' साकार होते नजर आया। अहमदाबाद के नारणपुरा निवासी अजय कंसारा ने बताया कि इस यात्रा के दौरान गुजरात एसटी निगम का काम प्रेरणादायी था। उनके कर्मयोगियों की सेवा प्रशंसनीय है। गुजरात सरकार स्वयं इस यात्रा में सहभागी बनकर श्रद्धालुओं को यात्रा करा रही है, जो एक सराहनीय कार्य है। इसके अलावा, गुजरात पवेलियन में भी अद्भुत सेवा मिली। वडोदरा के 45 वर्षीय जयेश लाडाणी ने कहा कि गुजरात सरकार की इस सुविधा से उनके ग्रुप की यात्रा यादगार बन गई। बस की आरामदायक बैठक व्यवस्था, स्टाफ का व्यवहार, शिवपुरी में रात्रि विश्राम और प्रयागराज में लोकल टीम द्वारा उन्हें दी गई जानकारी प्रशंसनीय है।

# नये ट्रांसपोर्ट परमिट जारी करने से राज्य में रोजगार को बढ़ावा मिला: भुल्लर

एजेंसी चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर ने बुधवार को कहा कि राज्य के युवाओं के लिये रोजगार के नये अवसर सृजित करने के उदेश्य से पंजाब परिवहन विभाग द्वारा वर्ष 2025 के दौरान ग्रामीण संपर्क सड़कों और अन्य जिला सड़कों पर मिनी बसों के संचालन के लिए 154 स्टेज कैरेज परमिट जारी किये गये हैं। भुल्लर ने कहा कि ये परमिट पंजाब सरकार द्वारा स्वीकृत परिवहन योजना की धारा 3(ई) और मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा पांच के तहत जारी किये गये हैं। इस पहल की महत्ता को उजागर करते हुये परिवहन मंत्री ने कहा कि ये परमिट बेरोजगार युवाओं को अपना ट्रांसपोर्ट व्यवसाय शुरू करने में सक्षम बनाएंगे, जिससे पंजाब में स्व-रोजगार और आर्थिक विकास को और मजबूती मिलेगी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क को सुदृढ़ करते हुये युवाओं को उद्यमिता के लिये प्रेरित करना है। परिवहन मंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को और अधिक मजबूत करने और लोगों को बेहतर यातायात सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन परमिटों के माध्यम से सरकार ने न केवल परिवहन सेवाओं का विस्तार किया है, बल्कि अपने युवाओं को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनने का अवसर भी प्रदान किया है।

# बालाघाट जिले में पुलिस ने चार महिला नक्सलियों को मार गिराया

एजेंसी बालाघाट/भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले के जंगल में पुलिस ने मुठभेड़ में चार महिला नक्सलियों को मार गिराया। घटनास्थल से काफी मात्रा में हथियार और अन्य सामग्री मिली है। राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने यूनीवार्ता से चर्चा में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सीमा से लगे बालाघाट जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए कहा कि चार महिला नक्सली मारी गयी हैं। जंगल क्षेत्र में बुधवार को दिन में काफी देर तक मुठभेड़ चली। चार महिला नक्सलियों के शव बुधवार को दोपहर तक पुलिस को मिल चुके हैं। इस बीच मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वर्ष 2026 तक देश से नक्सलियों के सफाए का संकल्प लिया है और इसके अनुरूप मध्यप्रदेश में भी कार्रवाई चल रही है। आज के मुठभेड़ स्थल बालाघाट जिले के जंगल से हथियार भी मिले हैं। डॉ यादव ने इस सफलता के लिए मध्यप्रदेश पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि ये राज्य की उसी नीति का हिस्सा है कि हम राज्य में नक्सलवाद या आतंकवाद जैसा कुछ भी नहीं पनपने देंगे। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस के अधिकारी और जवान अपनी जान की बाजी लगाकर नक्सलियों के सफाए के काम में लगी है और उम्मीद है कि पुलिस इस काम को पूर्ण करने के बाद ही दम लेगी। उन्होंने आज की सफलता के लिए बालाघाट जिला पुलिस के साथ ही राज्य पुलिस को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपनी तरफ से भी पूरी व्यवस्था की है और नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस को भी आवश्यकता होगी, वह उन्हें मुहैया करायी जाएगी।

# संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान को घेरा, पड़ोसी देश को बताया आतंकवाद का वैश्विक केंद्र

एजेंसी संयुक्त राष्ट्र
www.dailypioneer.com

संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की बैठक में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई है। भारत ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठनों के जरिए पाकिस्तान के आतंकवादी कृत्यों का भारत शिकार रहा है। भारत के राजदूत ने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि आतंकवाद का वैश्विक केंद्र इस संकट के खिलाफ लड़ने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपाता है।

## 'पाकिस्तान है आतंकवाद का केंद्र'

चीन की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने जम्मू कश्मीर को लेकर टिप्पणी की थी। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कड़े शब्दों में देश का रुख स्पष्ट



किया। हरीश ने कहा, ''पाकिस्तान आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, जो 20 से अधिक संयुक्त राष्ट्र-सूचीबद्ध आतंकवादी संगठनों को पनाह देता है और सीमा पार आतंकवाद का समर्थन प्रदान करता है।''

## आतंकवाद का शिकार रहा है भारत

हरीश ने कहा, ''यह एक बड़ी विडंबना है पाकिस्तान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सबसे आगे होने के लिए खुद की पीठ थपथपाता है। भारत जैश-ए-मोहम्मद और हरकत उल मुजाहिदीन जैसे कई अन्य आतंकवादी संगठनों के जरिए, इस देश द्वारा किए गए आतंकवादी कृत्यों का शिकार रहा है।''

## 'जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग'

हरीश ने जोर देकर कहा कि आतंकवाद का कोई भी रूप, प्रकार और उद्देश्य चाहे जो भी हो, उसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा, ''कोई भी राजनीतिक शिकायत निर्दोष नागरिकों के खिलाफ किए गए आतंकवाद को उचित नहीं ठहरा सकती। यह संस्था अच्छे और बुरे आतंकवादियों के बीच कोई अंतर नहीं कर सकती है।'' उन्होंने कहा कि डार को इस बात पर ध्यान देना चाहिए और परिषद का समय बर्बाद ना किया जाए। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर हमेशा से भारत का अभिन्न व अविभाज्य अंग था, है और रहेगा। वास्तव में यह पाकिस्तान है जिसने '' जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्सों पर अवैध कब्जा'' कर रखा है।

# झारखंड के गिरिडीह जिले में सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत

**रांची।** झारखंड के गिरिडीह जिले में कल देर रात दो सड़क हादसे में 8 लोगों की मौत हो गयी है जबकि एक घायल है। घायल का इलाज हजारीबाग सदर अस्पताल में चल रहा है। पहली घटना में जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में स्थित पुलिस पिकेट के पास बाइक और स्कॉर्पियो के टक्कर में दोनों वाहनों में सवार 6 लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। दूसरी घटना में गिरिडीह के बगोदर के अटका- मुंडरो रोड स्थित बिहारो के पास बाइक सवार दो लोगों मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल का इलाज हजारीबाग के सदर अस्पताल में चल रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया कि कल देर रात मुंडरो से एक बाइक पर सवार होकर तीन युवक अपने घर बिहारो आ रहा थे तभी बाइक बिहारो के समीप असंतुलित होकर बिजली के खंभे से टकरा गयी। बाइक पर सवार तीनों घायल हो गए।

# अंतरराष्ट्रीय तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 10 किग्रा हेरोइन समेत एक गिरफ्तार

एजेंसी अमृतसर
www.dailypioneer.com

पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सी.आई.) अमृतसर ने एक नशा तस्कर को 10 किलोग्राम हेरोइन समेत गिरफ्तार कर सीमा पार से संचालित हो रहे नशा तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी की पहचान हरमनदीप सिंह के रूप में हुई है, जो अमृतसर के गांव घुम्मनपुरा का निवासी है। आरोपी से हेरोइन बरामद करने के अलावा, पुलिस टीमों ने उसकी काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल जिस पर वह सवार था, को भी जब्त कर लिया है। यादव ने बताया कि सी आई अमृतसर की टीम को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली थी कि आरोपी हरमनदीप के पाकिस्तान स्थित नशा तस्करों से संबंध हैं और हाल ही में उसे पाकिस्तान से हेरोइन की एक बड़ी खेप मिली है, जिसे वह राम तीर्थ रोड, मोड़ गांव काले के पास डेरा राधा स्वामी, अमृतसर में किसी व्यक्ति तक पहुंचाने जा रहा है। इस सूचना पर तेजी से कार्रवाई करते हुये, सी.आई. अमृतसर ने खुफिया जानकारी के आधार पर ऑपरेशन शुरू किया और अमृतसर के राम तीर्थ रोड पर एक विशेष पुलिस नाके पर आरोपी हरमनदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपी से 10 किलोग्राम हेरोइन बरामद की गयी है।

# राज्य का बजट रोजगार, अंत्योदय, जनकल्याण को समर्पित है: माहेश्वरी

**जयपुर।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम करार देते हुये कहा कि यह अर्थ संकल्प रोजगार, अंत्योदय और जनकल्याण को समर्पित है, जिससे प्रदेश को नयी गति मिलेगी। माहेश्वरी ने कहा कि पेयजल, बिजली, सड़क निर्माण, शहरों का नियोजित विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य संरचना को प्राथमिकता देकर राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने 150 यूनिट तक निशुल्क बिजली देने की घोषणा का स्वागत किया और कहा कि इससे आम जनता को आर्थिक संबल मिलेगा। किसानों और छोटे व्यापारियों के लिये यह योजना बड़ी राहत लेकर आयेगी।

# मालीवाल ने नेता प्रतिपक्ष दलित को बनाने का केजरीवाल से किया आग्रह

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने दिल्ली विधानसभा में किसी दलित को नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से आग्रह किया है। मालीवाल ने केजरीवाल को एक पत्र लिखकर कहा 'आपको याद होगा आपने 2022 में पंजाब चुनाव के दौरान वादा किया था कि जीतने के उपरांत हम एक दलित उपमुख्यमंत्री बनायेंगे लेकिन बहुत दुख की बात है कि तीन साल बाद भी ये वादा पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा अब जब दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करने का समय आया है तो मेरा आपसे अनुरोध है कि दिल्ली से पार्टी के दलित समाज से आने वाले एक विधायक को आप दिल्ली का नेता प्रतिपक्ष बनायें।

# तेलंगाना के बाद अब आंध्र प्रदेश में रमजान पर मुस्लिम कर्मचारियों को मिलेगी जल्दी छुट्टी

एजेंसी हैदराबाद
www.dailypioneer.com

तेलंगाना के बाद अब आंध्र प्रदेश सरकार ने भी सभी सरकारी मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के महीने के दौरान नमाज अदा करने के लिए अपने कार्यालयों से जल्दी निकलने की अनुमति दी है। यह निर्णय कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार के इसी तरह के कदम के बाद आया है। जानकारी के अनुसार, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में रमजान के दौरान मुसलमान कर्मचारियों को जल्दी ऑफिस से जाने अनुमति देने की प्रथा काफ़ी सालों से चली आ रही है।

तेलंगाना की कांग्रेस सरकार द्वारा इस संबंध में जारी किए गए आदेश से भाजपा नाराज है। तेलंगाना सरकार से नाराज चल रही बीजेपी पड़ोसी आंध्र प्रदेश की टीडीपी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का हिस्सा है। बीजेपी आंध्र सरकार के इस फैसले पर चुप है। आदेश के अनुसार, इस्लाम को मानने वाले सभी कर्मचारी, शिक्षक और अनुबंध, आउटसोर्सिंग के आधार पर नियुक्त व्यक्ति और ग्राम/वार्ड सचिवालय के कर्मचारी रमजान पर नमाज अदा करने के लिए अपने दफ्तर से जा सकते हैं। संबंधित अधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, 2 मार्च से 30 मार्च तक पवित्र रमजान महीने के दौरान सभी कार्य दिवसों पर आवश्यक अनुष्ठान करने के लिए अपने कार्यालयों या स्कूलों को बंद होने के समय से एक घंटे पहले छोड़ने का निर्देश दिया गया था। इससे पहले तेलंगाना सरकार ने एक परिपत्र जारी कर मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के पवित्र महीने के दौरान एक घंटा पहले दफ्तर छोड़ने की अनुमति दी थी। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस कदम की आलोचना करते हुए आश्चर्य जताया है कि हिंदू त्योहारों के दौरान ऐसे उपाय क्यों नहीं किए जाते। भाजपा ने सरकार के इस कदम को तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया। बता दें कि भारत में रमजान का महीना शुक्रवार (28 फरवरी) से शुरू होने की उम्मीद है।

# सैनी ने सरसों की खरीद 15 मार्च से करने के दिये निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि इस बार सरसों की फसल के मंडी में जल्द आगमन को देखते हुए 28 मार्च की बजाय 15 मार्च से ही सरकारी खरीद शुरू कर दी जाये। सैनी ने बुधवार को यहां रबी विपणन मौसम 2025-26 के दौरान सरसों की खरीद करने बारे आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है, जहां सभी फसलों को एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर खरीदा जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये। सरसों की खरीद के लिये 108 मंडियां निर्धारित की गयी हैं। उन्होंने खरीद एजेंसियों, मंडी बोर्ड व संबंधित विभागों को सरसों की खरीद सुचारू रूप से करने के निर्देश दिये। सैनी को अधिकारियों ने जानकारी दी कि राज्य में आम तौर पर 17 से 20 लाख एकड़ क्षेत्र में सरसों उगायी जाती है, जबकि रबी फसल सीजन 2024-25 के दौरान 21.08 लाख एकड़ क्षेत्र में सरसों उगायी गयी है। ऐसे में अनुमानित उत्पादन 15.59 लाख टन होने की संभावना है।

# ममता ने महाकुंभ को कहा मृत्युकुंभ, स्वामी चिदानंद सरस्वती ने सोच को बताया मृत

एजेंसी कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि हाल में हुई भगदड़ की घटनाओं के मद्देनजर महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस महाकुंभ में मरने वालों की वास्तविक संख्या को छिपाया गया है। पिछले महीने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मची भगदड़ में कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए, वहीं हाल में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की जान चली गई। बनर्जी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए दावा किया, ''महाकुंभ 'मृत्यु कुंभ' बन गया है। उन्होंने (भाजपा सरकार ने) मौतों की संख्या कम दिखाने के लिए सैकड़ों शवों को छिपा दिया।''

**ममता बनर्जी के बयान पर क्या बोले स्वामी चिदानंद सरस्वती :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी पर परमार्थ निकेतन आश्रम के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा, 'महाकुंभ में 50 करोड़ से अधिक लोगों ने पवित्र डुबकी लगाई है। यह 'मृत्यु कुंभ' नहीं है, यह 'अमृत कुंभ' है। यह 'महान कुंभ' है, जिसने इतिहास रच दिया है। एक घाट था और बड़ी संख्या में सनातनी पवित्र डुबकी लगा रहे थे। हर कोई एक साथ 'हर हर महादेव' का नारा लगा रहा था। बहुत सारे लोग आए, लेकिन कोई भी भूखा नहीं सोया, 55 करोड़ लोग आए किसी ने ये नहीं कहा कि तुम छोटे हो तुम बड़े हो। सभी ने मिलकर एक नए आविष्कार की तरफ भारत को ले जाते हुए देखा है। अब समय आ गया है कि हम सभी भारत को भारत के रूप में देखें। बंगाल की धरती में जन्में रामकृष्ण परमहंस ने कहा था कि जीवात्मा और परमात्मा अलग-अलग नहीं हैं। हम तो सब एक हैं। इस धरती पर उस महापुरुष ने कहा कि जितने भी लोग हैं वे सब एक हैं और एक परिवार हैं। साथ मिलकर 55 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं।

ऐसे में यह मृत्यु कुंभ कैसे हो सकता है। यह मृत सोच है।

# बारहवीं में टॉप करने वाले बच्चों को यादव 21 को देंगे लैपटॉप

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगामी 21 तारीख को एक समारोह में प्रदेश भर के 12वीं के टॉपर बच्चों को लैपटॉप



वितरित करेंगे। डॉ यादव ने इस संबंध में बताया कि 21 फरवरी को मध्यप्रदेश सरकार की ओर से हम प्रदेश भर के उन सभी विद्यार्थियों को लगभग 25 हजार रुपये के लैपटॉप प्रदान करेंगे, जिन्होंने 12वीं पास कर अपने-अपने सरकारी स्कूलों की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे खूब पढ़े-लिखें और स्वरोजगार समेत अन्य दिशा में आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में विकास का कारवां चलता रहे, इस दिशा में राज्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार काम कर रहा है।

# मोरक्को, फ्रांस ने सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर किए

**रबात।** मोरक्को और फ्रांस ने सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए मंगलवार को यहां कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए जिनमें फिल्म, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सांस्कृतिक विरासत संरक्षण और वीडियो गेम विकास जैसे क्षेत्र शामिल हैं। यह हस्ताक्षर फ्रांस की संस्कृति मंत्री रचिदा दाती की तीन दिवसीय कार्य यात्रा के अंतिम दिन किए गए। मोरक्को के युवा, संस्कृति और संचार मंत्री मोहम्मद मेहदी बेनसैद ने समझौते पर हस्ताक्षर के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रबात और पेरिस के बीच सहयोग और साझेदारी की प्रशंसा की। उन्होंने दोनों देशों के निजी क्षेत्रों के बीच साझेदारी को मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया, खासकर वीडियो गेम उद्योग जैसे उभरते क्षेत्रों में।

# अग्रणी राजस्थान के संकल्प को सिद्ध करेगा वर्ष 2025-26 का राज्य बजट: खींवसर

एजेंसी जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि विधानसभा में आज पेश किया गया प्रदेश का वित्तीय वर्ष 2025.26 का बजट आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प को सिद्धि प्रदान करेगा। खींवसर ने कहा कि हर क्षेत्र एवं हर वर्ग के विकास को समर्पित यह बजट हम सबकी उम्मीदों और आशाओं को फलीभूत करने वाला है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में की गई अभूतपूर्व बजट घोषणाओं से आयुष्मान राजस्थान का संकल्प सच्चे अर्थों में साकार होगा। उन्होंने कहा कि आमजन को निःशुल्क दवा एवं जांच की उपलब्धता के लिए 3500 करोड़ रुपये के मा-कोष का गठन, टर्शियरी स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन के लिए 1300 करोड़ रुपये का प्रावधान, 50 करोड़ की राशि से फिट राजस्थान अभियान का संचालन, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत दूसरे राज्यों में उपचार के लिए इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू करने, हर जिला अस्पताल में डायबिटिक क्लीनिक खोलने तथा चिकित्सकों के 750 एवं पैरामेडिकल के 1500 नवीन पदों का सृजन करने जैसी घोषणाओं से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन से आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार सेवायें मिल सकेंगी और हम निरामय राजस्थान की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि बजट में जल जीवन मिशन (शहरी) प्रारंभ करने, आगामी वर्ष में 1 लाख 25 हजार पदों पर भर्ती करने, राजस्थान रोजगार नीति लाने, गर्भवती महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री सुपोषण किट योजना लाने, राजस्थान नागरिक सुरक्षा अधिनियम बनाने, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 10 गीगावॉट उत्पादन करने, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10-10 करोड़ की लागत से नॉन पैचेबल सड़कों के कार्य करवाने, 50 हजार नये कृषि कनेक्शन देने जैसी महत्वपूर्ण घोषणायें गांव, गरीब, किसान, युवा एवं महिला उत्थान की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित राजस्थान और विकसित भारत की परिकल्पना को यथार्थ रूप देने की कड़ी में एक सशक्त कदम है।

# भारत मिस्र की विशेष सेना का युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' जारी

एजेंसी बीकानेर
www.dailypioneer.com



राजस्थान में बीकानेर जिले के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत-मिस्र की विशेष सेना का युद्धाभ्यास 'साइक्लोन' का तीसरा संस्करण जारी है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि यह 14 दिवसीय सैन्य अभ्यास 10 फरवरी को शुरू हुआ था और 23 फरवरी को समाप्त होगा। यह उच्च-तीव्रता वाला अभ्यास भारत और मिस्र के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी का प्रमाण है, जो सैन्य सहयोग को मजबूत करता है और दोनों देशों की विशिष्ट बलों के बीच पारस्परिक कार्यकुशलता को बढ़ाता है। उन्होंने बताया कि 'अचानक हमलों का कठिन प्रशिक्षण' पर केंद्रित युद्धाभ्यास में, दोनों देशों की सेनायें कठिन युद्ध प्रशिक्षण और सामरिक अभ्यास कर रही हैं, जिसका उद्देश्य संयुक्त अभियान भारत-मिस्र संयुक्त अभियान क्षमताओं को मजबूत करने के उद्देश्य से सैनिकों को कठोर युद्ध के माफिक ढालने और अन्य रणनीतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कर्नल शर्मा ने बताया कि अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य अंतरसंचालनीयता को बढ़ावा देना, सर्वोत्तम युद्धक विधियों के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना और विशेष बलों के संचालन में रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं (टीटीपी) की आपसी समझ को गहरा करना है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में नजदीकी लड़ाई, खुद को जीवित बचाये रखने की तकनीक और लड़ाई के दौरान चिकित्सकीय कौशल और दुश्मन के ठिकानों की तबाही का प्रशिक्षण शामिल है। इन उच्च-तीव्रता वाले अभ्यासों में जटिल परिचालन परिदृश्यों, विशेष रूप से रेगिस्तान और अर्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से जवाबी हमला करने की सैनिकों की क्षमता को बढ़ाने के लिये नियत किया गया था। संयुक्त प्रशिक्षण सत्रों में चपलता, धीरज और सटीकता पर जोर दिया गया, यह सुनिश्चित करते हुये कि दोनों दल वास्तविक दुनिया की युद्ध स्थितियों में एक सामंजस्यपूर्ण बल के रूप में निर्बाध रूप से काम करें। उन्होंने बताया कि नजदीकी लड़ाई का प्रशिक्षण विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह न्यूनतम समय में जवाब देने के साथ सीमित और शहरी वातावरण में विरोधियों को जवाब देने की सैनिकों की क्षमता को बढ़ाता है। कठोर परिस्थितियों में खुद को जीवित बचाये रखते हुये और विषम परिस्थितियों में युद्धक क्षमता बनाये रखने पर प्रशिक्षण में ध्यान केंद्रित किया गया है। ऐसे अभ्यास सैनिकों को शत्रुतापूर्ण वातावरण में स्वतंत्र रूप से काम करने के लिये कौशल बढ़ाते हैं। कर्नल शर्मा ने बताया कि युद्ध के मैदान में हताहतों के प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिये युद्ध चिकित्सा कौशल प्रशिक्षण महत्वपूर्ण है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्कूली बच्चों को कानूनी जागरूकता प्रदान की गई

पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव
www.dailypioneer.com



उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के मार्गदर्शन में एवं गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के कुशल नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बुनागांव जिला कोंडागांव में हसीना खान एवं जरीना बानो पैरालीगल वालेंटियर/अधिकार मित्र के द्वारा स्कूली बच्चों के लिए एक कानूनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के पैरालीगल वालेंटियर हसीना खान ने बच्चों को बताया की हर बच्चे को शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा का अधिकार है। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि यदि उनके अधिकारों का हनन होता है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव से मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते है। इसी के साथ ही जरीना बानो ने बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के बारे में भी बताया जैसे कि मुफ्त कानूनी सलाह, मुफ्त कानूनी प्रतिनिधित्व और मुफ्त कानूनी सहायता। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए हमेशा तत्पर है। यह कार्यक्रम बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली मुफ्त कानूनी सेवाओं के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम था।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव: मतगणना में प्राप्त आकडो से पंच, सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य के परिणाम स्पष्ट हो गए

पायनियर संवाददाता ◂ चारामा
www.dailypioneer.com

17 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुआ, जिसका परिणाम 19 मार्च को रिर्टनिंग आफिसर के द्वारा घोषित किया गया। लेकिन मतदान के बाद हुई मतगणना मे प्राप्त आकडो ने पंच, सरपंच, जनपद एव जिला पंचायत सदस्य के परिणाम स्पष्ट हो गये। प्राप्त हुए मत के अनुसार विजयी प्रत्याशियो ने जीत का जश्न मनाया। देर रात परिणाम मिलने के बाद विजयी प्रत्याशियो की ओर से जमकर पटाखे फोडे गये और रात में ही जमकर जश्न हुआ। और यह जश्न दुसरे दिन दिन भर चलता रहा। चारामा जनपद पंचायत अर्न्तगत 17 जनपद सदस्य एवं 64 पंचायत के सरपंच आते है। वही दो जिला पंचायत के क्षेत्र शामिल है। दो जिला पंचायत जिसमे क्षेत्र क्रमांक 05 से तेजेश्वरी सिन्हा एव क्षेत्र कमांक 06 से किरण नरेटी की जीत हुई। वही जनपद सदस्यो में कमशः कमांक 01 में अमिता बंजारे, 02 में तन्नु हिरवेन्द्र साहु, 03 में संतोषी सिन्हा, 04 मे रेणुका सिन्हा,05 मे देवबती मरकाम, 06 रमशीला मंडावी, 07 में नीलु सत्तार खान, 08 बिस्मत नरेटी, 09 में ठाकुर राम कश्यप, 10 मे लोखनी पटेल, 11 मे गरीमा रावटे, 12 में परसादी नरेटी, 13 में अनमोल मंडावी, 14 मे बिराज बाई गावडे, 15 में लता भास्कर, 16 में समीर कुरैशी, 17 में चिंता राम साहु की जीत हुई। वही सरपंच मे गितपहर में भानपुरी दीपिका मडावी, हल्बा सुशीला तारम, रानीडोगरी लक्ष्मी कोडोपी, गितपहर काति कवाची. जेपरा सोहद गंगासागर, हाराडुला सुशीला मरकाम, रतेसरा कलिता गोटी, गोलकुम्हडा सुरेश नेता, खरथा संतोष जुरी, जैसाकर्रा रविनायक, तुएगहन ललेश्वरी जुरी. करिहा सुगंध ध्रुव, भिलाई रूखमणी हदगिया, भिरौद मिथलेश दर्रो, जुनवानी सुरज उईके, दरगहन राजु नरेटी, गिरहोला सगीता कोडोपी, चारभाठा उर्वशी कश्यप, लिलेझर लक्ष्मण नाग, मरकाटोला

रमिका उसेण्डी, किशनपुरी देवेन्द्र कोरोटिया, कांटागॉव नीलम मंडावी, गांडागौरी मानोबाई सेवता, कोरतरा राजकुमार सेवता, बागडोगरी दिनेश गावडे, खैरखैडा हेमलता जुरी, बडेगौरी कमलेश्वरी सेवता, उडकुडा दीपक उसेण्डी, अरौद रूपेश मरकाम, मयाना राम जी पोया, बाडाटोला शीतला कावडे, पलेवा घनश्याम जुरी, चिनौरी यशराज कोडोपी कुरुंभाट जगमोहन दर्रो, कोटेला टिकेश्वरी शोरी, पिपरौद लता मंडावी, बासनवाही रत्मा कवाची, पुरी दीपक गावडे, रामपुर रूस्तम नायक, भोथा बिसाहु राम गोटा, कसावाही ताशो गोटी, शाहवाडा प्रदीप कोडोपी, चॉवडी राजेश्वरी माहला, चपेली जयसिंग नेताम, नयापारा सरस्वती नरेटी, डोकला परमानंद ठाकुर, भर्रीटोला नोतन भोयर, माहुद बालकृष्ण सलाम, कडेल जयप्रकाश गावडे, डेढकोहका सौहद्रा ठाकुर, मुडखुसरा रितु नागवंशी, कुर्रुटोला रेखा कुजाम, साल्हेटोला एक्खम कांगे, सिरसिदा कैलाश कुमार कोवाची, लखनपुरी सुरेन्द्र टेकाम, तेलगरा बालिका जुरी, तारसगाँव जमुना शोरी, गोटीटोला श्यामा जुरी, मैनपुर जागेश्वर मरकाम, कानापोड बलराम जुरी, परसोदा दशरथ कोवाची ने सरपच चुनाव जीता। इसी तरह ग्राम पंचायत में पंचो का का चुनाव भी संपन्न हुआ।

## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025

# मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिए हुए रवाना



पायनियर संवाददाता ◂ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 अंतर्गत द्वितीय चरण में जिले के जनपद पंचायत फरसगांव और माकड़ी में मतदान 20 फरवरी को होगा। बुधवार को जनपद पंचायत मुख्यालयों में मतदान सामग्री का वितरण किया गया और मतदान दलों को उनके निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चार्ली ठाकुर और एसडीएम अश्वन पुसाम ने फरसगांव में मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी प्रकार माकड़ी में एसडीएम अजय उरांव ने मतदान दलों के वाहनों को हरी झंडी दिखाई। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत फरसगांव में 158 मतदान केंद्र हैं और मतदाता की संख्या 68287 है। 20 फरवरी को होने वाले मतदान में 68 सरपंच, 372 पंच, 20 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना हैं। फरसगांव के कुल 73 सरपंच में से 05 निर्विरोध और कुल 878 पंच में से 506 निर्विरोध चुने गए हैं। इसी प्रकार जनपद पंचायत माकड़ी में 154 मतदान केंद्र हैं और कुल मतदाताओं की संख्या 76160 है। इस दौरान 67 सरपंच, 415 पंच, 18 जनपद सदस्य और 02 जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन होना हैं। माकड़ी के कुल 889 पंच में से 474 पंच निर्विरोध चुने गए हैं।

# अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 : शांति, फिटनेस, सामुदायिक भावना और बस्तर की अछूती सुंदरता का उत्सव

**अबूझमाड़ पीस हाफमैराथन की तैयारियां जोरों पर, 5,000 से अधिक प्रतिभागियों की होगी भागीदारी**

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 शांति, फिटनेस, सामुदायिक भावना और बस्तर की अछूती सुंदरता का उत्सव मनाने के लिए आयोजित की जा रही है। इस मैराथन की तैयारियां जोरों पर हैं, जिसमें 5,000 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने, शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता को उजागर करने के उद्देश्य से अबूझमाड़ पीस हाफ मैराथन 2025 का आयोजन 2 मार्च को नारायणपुर में किया जाएगा। बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के पंजीकरण के साथ, यह मैराथन केवल एक दौड़ नहीं बल्कि आशा, एकता और बदलाव का प्रतीक बन चुकी है। अबूझमाड़, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध संस्कृति के लिए प्रसिद्ध है, लंबे समय से नक्सली गतिविधियों के प्रकोप में रहा है। इस मैराथन के माध्यम से इस धारणा को बदलने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे सभी कौशल स्तरों के लोग एकता, प्रतिस्पर्धा और आपसी समझ की भावना के साथ भाग ले सकें। मैराथन में हाफ मैराथन (21 किमी), 10 किमी और 5 किमी की श्रेणियां शामिल होंगी, जिससे एथलीटों, पहली बार दौड़ने वालों और स्थानीय प्रतिभाओं को भाग लेने का अवसर मिलेगा। अत्याधुनिक टाइमिंग सिस्टम, पेसर्स, चिकित्सा सहायता और हाइड्रेशन स्टेशनों के साथ, यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए एक यादगार अनुभव साबित होगा।

**मैराथन का उद्देश्य: स्वास्थ्य, एकता और शांति का संदेश**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस आयोजन को आशा का प्रतीक बताते हुए कहा कि खेल की सार्वभौमिक भाषा के माध्यम से लोगों को एक साथ लाकर, हम न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना चाहते हैं बल्कि शांति और एकता का एक महत्वपूर्ण संदेश भी देना चाहते हैं। अबूझमाड़ को अब माओवाद से नहीं, बल्कि यहां के लोगों की क्षमता और प्रतिभा से पहचाना जाएगा।

**प्रोमो मैराथन : सफल आयोजनों के साथ बढ़ता उत्साह**

मुख्य कार्यक्रम से पहले आयोजन समिति ने 5 जनवरी को 5 किलोमीटर की प्रोमो मैराथन आयोजित की, जिसमें पुरुष वर्ग में तीजू पुजारी, लक्ष्मण पोयाम और बीरसिंह सलाम विजेता बने, जबकि महिला वर्ग में सोमराई गोटा, रीना उइके और भूमिका देवांगन शीर्ष स्थान पर रहीं। इसके बाद 19 जनवरी को नारायणपुर में 10 किलोमीटर की मिनी मैराथन हुई, जिसमें 800 से अधिक धावकों ने भाग लिया। इसमें पुरुष वर्ग में पुरकेश्वर लाल देशमुख, रस्सू कोरेस और बुधराम कुमेटी ने शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में मुस्कान कुशवाहा, भूमिका देवांगन और सोंबाई गोटा विजेता रहीं।

**प्रतिभागियों के लिए विशेष सुविधाएं**

प्रतिभागियों की सुविधा के लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। पार्किंग, आवास और भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मार्ग में सहायता केंद्रों की व्यवस्था होगी, जहां पीने का पानी, इलेक्ट्रोलाइट पेय, स्नैक्स, फल और प्राथमिक चिकित्सा किट उपलब्ध होंगे। धावकों के लिए रिकवरी/रेस्टिंग टेंट भी लगाए जाएंगे। लाइव ट्रैकिंग सिस्टम के माध्यम से प्रतिभागियों को रीयल-टाइम अपडेट प्राप्त होंगे और मार्ग को एलईडी संकेतकों से स्पष्ट रूप से चिह्नित किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा सहायता स्टेशनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे प्रतिभागियों की सुरक्षा बनी रहे। अनुभवी पेसर्स प्रत्येक श्रेणी में धावकों को मार्गदर्शन देंगे, जिससे वे अपनी गति बनाए रख सकें और अपने लक्ष्य प्राप्त कर सकें। मैराथन से पहले कुछ विशेष आयोजन भी किए जाएंगे। 28 फरवरी को 'बैंड दायरा' द्वारा जादू बस्तर कॉन्सर्ट आयोजित होगा। 1 मार्च को एक भव्य ड्रोन शो होगा, साथ ही अबूझमाड़ मल्लखंब टीम द्वारा अद्भुत करतबों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, पारंपरिक नृत्य, स्थानीय कला प्रदर्शनियां और बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाने वाले अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। खेल के महत्व के साथ-साथ, यह मैराथन अबूझमाड़ की अनछुई सुंदरता और इसकी क्षमता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएगी और क्षेत्र के विकास में सहायक होगी।

# श्री श्री ठाकुर अनुकूल चंद्र की मनाई गई 137 वां जन्मोत्सव



**किरंदुल।** परम कृपालु श्रीश्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के 137 वां जन्म महोत्सव 19 फरवरी बुधवार बंगाली कैम्प स्थित सत्संग मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम शोभायात्रा निकाला गया एवं भजन संकीर्तन किया गया। साथ ही दोपहर 01 बजे से महाभण्डारे का आयोजन किया गया। मौके पर उपमहाप्रबंधक बी के माधव, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

# बस्तर और लोहांडीगुड़ा विकासखंड के मतदान दलों को किया गया रवाना



**जगदलपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दूसरे चरण के तहत जिले में बस्तर और लोहण्डीगुड़ा विकासखंड के मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण कर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जनपद बस्तर में 254 मतदान केंद्र हैं, जिसमें 116422 मतदाता हैं। जबकि लोहांडीगुड़ा जनपद में 159 मतदान केंद्र हैं और 55991 मतदाता हैं। इन दोनों विकासखण्ड में कल 20 जनवरी को सुबह 06.45 से दोपहर 02 बजे तक मतदान होगा। इसके उपरांत मतगणना की जाएगी।

# पंचायत चुनाव: कटेकल्याण ब्लॉक में आज मतदान



पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के तहत द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के कटेकल्याण ब्लॉक में 20 फरवरी को मतदान संपन्न होगा। इस परिप्रेक्ष्य में द्वितीय चरण के मतदान के लिये मतदान दलों को कटेकल्याण जनपद पंचायत भवन स्थित स्ट्रांग रूम सह वितरण केन्द्र से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान मतदान दलों के अधिकारी-कर्मचारी मतदान सामग्रियों का मिलान कर सम्बन्धित सेक्टर ऑफिसर के नेतृत्व में निर्धारित रुट के बसों के जरिये अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिये रवाना हुए। इस मौके पर निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे। इस संबंध में पंचायत उप संचालक मिथिलेश किसान ने बताया कि इस दूसरे चरण में कटेकल्याण ब्लॉक अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 02, जनपद पंचायत सदस्य हेतु 10, सरपंच प्रत्याशी के 27 और 86 पंच प्रत्याशियों का निर्वाचन होगा। उक्त द्वितीय चरण में 20 फरवरी को मतदान सम्पन्न कराने के लिए कुल 64 मतदान दलों के 331 अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। इसके साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के लिये जिला पुलिस बल, डीआरजी तथा छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पर्याप्त जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया संपन्न कराये जाने हेतु सेक्टर ऑफिसर्स, सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल पुलिस अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# किरन्दुल में मनाया गया श्री श्री बालाजी कल्याण महोत्सव



**किरंदुल।** लौहनगरी किरन्दुल श्री राघव मंदिर परिसर में स्थित बालाजी मंदिर मे बालाजी भगवान का बुधवार सुबह सुप्रभात सेवा, मंगलाशासनम, स्वामी अलंकार के बाद सुदर्शन हवन व बालाजी भगवान का सामूहिक कल्याणम हुआ। विवाह पूजन अनुष्ठान कार्यक्रम में एनएमडीसी मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, उपमहाप्रबंधक बी के माधव सपत्नीक पूजा अर्चना किए। जिसके बाद दोपहर 01 बजे से मंदिर परिसर में अन्नदान भंडारा का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में परियोजना के अधिकारी कर्मचारियों के साथ-साथ क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष गणपत नायडू, सचिव जी सन्मुख राव एवं अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# प्राकृतिक आपदा पीड़ित वारिसों को 12 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**कोंडागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 3 प्रकरणों में वारिसों को 12 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम छिन्दली निवासी सोनाऊराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पत्नी सुकड़ीबाई को, बड़ेराजपुर तहसील के ग्राम छिन्दली निवासी अमरसिंह की गाज गिरने से मृत्यु होने पर माता गंगाबाई को, केशकाल तहसील के ग्राम रावबेड़ा निवासी जानकी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता गागरीबाई को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

ESAF
ESAF SMALL FINANCE BANK
REGD. OFFICE: ESAF Bhavan, Mannuthy, Thrissur- 680 651, Kerala.

GOLD AUCTION NOTICE

Notice is hereby given for the information of all concerned that Gold ornaments pledged with ESAF Small Finance Bank and not redeemed by borrowers, despite repeated reminders and notices, of our branches, are listed below. This will be auctioned as per the details given below:

DATE OF AUCTION: 10-03-2025 TIME: 2 PM TO 5 PM
AUCTION VENUE: THROUGH E-AUCTION
AUCTION ADDRESS: https://gold.matexnet.org/
Contact Number: 9500173386/9962979770

To register as bidder for the e-Auction with terms and conditions, and full details of e-Auction please visit the above site.

BRANCHES & LOAN ACCOUNT NUMBERS

AKALTARA: 75240000404371, 410419, 2538084, 2596033, 2632816, AMBIKAPUR: 75240000370253, 2620669, BAGBAHARA: 63240000046781, 75240000353555, 2535199, 2543524, 2544402, 2619122, 2632636, 2659375, BALRAMPUR: 63240000042208, BHATAPARA: 75240000263474, 2555551, BHILAI: 63240000045753, 62160, 73109, 569246, 569686, 75240002389143, 2449411, 2449421, 2460849, 2489014, 2515157, 2529141, 2588368, 2642717, 2659355, 2662199, 2668228, 2670394, 2684927, BILASPUR: 75240002433581, 2559804, 2682281, 2684757, 2687922, CHAMPA: 63240000585565, 612676, 75240000337886, 368907, 2381707, 2412731, 2422792, 2502152, 2527524, 2579285, 2595064, 2596453, 2620979, 2622605, 2637707, 2640361, 2641759, 2643015, 2652298, 2661381, CHANDIGARH: 63240000570614, 75240002655033, DHAMDHA: 75240002669746, DHAMTARI: 63240000603024, 613454, 75240000319851, 2478885, 2603242, 2651690, 2688340, DONAGARGARH: 63240000048737, 57460, 75240002411413, 2419358, 2419608, 2424898, 2447504, 2448953, 2453383, 2472546, 2481689, 2486630, 2505456, 2524980, 2537305, 2576581, 2583567, 2583847, 2589586, 2615909, 2626538, 2633584, 2635021, 2666512, 2670754, 2671702, 2678699, 2685995, DURG: 75240002435207, 2488606, 2646650, JAGDALPUR: 75240002564144, JASHPUR: 63240000608704, 75240002432353, KATGHORA: 75240002433481, 2687562, KAWARDHA: 63240000574236, 75240002549383, 2553514, 2571620, 2601625, 2610058, 2653696, 2669486, KHARSIA: 63240000052699, 55224, 75240000157984, 201073, 286171, 328504, 328594, 334402, 389117, 400928, 2580163, 2601495, KORBA: 63240000045923, 603674, 613044, MAHASAMUND: 63240000043476, 577991, 581473, 75240000342266, 2429119, 2520907, 2521225, 2551658, 2593248, 2619732, 2667000, MUNGELI: 75240000359104, 2508681, 2529531, 2544492, 2600627, PAKHANJORE: 63240000033145, 583759, 586444, 590845, 594308, 596934, 75240002385150, 2386688, 2388774, 2480461, 2526186, 2567838, 2599307, 2639184, 2648706, 2670024, 2672130, 2672140, 2672480, 2675554, 2681153, PITHORA: 63240000067151, 67401, 567550, 585665, 586554, 595346, 596924, 601497, 602265, 613354, 613504, 613714, 75240000209378, 259823, 260280, 336268, 346509, 2382375, 2434339, 2442324, 2463964, 2465080, 2488406, 2497009, 2510206, 2525308, 2551458, 2564114, 2588538, 2589416, 2593468, 2594806, 2620079, 2628934, 2633554, 2638525, 2640521, RAIGARH: 63240000586544, 589948, 597023, 75240002440767, 2456107, 2475561, 2484224, 2520417, 2532524, 2569074, 2594056, RAIPUR: 63240000029594, 410306, 75240002449511, 2480021, 2518722, 2529191, 2530418, 2547316, 2560741, 2588648, 2618004, 2663797, RAJNANDGAON: 63240000580874, 600949, 75240002431174, 2444430, 2608493, 2646170, 2664815, SARANGARH: 63240000591114, 75240002414727, 2493546, 2540929, 2542195, 2574054, 2612164, 2653976, 2670484, SHIVRINARAYAN: 63240000060224, 562389, 563867, 597843, 613214, 75240000268825, 291321, 319081, 2434589, 2447234, 2460929, 2494464, 2508511, 2528383, 2534801, 2683339.

Customers who are interested to release the ornaments by paying the total due amount may do so, at the respective branches, on or two days before the date of the auction.
Bidders who wish to participate in the auction shall produce their KYC documents. GST No. is mandatory for registered firms/companies. Bidders shall deposit a sum of Rs.50,000 as EMD before participating in the auction.

Thrissur
Date: 20-02-2025
Sd/-
Authorized Signatory

# जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर-दुर्गूकोंदल में मतदान आज

पायनियर संवाददाता ◂ कांकेर
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के तहत जिले में दूसरे चरण के मतदान जिले के जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर और दुर्गूकोंदल में गुरूवार 20 फरवरी को सुबह पौने सात बजे से दोपहर 02 बजे तक मतदान होगा, जिसमें ग्रामीण मतदाता मताधिकार का प्रयोग कर जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों का चुनाव करेंगे। इसके लिए भानुप्रतापपुर ब्लॉक में 127 और दुर्गूकोंदल में 88, इस प्रकार कुल 215 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां 860 मतदान कर्मी चुनाव कराएंगे। अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव संपन्न कराने दलों को आज सुबह सामग्री वितरित की गई, तत्पश्चात भानुप्रतापपुर के 16 सेक्टर के मतदान दल और दुर्गूकोंदल के 12 सेक्टर के मतदान अधिकारियों को रवाना किया गया। अनुविभागीय अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर भानुप्रतापपुर जी डी वाहिले ने बताया कि जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर की 52 ग्राम पंचायतों के लिए 127 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं, इनमें 08 महिला दलों को भी मतदान कराने का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा सभी ग्राम पंचायतों में मतदान कराने की पूरी तैयारी कर ली गई है। इसी तरह पंचायत निर्वाचन हेतु दुर्गूकोंदल के लिए जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और सरपंच व पंच पदों के लिए आज जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल स्ट्रांग रूम से सामग्री वितरण उपरांत रिटर्निंग अधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मतदान दलों को रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों तक सुरक्षा के साथ पहुंचाने हेतु रूट चार्ट भी तैयार किए गए हैं। साथ ही मतदान केंद्रों में मतदान दलों के रुकने और एवं अन्य व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की गई है। सभी मतदान दलों में एक पीठासीन अधिकारी सहित मतदान अधिकारी क्रमांक एक, दो और तीन के अलावा एक-एक आंगबाड़ी कार्यकर्ता, सुरक्षाकर्मी और कोटवारों की ड्यूटी भी लगाई गई है। मतदान कल सुबह पौने सात बजे से अपराह्न दो बजे के बीच दुर्गूकोंदल की 44 ग्राम पंचायतों में होगा तथा मतदान के तुरंत बाद मतगणना होगी।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 14-नवम्बर-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी मोहम्मद मुस्तफा अंसारी (ऋणी), श्रीमती सलमा बेगम (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001070428625236, से नोटिस में वर्णित राशि 5,30,393/- (पांच लाख तीस हजार तीन सौ तिरानवे रुपये मात्र) कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।
ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 14 माह फरवरी वर्ष 2025 को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये 5,30,393/- (पांच लाख तीस हजार तीन सौ तिरानवे रुपये मात्र) 12-नवम्बर-24 तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।
ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

स्थावर सम्पत्ति का विवरण

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित संपति स्थित खसरा नं. 1403-1648, नालंदा विद्यालय के पास, भिलाई, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 800 वर्ग फीट जो कि श्रीमती सलमा बेगम के स्वामित्व में है।

दिनांक : 14 फरवरी 2025
स्थान : दुर्ग, छत्तीसगढ
प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# ड्रोन सर्वे से शहरवासियों की सम्पत्तियों का रिकॉर्ड होगा दुरूस्त, सम्पत्ति विवाद भी जल्दी निपटेंगे

## केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने नक्शा परियोजना का किया वर्चुअल शुभारंभ, धमतरी शहर के नवनिर्वाचित महापौर सहित जनप्रतिनिधि-अधिकारी भी हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह ने मध्यप्रदेश के रायसेन से नक्शा परियोजना का शुभारंभ किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि नक्शा परियोजना से शहरी क्षेत्रों में सम्पत्तियों और भूमि का ड्रोन से सर्वे कर सटिक रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा। इससे शहरों के पूरे रिकॉर्ड ऑनलाईन उपलब्ध होंगे। शहरों में भूमि प्रबंधन सुधरेगा और सम्पत्तियों के स्वामित्व से जुड़ी समस्याओं का त्वरित निराकरण भी हो सकेगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ चन्द्रशेखर पेमासानी भी मौजूद रहे। धमतरी के पुरानी मंडी में आयोजित इस वर्चुअल कार्यक्रम में स्थानीय स्तर पर नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा, कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी सहित नवनिर्वाचित पार्षद और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल हुए।




### नक्शा परियोजना में धमतरी सहित राज्य के तीन शहर शामिल

भारत सरकार की यह महत्वपूर्ण परियोजना देश के 26 राज्यों और तीन केन्द्र शासित प्रदेशों के 141 जिले के 152 शहरों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू की गई है। छत्तीसगढ़ राज्य से इस परियोजना के लिए धमतरी, जगदलपुर और अम्बिकापुर नगरीय निकायों का चयन किया गया है। धमतरी नगरनिगम क्षेत्र सहित लगभग साढ़े 23 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र का ड्रोन सर्वे किया जाएगा। धमतरी शहरी क्षेत्र में शामिल गोकुलपुर, सोरिदभाट, बठेना और हटकेश्वर में भी हवाई सर्वे किया जाएगा।

### ऐसे होगा सर्वे का काम

धमतरी नगर निगम क्षेत्र का सबसे पहले चरण में ड्रोन से हवाई सर्वे कर ड्रोन से फोटो और वीडियो डेटा के रूप में संग्रहित किए जाएंगे। ड्रोन में लगे 2 डी नादिर कैमरा और ऑब्लिक एंगल कैमरा से विभिन्न कोणों से भवनों और अन्य संरचनाओं की फोटोग्राफी की जाएगी। निडार सेंसर कैमरे से पहाड़ी और अन्य दुर्गम क्षेत्रों की उन्नत 3 डी तकनीक वाली सटिक फोटोग्राफी होगी। दूसरे चरण में हवाई सर्वे के आंकड़ों का राजस्व एवं नगर निगम के अमले द्वारा जमीन पर भौतिक सत्यापन किया जाएगा। तीसरे चरण में लोगों से दावा-आपत्तियां आमंत्रित कर उनके निराकरण के बाद सभी को उनकी सम्पत्तियों का अर्बन प्रॉपर्टी कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। इस प्रकार संग्रहित सम्पूर्ण डेटा और सम्पत्तियां नक्शा पोर्टल पर भी ऑनलाईन उपलब्ध रहेंगी, जिन्हें आमजन अपने उपयोग के अनुसार समय-समय पर पोर्टल से ऑनलाईन प्राप्त कर सकेंगे।

### शहरों के विकास में मिलेगा सहायता, स्वामित्व विवाद भी जल्द ही निपटेंगे

नक्शा परियोजना के तहत धमतरी नगरीय क्षेत्र में भूमि के रिकॉर्ड ऑनलाईन हो जाने से भविष्य में शहर के विकास के लिए योजनाएं बनाने में सहायता मिलेगी। इसके साथ ही पुराने और अधूरे रिकॉर्डों में सुधार होकर सरकारी दस्तावेजों और वास्तविक स्वामित्व में भी सुधार होगा। अतिक्रमण एवं वास्तविक भू-स्वामियों के बीच विवाद होने पर पूरी तरह सही और पारदर्शी अभिलेख ऑनलाईन पोर्टल पर सभी की पहुंच में रहेंगे। इससे स्वामित्व विवादों को निपटाने में तेजी आएगी। इसके साथ ही शहर की भूमि और सम्पत्तियों का सटिक रिकॉर्ड होने से आपदा प्रबंधनए शहरी भू प्रबंधन और कई प्रकार के कर निर्धारणों में भी आसानी होगी।

### जनप्रतिनिधि व अधिकारियों के समक्ष ड्रोन प्रदर्शन कर ली गई डिजीटल तस्वीर

नक्शा परियोजना के तहत स्थानीय पुरानी कृषि उपज मंडी परिसर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के समक्ष ड्रोन प्रदर्शन कर शहर के ऊपर 10 मिनट तक उड़ाया गया और उसकी 3 डी तस्वीर को नवनिर्वाचित महापौर रामू रोहरा, जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सुश्री गांधी और अधिकारियों ने लैपटॉप पर अवलोकन किया। इस अवसर पर महापौर श्री रोहरा ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि नक्शा परियोजना के तहत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर धमतरी जिले को शामिल किया गया है। उन्होंने डिजीटल तकनीक के जरिए शहर का नक्शा तैयार करने संबंधी जानकारी ली। रोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप देश में डिजीटल क्रांति की शुरूआत हो गई है। अब हमारे पास हमारी सम्पत्ति का डिजीटल रिकॉर्ड रहेगा। जहां एक ओर भूमि विवादों में कमी आएगी, वहीं अनावश्यक लगने वाली मेहनत व धन की भी बचत होगी। इस मौके पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित थे।

### देहरादून में 7 दिन का प्रशिक्षण लेंगे नोडल अधिकारी

नक्शा परियोजना के सर्वे और अन्य कामों के लिए धमतरी जिले में 12 दल बनाए गए हैए जिसका नोडल राजस्व विभाग और नगरनिगम को बनाया गया है। साथ ही इसके सुचारू क्रियान्वयन के लिए अधीक्षक, भू-अभिलेख शाखा दीपचंद भारती को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नोडल अधिकारी भारती देहरादून में 7 दिन का प्रशिक्षण लेकर इसकी विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे और धमतरी जिले में इसका क्रियान्वयन करेंगे।

# कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों का मेंटर स्कूल करेंगे सहयोग, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित 6 प्राचार्यो को नोटिस जारी करने के निर्देश



पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी ने 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के सबंध में प्राचार्यो की ऑनलाइन बैठक ली। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में जिले का बेहतर प्रदर्शन के लिए कम समय में अधिक प्रयास करने प्रचार्यो को निर्देशित किया। उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षा में जिन स्कूलों का प्रदर्शन कमजोर रहा उन स्कूलों की स्थिति बोर्ड परीक्षा में बेहतर करने के लिए अच्छे प्रदर्शन करने वाले स्कूल को मेंटर निर्धारित करने कहा और मेंटर स्कूल के शिक्षक कमजोर प्रदर्शन वाले स्कूलों आवश्यक सहयोग व छात्रों को मार्गदर्शन देने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने प्री बोर्ड परीक्षा में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद बोर्ड परीक्षा की तैयारी में लापरवाही बरतने के कारण सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिमगा, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय औरेठी, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय खपराडीह, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जांगड़ा, शासकीय बहु उद्देशीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय करमदा के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर नें कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा में एक या दो विषय में फेल होने वाले विद्यार्थियों पर ज़्यदा ध्यान देकर बोर्ड परीक्षा में पास होने लायक तैयारी कराएं। रिमेडियल क्लास में बच्चों की शांकाओ को दूर करें। उन्होंने कहा कि प्राचार्यो के लिए कसौटी है कि अपने स्कूल में कितने छात्र बेहतर नंबर में पास हो रहे है और कितने फेल हो रहे हैं। बेहतर परिणाम लाने के लिए स्कूल स्तर पर रणनीति बनाएं, छात्रों को मोबाइल में चैट जीपीटी का उपयोग कर विषय से सम्बंधित तैयारी करने में सहयोग कर सकते हैं। बताया गया कि प्री बोर्ड परीक्षा में सिमगा एवं भाटापारा विकासखंड के ज्यादातर स्कूलों का प्रदर्शन औसत रहा वहीं कसडोल एवं पलारी विकासखंड के स्कूलों का बेहतर परिणाम रहा। इस वर्ष 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा 1 मार्च 2025 से प्रारम्भ होने जा रहा है। बैठक जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित सहायक संचालक व जिला समन्वयक उपस्थित थे।

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावः धमतरी, कुरुद, भखारा, बिरेझर पुलिस ने किया पैदल फ्लेग मार्च

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com




जिले में चल रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में आदर्श आचार संहिता को मद्देनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कुरूद के नेतृत्व में कुरुद पुलिस की टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग एवं पैदल फ्लेग मार्च निकाला गया। पैदल फ्लेग मार्च में कुरूद भखारा बिरेझर सहित चिन्हित ग्रामों में फ्लेग मार्च किया गया। फ्लेग मार्च में थाना भखारा, थाना कुरूद, चौकी बिरेझर के पुलिस अधिकारी व जवान शामिल थे। आगामी चुनाव 2025 में आदर्श आचार संहिता के पालन करने सुरक्षा प्रबंध कड़े कर दिए गए है और जनता में विश्वास कायम करने और चुनावों को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के उद्देश्य से फ्लैग मार्च निकाला गया है। पुलिस के इस फ्लैग मार्च से असामाजिक तत्वों में भय पैदा हो और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास की भावना जागृत होगा। पैदल फ्लेग मार्च में एसडीओपी कुरूद रागिनी मिश्रा, थाना प्रभारी कुरुद निरी अरुण साहू, थाना प्रभारी भखारा निरी लेखराम ठाकुर, चौकी प्रभारी बिरेझर निरी चन्द्रकान्त साहू सहित पुलिस बलों की संयुक्त टीम बनाकर फ्लैग मार्च किया गया।

# शहर में नाली सफाई अभियान-आयुक्त के निर्देश पर प्रमुख मार्गों की नाली सफाई कार्य युद्ध स्तर पर

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल के निर्देशानुसार, शहर के मुख्य मार्गों की नालियों की सफाई का कार्य तीव्र गति से जारी है। स्वास्थ्य अधिकारी शशांक मिश्रा के नेतृत्व में सफाई विभाग के सभी कर्मचारी समर्पित होकर इस अभियान में जुटे हुए हैं, जिससे शहरवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण प्रदान किया जा सके। बुधवार को अर्जुनी चौक से बठेना चौक, विंध्यवासिनी मंदिर से लक्ष्मी निवास चौक तक, रत्नाबांधा चौक से अंबेडकर चौक तक, रत्नाबांधा चौक से गुप्ता हॉस्पिटल, सिहावा चौक से शांति कॉलोनी चौक, अंबेडकर चौक से श्रीराम हॉस्पिटल तक इन प्रमुख मार्गों पर नाली सफाई का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया।



### आयुक्त की नागरिकों से अपील

आयुक्त प्रिया गोयल ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सक्रिय सहयोग करें। उन्होंने विशेष रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया कि कचरा नालियों में न डालें-कचरे को नालियों में फेंकने से जलभराव और गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे बढ़ते हैं।

### कचरा इधर-उधर न फेंके

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलाने से शहर की सुंदरता प्रभावित होती है और स्वच्छता बनाए रखना कठिन हो जाता है। कचरा निगम के वाहनों में ही दें-निर्धारित समय पर आने वाले नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों में ही कचरा दें, ताकि उचित निपटान सुनिश्चित हो सके। आयुक्त ने चेतावनी दी है कि यदि कोई व्यक्ति कचरा इधर-उधर फेंकते या नालियों में डालते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा। यह कदम शहर की स्वच्छता और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए आवश्यक है।

गौरतलब है कि नगर निगम का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और आयुक्त प्रिया गोयल ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं, शहर की स्वच्छता और सुंदरता हम सभी की जिम्मेदारी है। आइए, मिलकर अपने शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर बनाएं।

# वार्ड क्रमांक 7 के पंच प्रत्याशी पद पर विजयी होने पर शिवप्रसाद साहू ने वार्डवासियों का आभार जताया




पायनियर संवाददाता ✓ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत नवागांव के वार्ड क्रमांक 7 के पंच प्रत्याशी शिव प्रसाद साहू विजयी हुये। उन्होंने वार्डवासियों का आभार जताया है। सिमगा ब्लॉक के जनपद पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नवागांव में वार्ड क्रमांक 7 के पंच पद से विजयी हुए शिवप्रसाद साहू ने कहा की मेरे वार्ड के मतदाताओं ने जो मेरे उपर विश्वास कर मुझे पंच पद में विजय दिलाया है। उन पर मै खरा उतरूंगा। वार्ड के विकाश के लिए मै हमेश अग्रसर रहुंगा। गांव के समस्त एवं वार्ड क्रमाक 7 के मतदाताओं के प्रति अभार वंदन कर कोटी कोटी प्रणाम करता हूँ। जो की वार्डवासियों ने मुक्षे पंच पद के लायक समक्षकर मुक्षे विजयश्री दिलाया है। मैं आप सभी के विश्वास में खरा उतरूंगा और मैने जो वादा आप लोगों से किया है, उसे पुरे मनोयोग बिना स्वार्थ व पक्षपात के पुरा करने में जी-जान लगा दूंगा। हमेशा आप लोगों का सहयोग ही मेरा संबल रहेगा। पुनः गांव एवं वार्ड के सभी मतदाता भाईयो-बहनों, शुभचिंतको, मित्रों एवं चुनाव मे अप्रत्यक्ष-प्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों के प्रति हृदय से अभार व्यक्त करता हूँ।

# श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर में स्थापित हुआ 31 फिट का महाकैलाश त्रिशूल

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर सेवा समिति के सदस्यों एवं शिव भक्तों के द्वारा मंदिर परिसर में मुख्य द्वार के पास 31 फिट विशालकाय महाकैलाश त्रिशूल की विधिविधान से पूजा पाठ कर स्थापना की गई। साथ ही प्रशादी वितरण किया गया। सेवा समिति के सदस्यों ने बताया कि मंदिर को लेकर शिव भक्तों में अटूट आस्था हैं जहां भक्तों द्वारा समय समय मे विभिन्न आयोजन होते रहते हैं। आगामी महाशिवरात्रि को लेकर बड़े आयोजन की रूपरेखा तैयार हैं। उसी तारतम्य में शिवरात्रि महाउत्सव का प्रारंभ 31 फिट का त्रिशूल भोलेनाथ को अर्पण कर किया गया। 23 फरवरी को शिव



बाबा एवं माता पार्वती के विवाहोत्सव प्रारंभ सगाई एवं मंडप 24 फरवरी को हल्दी, 25 फरवरी को मेहंदी व संगीत 26 फरवरी को सिद्धेश्वर नाथ महादेव जी का भव्य सेहरा श्रृंगार दर्शन व उज्जैन से आने वाली महाकाल की भव्य पालकी यात्रा बैंड बाजों व मनमोहक झांकी के साथ पुरानी मंडी हनुमान मंदिर प्रांगण से श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर टिम्बर भवन के सामने रायपुर रोड पहुँचेगी जहां भव्य उमा महेश स्वरूप भगवान के मनमोहक छवि की महाआरती भव्य आतिशबाजी के साथ की जायेगी। आयोजन को सफल बनाने सेवा समिति अध्यक्ष सुभाष शर्मा, संरक्षक चंद्रकांत त्रिवेदी, मदन शर्मा, विक्रांत शर्मा, महासचिव पीयूष पाण्डेय, कोषाध्यक्ष हरि भाई कटरिया, मंदिर पुजारी पंडित हर्ष तिवारी एवं बडी संख्या में शिव भक्तगण लगें हुए है।

# युवा नेता आनंद पवार के प्रभार क्षेत्र में जिला पंचायत सहित तीन जनपद सदस्यों ने की जीत दर्ज

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से युवा नेता आनंद पवार को प्रभारी बनाया गया था। अपने प्रभार क्षेत्र में सतत संपर्क साधते हुए और अपने अनुभव तथा सटीक रणनीति और प्रबंधन के बलबूते पवार ने कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत प्रत्याशी कविता योगेश बाबर सहित तीन जनपद सदस्यों ख़रतुली, लोहरसी से प्रकाश पवार, तरसीवा से



भारती चंद्रहास साहू और लिमतरा से ब्रजेश जगताप को जिताने में अपनी अहम भूमिका निभाई। अपने गृह ग्राम ख़रतुली के सरपंच प्रत्याशी उमेश नेताम ने रिकॉर्ड 474 वोटो से चुनाव जीता।

### तीसरे चरण का मतदान 23 फरवरी को जनपद पंचायत नगरी में

**धमतरी।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत तीसरे चरण का मतदान जनपद पंचायत नगरी में आगामी 23 फरवरी को होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन, नम्रता गांधी ने पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सदस्यों के मतदान के लिए मतदान सामग्रियों की जांच, मतपत्रों का मिलान, मतदान दलों को प्रशिक्षण देने, मतदान के दिन मतदान केन्द्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने और मतदान दलों को सकुशल ब्लॉक मुख्यालय लौटने के लिए अधिकारियों को नियुक्त किया है।

# रामू रोहरा की दूरदर्शी सोच और सृजनकारी रचनात्मक क्षमता पर सबका प्रगाढ़ विश्वास : दीपक सिंह ठाकुर

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



नगर निगम में मिली जीत के अवसर पर और एक कुशल नेतृत्व के संरक्षण में बड़ी संख्या के साथ स्थापित होने पर समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर एवं उनकी टीम ने रामू रोहरा एवं उनके पार्षदों को जीत की शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रामू रोहरा ने मुलाकात में बताया कि अब उनका पूरा समर्पण शहर के विकास की ओर लगातार बना रहेगा और आने वाले वर्षो में धमतरी शहर को विकास के नए नए आयाम देखने को मिलेंगे। उनका प्रयास शहर को एक नया स्वरूप देने और लगातार विकास की ओर पूरी टीम भावना के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का है। सबका साथ और सबका विकास इसी भावना के साथ शहर विकास में पूरे समर्पित भाव से कार्य करने की बात श्री रोहरा ने बताया और कहा कि शहर की पूरी भौगोलिक स्थिति को समझते हुए अनेकों नए रास्तों का निर्माण किया जाएगा जिससे आम जनता को आवागमन में सुविधाएं मिलेंगी। उपरोक्त अवसर पर पिंकी सोनी, सिमरन, निलेश लूनिया, अखिलेश सोनकर, दयाराम साहू, कविंद्र जैन, गोपाल साहू, चिराग साहू, हिमांशु साहू उपस्थित थे।

## भाजपा अधिकृत प्रत्याशी नवीन मिश्रा के प्रचार प्रसार में

# गौरीशंकर अग्रवाल कोहरौद में मतदाताओं से मांगा आर्शीवाद

पायनियर संवाददाता ✓ लवन
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 में प्रत्याशियों का सघन जनसम्पर्क जोर शोर से जारी है।इसी बीच में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी नवीन मिश्रा के प्रचार प्रसार में सहयोग करने के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ की लोकगायिका आरु साहू भी कोहरौद पहुँचकर लोगों को संबोधित करते हुए दिखे। अग्रवाल ने नवीन मिश्रा को भारी मतों से जिताकर क्षेत्र के विकास में योगदान देने की बात कहा, अग्रवाल ने जनता से कहा कि वर्तमान में भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता के हित में काम कर रही है जिला पंचायत में भाजपा अधिकृत प्रत्याशी को जिताकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाने में हर व्यक्ति को सार्थक पहल करने की जरूरत है। केंद्र में भाजपा, छत्तीसगढ़ में भाजपा नगरीय निकायों में भाजपा है तो ग्रामीण सरकार भी भाजपा अधिकृत प्रत्याशी चुनकर आएगा तो सबसे तेजी से विकास होना तय है। इसलिए किसी भी रेत माफिया या उदासीन पूर्व




जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधियो के झांसे में नहीं आना है नहीं किसी रेत माफियाओं को अपनी कीमती वोट देकर बेकार करने की बात कहा, अपने मताधिकार के प्रयोग से योग्य और विकास वादी सोच वाला प्रत्याशी की चयन करने की अपील उपस्थित भीड़ से कहा गया। नवीन मिश्रा का प्रचार प्रसार जोरो से जारी है अन्य प्रत्याशियों की नींद उड़ी हुई है। नवीन मिश्रा अपनी गाड़ी छाप के पहिए के साथ गांव गॉव डोर टू डोर जनता जनार्दन से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए खूब पसीना बहा रहे हैं।नवीन मिश्रा नाम के सुनामी के सामने किसी का टिक पाना मुश्किल होता हुआ दिख रहा है। आपको यह भी बात बताना जरूरी है कि नवीन मिश्रा के प्रचार प्रसार का कमान छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिकी में मशहूर आरु साहू भी अपनी प्रोग्राम प्रस्तुति के माध्यम से जनता से नवीन मिश्रा को भारी मतों से जिताने की अपील कार्यक्रम आयोजित गॉव में कर रही है।

# कलेक्टर ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने मतदान दलों को किया प्रोत्साहित

## जनपद पंचायत कसडोल निर्वाचन क्षेत्र में मतदान आज, सामग्री के साथ केंद्रों के लिए रवाना हुए मतदान दल

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत द्वितीय चरण में जिले के विकासखंड कसडोल अंतर्गत 293 मतदान केंद्रों में गुरुवार 20 फरवरी 2025 को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने मतदान सामग्री वितरण स्थल स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय कसडोल पहुंचकर सामग्री वितरण क़ा जायजा लिया। उन्होंने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शितापूर्ण मतदान एवं मतगणना संपन्न कराने मतदान दलों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होने मतदान दलों के लिए विश्राम एवं भोजन की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। वितरण केंद्र से मतदान सामग्री प्राप्त करने एवं सामग्रियों का मिलान करने के उपरांत मतदान दल निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए वाहन से रवाना हुए।मतदान प्रातः 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मत पत्र से होगी। मतदान के लिए लगभग 1200 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत कसडोल



अंतर्गत 293 मतदान केंद्रों में 179600 मतदाता जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच चुनने मतदान करेंगे। मतदाताओं में 89767 पुरुष, 89832 महिला एवं 1 अन्य शामिल हैं। पंच पद के 763, सरपंच के 111, जनपद सदस्य के 25 एवं जिला पंचायत सदस्य के 4 पदों के लिए मतदान होगा। पंच पद के लिए 1741, सरपंच के लिए431, जनपद सदस्य के लिए 123 एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए 29 अभ्यर्थी चुनाव लड़ रहे है।

### संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्यवेक्षक नियुक्त

संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील 37 मतदान केंद्रों में पर्यवेक्षण कार्य के लिए एक -एक पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं जो आवंटित केंद्र में सुचारु रूप से मतगणना कार्य संपन्न कराएंगे। इसमें मतदान केंद्र साबर, छेछर,सर्वा, भदरा,झबड़ी, खैरा क, बलौदा, गिधोरी, खपरीडीह, खपराडीह, मोहतरा ह, हसुवा, कटगी, सेल, छाँछी,छरछेद,मड़वा, मटिया, बरेली, सुकली, गिररौद,दर्रा म, बैगनडबरी, पटपुरा, अर्जुनी ब, बल्दाकछार, राजादेवरी, बिलारी ज़, कुरमाझर, थरगांव, बार, मुरुमडीह, बड़गांव, बया, चांदन, छतवन, रिकोकला शामिल हैं।

# जिला अधिवक्ता संघ कोरबा ने सचिव व नवनिर्वाचित पार्षद नूतन सिंह का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < कोरबा
www.dailypioneer.com




जिला अधिवक्ता संघ कोरबा द्वारा जिला न्यायालय परिसर कोरबा में जिला अधिवक्ता संघ कोरबा के सचिव व नवनिर्वाचित पार्षद नूतन सिंह सहित अधिवक्ता संघ से संबद्ध पार्षद व पंचायत पदाधिकारियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू सहित सभी न्यायाधीश अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। नगर पालिका निगम कोरबा चुनाव में कुल 03 अधिवक्ता पार्षद चुनाव जीतने में कामयाब रहे। पुरानी बस्ती कोरबा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में नूतन सिंह 743 मतों के भारी अंतर से चुनाव जीता। धनुहारपारा से भाजपा प्रत्याशी धनश्री साहू ने चुनाव जीता, वही रविशंकर शुक्ल नगर से अब्दुल रहमान निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में तीसरे बार चुनाव जीतकर पार्षद बने हैं। तीनों अधिवक्ता पार्षदो के साथ पंचायत चुनाव में निर्वाचित पंच पोहर पांडे व रामकुमार यादव का जिला अधिवक्ता संघ कोरबा द्वारा अधिवक्ता भवन में सम्मान समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू ने निर्वाचित अधिवक्ताओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा आशा जताई कि न्यायालय परिसर में सुविधाओ के विकास में संघ के सचिव नूतन सिंह सहित अन्य पार्षदो का सहयोग मिलेगा। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष गणेश कुलदीप ने सचिव नूतन सिंह सहित अब्दुल रहमान, धनश्री साहू के विजय को अधिवक्ता संघ के लिए सम्मान की बात कही। तीन अधिवक्ताओं के निगम पहुंचने पर अधिवक्ता भवन में रुके कार्यो को गति मिलेगी। स्वागत एवं सम्मान समारोह में जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार साहू, अपर जिला न्यायाधीश जयदीप गर्ग, ममता भोजवानी, सुनील कुमार नंदे, सीमा चंद्राकर सहित सभी न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। अधिवक्ता संघ कोरबा के अध्यक्ष गणेश कुलदीप, शिव कंवर, अमरनाथ कौशिक, राजकुमार यादव, राजू देवांगन, रोमेश सिंह, ज्योति वर्मा, रीता पुलस्त, बीके शुक्ल, सुरेन्द्र पुरोहित, गोपी कौशिक, बद्री मोदी, आशीष वर्मा, श्यामल मलिक, अखिलेश पांडे, रवि शर्मा, रमन साहू, महेन्द्र चंदेल सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष अनीश सक्सेना ने किया।

# शौचालय मरम्मत के लिए आयुक्त ने बनवाई चेक लिस्ट

पायनियर संवाददाता < रिसाली
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक शुलभ शौचालय के मरम्मत कार्य पर आयुक्त मोनिका वर्मा गंभीर है। उन्होंने घनी आबादी के बीच संचालित शौचालय के मरम्मत को ठीक से कराने चेक लिस्ट तैयार करने के निर्देश दिए है। आयुक्त ने सख्त लहजे में कहा है कि मरम्मत कार्य की जगह लीपा पोती होने पर निरीक्षणकर्ता जिम्मेदार होगा। आयुक्त मोनिका वर्मा वार्ड 32 स्थित शौचालय मरम्मत कार्य का निरीक्षण की। इस दौरान आयुक्त ने टॉयलेट शीट को क्रेक देख नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने मौके पर जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शौचालय मरम्मत कार्य का सुपरवाइजर चेक लिस्ट लेकर निरीक्षण करे। बाद में हस्ताक्षर कर चेक लिस्ट सब इंजीनियर को पुनः निरीक्षण करने दे। इसके बाद ही वे समीक्षा करेंगी।

### अतिक्रमण देख भड़की

वार्ड 32 मॉर्निंग विजिट के दौरान आयुक्त ने सफाई व्यवस्था के साथ शौचालय की स्थिति देखने पहुंची। इस दौरान शौचालय के बगल खाली जमीन पर अतिक्रमण होते देख नाराजगी जाहिर की। उन्होंने तत्काल बेदखली अभियान चलाने के निर्देश दिए।

### एक दिन का कटा वेतन

शहर को स्वच्छ रखने और गीला-सूखा कचरा अलग कर स्वच्छता मित्र को देने आयुक्त ने निगम कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। मॉर्निंग विजिट का निरीक्षण करते आयुक्त ने नदारद रहने वाले कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने निर्देश दी है। नदारद रहने वाले कर्मचारियों में जतिन बारले, आदित्य शर्मा, देवेन्द्र पुरैना, बिसौहा राम, विद्या भूषण, संतोष साहू, कुसुमलता, टेकराम हरिन्द्रवार, विवेक रंगनाथ, बृजेश कुमार, नोमिश तिवारी, मोहन यादव शामिल है।

### चेक लिस्ट में ये बिन्दू

- टाइल्स की स्थिति
- टॉयलेट शीट की स्थिति
- केयर टेकर की उपलब्ध
- पानी पाइप लाइन की स्थिति
- दरवाजों की स्थिति
- फ्लोर की स्थिति
- दीवार की स्थिति
- रंग रोंगन की स्थिति

# जिले में द्वितीय चरण के अंतर्गत पाटन विकास खण्ड में गुरूवार 20 फरवरी को होगा मतदान

## पाटन के 108 पंचायत अंतर्गत 294 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल रवाना

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के पाटन विकासखण्ड में द्वितीय चरण का मतदान गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के दिशा-निर्देशन में दुर्ग जिले में द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है। गुरूवार 20 फरवरी को होने वाले द्वितीय चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को बुधवार 19 फरवरी को सुबह सामग्री वितरण केन्द्र स्वामी आत्मानंद स्कूल (कन्या) पाटन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी। पाटन विकासखण्ड में गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान हेतु कुल 294 मतदान केन्द्र बनाए गए है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इन सभी मतदान केन्द्रों में सुबह 07 से दोपहर 03 बजे तक मतदान संपन्न किया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात् पीठासीन अधिकारी के मार्गदर्शन में मतदान अधिकारियों के द्वारा मतगणना की जाएगी। द्वितीय चरण में पंच-सरपंच के अलावा 25 जनपद पंचायत सदस्य और 4 जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव संपन्न होगा।

# भारती विश्वविद्यालय का कोनारी एवं पीसेगांव में अंधविश्वास उन्मूलन अभियान

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा गोदग्रामों में अंधविश्वास उन्मूलन अभियान चलाया गया जिसके अंतर्गत गोदग्राम प्रेसगांव में जानचौपाल लगाकर ग्रामीणों को अंधविश्वास, भूत-प्रेत, जादू-टोना, तंत्र-मंत्र आदि के प्रति तर्कशील एवं वैज्ञानिक विचारधारा का प्रयोग करते हुए, इसके जाल में न फंसने एवं ग्रामीण समाज को सतर्क एवं जागरूक करने हेतु उनसे सहयोग मांगा गया। इस संदर्भ में ग्राम पीसेगांव ग्राम सचिव रश्मि सिंह राजपूत के साथ पंचायत भवन में बैठक का भी आयोजन किया गया। गोदग्राम कोनारी के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों हेतु अंधविश्वास उन्मूलन पर विशेष व्याख्यान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी एवं गोदग्राम समन्वयक डॉ. स्नेह कुमार मेश्राम द्वारा समस्त प्रकार के अंधविश्वासों के प्रति सतर्क रहने तथा इनके अंधानुकरण से बचने की सीख दी गई। बच्चों को तर्क बुद्धिवाद एवं वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य के महत्व को समझाया गया जिससे वे अंधविश्वास के चंगुल में न फंसे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित हुए।

कायक्रम के आयोजन में शासकीय माध्यमिक विद्यालय कोनारी के प्रधानाचार्य के. एस. देवांगन, रॉलिक बेंजामिन दास, स्वयंसेवक कोनाल सेन एवं लोकेंद्र मारकंडे आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

# कलेक्टर ने रामचंद्रपुर विकासखंड के स्कूलों का किया दौरा



पायनियर संवाददाता < रामानुजगंज
www.dailypioneer.com

विकासखंड रामचंद्रपुर अंतर्गत ग्राम त्रिशूली के पूर्व माध्यमिक शाला खजुवाहीपारा का निरीक्षण कर कलेक्टर राजेंद्र कटारा एवं पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में साफ-सफाई व्यवस्था के बारे में निरीक्षण कर छात्रों से संवाद करते हुए उनकी पढ़ाई से संबंधित प्रश्न भी पूछा गया। और बच्चों से उनके अंतर इच्छा जानने की प्रयास भी की गई तो बच्चों ने कहा कि वह डॉक्टर शिक्षक एवं पुलिस बनना चाहते हैं। तत्पश्चात कलेक्टर ने प्रधान पाठक से स्कूल में बच्चों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी लेते हुए बेहतर शिक्षा प्रदान करने की बात कही। उन्होंने मध्यान भोजन का अवलोकन करते हुए कहा कि शासन के निर्धारित मीनू के अनुसार ही सभी बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाना सुनिश्चित करें। तत्पश्चात उन्होंने ग्राम पंचायत पचावल के पांगन नदी पर बन रहे उच्चस्तरीय पुल का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये।

# छत्तीसगढ़ बालकोष हेतु दान दाताओं से अनुदान, अंशदान प्राप्त करने प्रावधान

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख व संरक्षण) अधिनियम 2015 तथा संशोधित 2021 की धारा 105 एवं नियम 2016 यथा संशोधित 2022 के नियम 83 के तहत इस अधिनियम और इन नियमों के अधीन आने वाले बालकों के कल्याण एवं पुनर्वास के लिए किशोर न्याय निधि के प्रावधान अनुसार राज्य में बच्चों के सर्वोत्तम हित में छत्तीसगढ़ बाल कोष का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ बाल कोष के क्रियान्वयन दिशा निर्देश 2022 के कंडिका 4 में छत्तीसगढ़ बाल कोष के सृजन हेतु दान अनुदान, अंशदान, आय के स्त्रोत का विवरण दिया गया है, जिसके अनुसार दान दाताओं से निम्नानुसार दान, अनुदान, अंशदान प्राप्त करने का प्रावधान है। कंडिका 4.1 में किसी व्यक्ति या समूह या संस्था (जिसमें स्वयंसेवी संस्था, संगठन, गैर सरकारी संस्था, ट्रस्ट आदि) या कॉर्पोरेट्स (निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व द्वारा स्वैच्छिक रूप से दिया गया दान, अंशदान अनुदान। कंडिका 4.2 उद्योगपतियों, प्रबुद्ध व्यक्तियों, सरकारी, गैर सरकारी कार्मिकों एवं व्यापारियों द्वारा स्वैच्छिक दान, अंशदान अनुदान शामिल है। राज्य शासन के निर्देशानुसार बच्चों के सर्वोत्तम हित में दान, अनुदान, अंशदान प्राप्त करने हेतु राज्य स्तर पर आईसीआईसी बैंक में खाता संख्या 251501000259, आईएफएसआई संख्या ICICI 0002515 का संचालन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ बालकोष में अधिक से अधिक दान, अनुदान, अंशदान करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग पांच बिल्डिंग परिसर जिला दुर्ग फोन नं. 0788-2213363 एवं 2323704 में संपर्क किया जा सकता है।

# आबकारी विभाग दुर्ग ने जप्त की एम.पी. की मदिरा, 2 आरोपी गिरफ्तार एवं 02 वाहन जप्त

- 591 बल्क लीटर अवैध शराब जप्त कर आबकारी विभाग दुर्ग ने की बड़ी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार उपायुक्त आबकारी जी.के भगत व प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी सी.आर. साहू के मार्गदर्शन में 17 फरवरी 2025 को रात्रि गश्त के दौरान आबकारी विभाग दुर्ग के द्वारा ग्राम नंदिनी खुन्दिनी, थाना नन्दिनी नगर में अवैध शराब के परिवहन की सूचना पर त्वरित एवं विधिवत कार्यवाही कर 2 आरोपी राजकुमार सिंह पिता जोगेंदर सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी-जुनवानी थाना सुपेला जिला दुर्ग के आधिपत्य से एक सफेद रंग सेवरलेट बिट कार वाहन क्र. सीजी 04 केव्ही 7060 के पिछली सीट पर रखा 29 नग पेटी प्रत्येक पेटी में 48 नग पाव, कुल 1392 नग पाव रॉयल ब्लू व्हिस्की राज्य गोवा निर्मित विदेशी मदिरा जप्त किया गया। इसीप्रकार रंजीत सिंह पिता ओंकार सिंह उम्र 34 वर्ष निवासी - कैंप 1 आदर्श नगर थाना- छावनी के अधिपत्य के ग्रे रंग के आल्टो कार क्रमांक सीजी 07 एमए 9418 के सीट व डिग्गी में रखा 29 पेटी प्रत्येक पेटी में 48 नग पाव कुल 1392 नग पाव रॉयल ब्लू माल्ट व्हिस्की विदेशी मदिरा जप्त किया गया। कुल मदिरा 2784 नग पाव (58 पेटी), जिसकी कुल मात्रा 591.12 बल्क लीटर व बाज़ार मूल्य 361920 रूपये का शराब एवं उपरोक्त 2 वाहन (बाज़ार मूल्य क्रमशः 350000 रूपये व 300000 रूपये) (जप्त सामग्री का कुल बाज़ार मूल्य 10,11,920 रूपये) जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 36 के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर आबकारी उप निरीक्षक भूपेन्द्र कुमार नेताम द्वारा आरोपियों को जेल दाखिल कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी निर्मला ठाकुर, सुप्रिया शर्मा, धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर, आबकारी उप निरीक्षक अरविंद साहू, हरीश पटेल, प्रियंक ठाकुर, गीतांजलि तारम, भोजराम आबकारी मुख्य आरक्षक प्रहलाद सिंह राजपूत, आरक्षक संदीप तिर्की, वाहन चालक दुर्गेश कुर्रे, नोहर साहू, धनराज का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नगर निगम भिलाई के सभी सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय हो रहे अधिक व्यवस्थित




पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रं. 03 क्षेत्र में शौचालयों का संधारण कार्य कराया जा रहा है। जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय सुबह सभी क्षेत्रों में दौरा कर रहे हैं। उनके साथ जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य अधिकारी, संधारणकर्ता एजेंसी और जोन के अभियंताओं का साथ रहना आवश्यक रहता है। वार्ड 30 प्रगति नगर, वार्ड 31 मदर टेरेसा नगर व स्टील नगर, वार्ड 32 बैकुण्ठधाम, वार्ड 33 संतोषी पारा एवं वार्ड 37 सुभाषचंद्र बोस सब्जी मंडी का निरीक्षण किये एवं शौचालय संधारण की प्रगति, गुणवत्ता का जांच किये। संधारणकर्ता एजेंसी को निर्देशित किये की शौचालय संधारण कार्य जल्द ही पूर्ण करें। जिससे क्षेत्र के नागरिको को शौचालय उपयोग करने की सुविधा शीध्र ही दिया जा सके। इसी तारतम्य में जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर क्षेत्र के सी-मार्ट के समीप बने सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण किये। वहां की साफ-सफाई, बिजली, पानी व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए एजेंसी को निर्देशित किये। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किये की शौचालय के आंगन में गमला रखने एवं खेल सामग्री का संधारण कराकर बच्चो के खलने व झुलने हेतु व्यस्था बनाये। इसी प्रकार वार्ड क्रं. 50 सामुदायिक सुलभ शौचालय का भी निरीक्षण किये एवं शौचालय के बागल में स्थित शास्त्री नगर में बाबा बालकनाथ सरोवर को देखे और साफ -सफाई कराने हेतु निर्देशित किये। तालाब का पानी सूखने की स्थिति में है, जिसमें बोर की व्यवस्था हो सके तो उसे शीध्र कराने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त सतीश यादव, अमरनाथ दुबे, सहायक अभियंता प्रिया करसे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उपअभियंता नितेश मेश्राम, सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन, बालकृष्ण नायडू, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, पीआईयू अभिनव ठोकने आदि उपस्थित रहे।

## अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल तथा श्रीमद् भागवत सेवा समिति चिरमिरी की ओर से आयोजित है 07 दिवसीय भागवत कथा

# भक्ति रस की ऐसी बजी धुन की डूब गए भक्त श्याम, भक्त श्याम के कंधे में भगवान श्याम

पायनियर संवाददाता < मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



अप्रवासी भारतीय चंद्रकांत पटेल एवं परिवार तथा श्रीमद् भागवत सेवा समिति चिरमिरी की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में आचार्य मृदुल कृष्ण गोस्वामी ने भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया, जिसमें पूतना का वध और गोवर्धन पूजा का प्रसंग शामिल था। कथा में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री भाजपा- रामप्रताप सिंह, योग आयोग के अध्यक्ष- संजय अग्रवाल ,महापौर- रामनरेश राय सहित अन्य उपस्थित रहे कथा में भजन के दौरान स्वास्थ्य मंत्री पत्नी सहित जमकर थिरके। जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहीं से प्रारम्भ होती है-आचार्य मृदुल कृष्ण शास्त्री-मानव योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती। यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इन्सान है, यानी सुदृढ मानवता की श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा कार्य में रत है। क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है।

**संसार जड़ है तो चेतन परमात्मा-** आचार्य श्री मृदुल कृष्ण गोस्वामी महाराज जी ने कहा कि संसार की क्रिया से मन हटाकर यदि हम परमात्मा में लगा देते हैं तो वहीं परमात्मा में मिलन होता है हमारा मन चाबी की तरह है संसार की ओर मन घुमा दिया तो बंधन वही संसार के कर्तव्यों को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करते हुए परमात्मा के चरणों में लगा दिया तो यही मन मोक्ष का द्वार है आनंद नंद के घर में ही पैदा होता है जीवन की समग्रता ही कृष्ण है व्यक्ति सुख बटोरता है तथा आनंद को लूटता है।

**प्रेम और भक्ति से ही भगवान प्रसन्न होते हैं-आचार्य शास्त्री जी**-महाराज श्री ने वृंदावन की सुंदर कथाओं का वर्णन किया। बकासुर, अघासुर आदि दैत्यों का उद्धार, कालिया मर्दन के बाद गोवर्धन धारण कर भगवान ब्रज वासियों की रक्षा की। अंत में कथा से सीख लेते हुए श्रोताओं से अपने जीवन को धन्य बनाने के लिए आह्वान किया। आचार्य ने ममतामयी लीलाओं के माध्यम से भक्तों को यह संदेश दिए कि भगवान प्रेम और भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं।प्रेम की भाषा बोलिये जिसे बहरे भी सुन सकते हैं और गूंगे भी समझ सकते है। कृष्ण की बाल लीलाएं यह बताती हैं कि ईश्वर अपने भक्तों के साथ सदा निकट रहते हैं और प्रेम से उनके जीवन में सम्मिलित रहते हैं। श्रोताओं ने बालकृष्ण लीला का आनंद लिया और भक्ति में लीन होकर जयकारे लगाए । हर तरफ जय कन्हैया लाल के जयघोष की गूंज सुनाई दी। भजन-कीर्तन का दौर भी चला, इस बीच पूरा माहौल भक्ति में डूबा रहा।

# क्षेत्र के तीनों जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों की बल्ले-बल्ले

**सरायपाली।** नगरीय निकाय चुनाव की ही तरह भाजपा 17 फरवरी को जिले सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में आने वाले के तीन जिला पंचायत क्षेत्रों त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए चुनाव में अपना परचम लहराते नजर आ रही है। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13, 14 एवं 15 के लिए हुई मतदान के बाद देर रात प्रत्याशियों द्वारा आंकड़ों की माने तो इन तीनों जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांकों में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी जीत दर्ज करते दिखाई दे रहे हैं। बताया जाता है कि इन मतगणना के आंकड़ों के सामने आने के बाद भाजपा अधिकृत प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह और जोश दिखाई दे रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि महासमुंद जिले सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में 17 फरवरी को त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13,14 एवं 15 के लिए मतदान किया गया। इस बार भाजपा ने जहां जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से कुमारी धने श्वर भास्कर, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से प्रमोद सागर, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 15 से मोंगरा किशन लाल पटेल को प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक जीत दर्ज कर चुके प्रत्याशियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय भाजपा के कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, भाजपा सरकार की नीति, रीति, जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्र के मतदाताओं के विश्वास व भरोसे को दिया है।


**मांग सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के अंतर्गत, उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड– (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किए हैं– उधारकर्ता(ओं) को जारी किए गए संबधित डिमांड नोटिस (नोटिस) में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, एतद्‌द्वारा एक बार फिर उधारकर्ता(ओं) को इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जाता है, नीचे दी गई राशि, मांग नोटिस की तारीख से भुगतान की तारीख तक आगे ब्याज के साथ, उधारकर्ता(ओं) का विवरण, मांग सूचना की तारीख को देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान हेतु दी गई सुरक्षित विवरण निम्नानुसार है:–

| कर्जदार/गारंटर का नाम | मांग सूचना की तिथि एवं राशि | सुरक्षित आस्तियों का विवरण (अचल सम्पत्ति) |
|---|---|---|
| श्री जलधर सोनी, श्री समारू सोनी, श्रीमती हंसनी सोनी (प्रोस्पेक्ट नं. 885480) | 18.02.2025 रू. 501652.00/– (रुपये पांच लाख एक हजार छह सौ बावन मात्र) | संपत्ति के सभी अंश और हिस्से : प्लॉट नंबर एल–16, खसरा नंबर 793 का हिस्सा, स्वास्तिक स्मार्ट सिटी ग्रामपरसदा, पी.एच.एन.59, आर.एन.एम.भिलाई–03, तहसील–पाटन, दुर्ग, 491001, छत्तीसगढ़, भारत, क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्र: 591.00 |
| श्री गगन दीप सिंह सोल, श्री गुर चैन सिंह, श्रीमती जुगिन्दर कौर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10145019) | 18.02.2025 रू. 459468.00/– (रुपये चार लाख उनसठ हजार चार सौ अड़सठ मात्र) | संपत्ति के सभी अंश और हिस्से : फ्लैट संख्या–आर–212 प्रथम तल आरडीए डॉ. श्यामा प्रसाद आवास योजना ख.सं.238/10 – पीएच नं. 103 ग्राम–हीरापुर – रायपुर – रायपुर – छत्तीसगढ़ – 492001, क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: सुपर_बिल्ट_अप_एरिया, कारपेट_एरिया, संपत्ति क्षेत्र: 290.00, 100.00 |
| श्री लेख राम सिन्हा, श्रीमती पुर्णिमा सिन्हा (प्रोस्पेक्ट नं. IL10283014) | 18.02.2025 रू. 2816561.00/– (रुपये अठाईस लाख सोलह हजार पांच सौ इकसठ मात्र) | संपत्ति के सभी अंश और हिस्से : प्रोजेक्ट ऑरम सिटी–ग्रीन्स के अंतर्गत प्लॉट संख्या 74, पी.एच. संख्या 117/53 पर खसरा संख्या 278/8 में से मौजा बोरियाकला तहसील और जिला रायपुर छत्तीसगढ़, 492001 में स्थित है, क्षेत्रफल माप (वर्ग फीट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्र, संपत्ति क्षेत्र: 2443.00 |

यदि उक्त उधारकर्ता उपर्युक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त सुरक्षित संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है, पूरी तरह से उधारकर्ताओं के जोखिम, लागत और परिणामों पर होगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें शाखा कार्यालय: प्रथम तल, लाल गंगा सिटी मार्ट, बंजारी चौक, होटल अमित रीजेंसी के सामने, रायपुर, छ.ग. 492001/ या कॉर्पोरेट कार्यालय– आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं 98, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव, हरियाणा

स्थान: रायपुर तिथि: 20.02.2025 हस्ता/– प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**क्र.सं. (1) ई-निविदा सं.: सी.डीईई-जी-आर-ओटीपी-24-25-30, दिनांक 13.02.2025**

**कार्य :-** इलेक्ट्रिकल (जी) काम का हिस्सा - **(i)** एलसी नंबर के बदले आरयूबी का निर्माण । डीडी-24 (किमी 893/15-16) दुर्ग-डीआरजेड खंड। (ii) एलसी नंबर के बदले आरयूबी का निर्माण । दुर्ग-डीआरजेड खंड का डीडी-27 (किमी 896/14-15)। (iii) एलसी नंबर के बदले आरयूबी का निर्माण । डीडी-39 (किमी 893/15-16) दुर्ग-डीआरजेड खंड । (iv) एलसी नंबर के बदले आरयूबी का निर्माण । दुर्ग-डीआरजेड सेक्शन के जीडीजेड-एलबीओ स्टेशन के बीच डीडी-40 (किमी 911) (v) दुर्ग-रावघाट सेक्शन के दुर्ग-एमएक्सए के बीच एलसी नंबर डीडी-5 (किमी 871/2-3) में आरयूबी का निर्माण । (vi) हावड़ा-मुंबई मुख्य लाइन में बीवाईटी-एचएन सेक्शन के बीच मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग संख्या 390 के बदले किमी.778/7-9 पर आरयूबी का निर्माण ।

**निविदा मूल्यः रू. 39,65,830.00, बयाना राशिः रू. 79,300.00, निविदा प्रस्तुत करनाः 11.30 बजे तक दिनांक 18.03.2025.**

विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता का मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया सीनि.डीईई/जी/रायपुर कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें । मैनुअल ऑफर्स इस निविदा के विरुद्ध स्वीकार नहीं होंगे और यदि मैनुअल ऑफर्स प्राप्त होता है तो वह निरस्त कर दिया जाएगा ।

वरि.मं.वि.अभि/आरएसएंडजी
पीआर/आर/सी.डीईई(जी)/एन/245 द.पू.म.रे., रायपुर

South East Central Railway @secrail

## संपादकीय

### रेलवे स्टेशन पर भगदड़ भीड़ नियंत्रण जरूरी

**नई दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से प्रशासनिक कमी तथा बेहतर भीड़ नियंत्रण की आवश्यकता उजागर होती है। यह घटना त्रासद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ ने राजधानी को झकझोर दिया है। शनिवार रात को स्टेशन पर हुई भयानक भगदड़ में पांच बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की जान गई तथा एक दर्जन से अधिक घायल हुए। यह त्रासदी 14 और 15 प्लेटफार्म को जोड़ने वाले फुट-ओवरब्रिज पर हुई जिसका कारण प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों पर चढ़ने के लिए यात्रियों की धक्कामुक्की थी। यह दुर्घटना कुप्रबंधन, ढांचागत कमियों तथा भीड़ नियंत्रण में कमियों पर महत्वपूर्ण सवाल उठाती है जिसके कारण यह विभीषिका हुई। दुर्घटना का मुख्य कारण संभवत: अनेक आयाम लगते हैं जिनमें यात्रियों की बहुत अधिक भीड़, भ्रामक घोषणायें तथा खराब भीड़ प्रबंधन शामिल हैं। वर्तमान महाकुंभ मेले को देखते हुए प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई है जिससे स्टेशनों पर भीड़ बढ़ी है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि हर घंटे लगभग 1,500 जनरल टिकट बेचे जा रहे थे। स्रोतों से संकेत मिलता है कि प्लेटफार्म बदलने की एक गलत घोषणा के कारण शायद यात्रियों में भ्रम पैदा हुआ।

इसके कारण जल्दबाजी में कुछ लोग फुट-ओवरब्रिज से उतरते समय सीढ़ियों से फिसल गए जिससे व्यापक अफरातफरी फैल गई। इसके अलावा जाने वाली ट्रेनों का प्रतीक्षा समय लंबा होने के कारण भी अव्यवस्था फैली। हालांकि, भीड़ बहुत अधिक होने की चुनौती स्पष्ट थी पर खराब नियोजन और कुप्रबंधन ने इसे एक विभीषिका में बदल दिया। यात्रियों की बहुत अधिक भीड़ का अनुमान होने के बावजूद रेलवे अधिकारी लोगों के आवागमन पर नियंत्रण करने के लिए उपयुक्त संख्या में कर्मचारी तैनात करने में विफल रहे। अतीत में हुई दुर्घटनाओं ने बहुत अधिक भीड़ के जोखिम उजागर किए थे,



पर पैदल यात्रियों के आवागमन को सहज बनाना सुनिश्चित करने वाली कोई बेहतर व्यवस्था नहीं की गई। इसके साथ ही रेलवे अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों की प्रतिक्रिया में काफी विलंब हुआ। भीड़ नियंत्रण की ज्यादा जीवन्त और सतर्क व्यवस्था भारी भीड़ का प्रबंधन कर सकती थी और इस दुर्घटना को व्यापक विभीषिका होने से रोक सकती थी। सवाल है कि क्या दुर्घटना रोकी जा सकती थी? निश्चित रूप से यात्रियों की संख्या बहुत अधिक होने के समय अतिरिक्त रेलवे पुलिस व कर्मचारियों की तैनाती से ऐसी विभीषिकाओं से बचा जा सकता है। इसके साथ ही निगरानी कैमरों और एआई-आधारित भीड़ नियंत्रण व्यवस्थाओं से यात्रियों के घनत्व की तुरंत निगरानी की जा सकती है। इससे ऐसी दुर्घटना से बचा जा सकता था। इस भगदड़ से अब अधिकारियों की नींद टूट जानी चाहिए क्योंकि यह अपने किस्म की पहली त्रासदी नहीं है। यात्रियों की भारी भीड़ से निपटने के लिए फुट-ओवरब्रिजों को चौड़ा करने और उनके विस्तार का काम प्राथमिकता पर किया जाना चाहिए। यात्रियों में किसी प्रकार का भ्रम पैदा होने से रोकने के लिए स्पष्ट व सटीक डिजिटल बोर्ड लगाना भी बहुत आवश्यक है। इसके साथ ही प्रति घंटे बेचे जाने वाले जनरल टिकटों की संख्या पर भी नियंत्रण करने की आवश्यकता है। खासकर महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों के अवसर पर यह सतर्कता बरतनी चाहिए। इस दुर्घटना की जवाबदेही तय किए जाने के साथ ही ऐसे दीर्घकालीन उपायों और समस्या समाधानों पर जोर दिया जाना चाहिए जिनसे भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचा जा सके। रेलवे अधिकारियों को सुनिश्चित करना चाहिए कि ढांचागत संरचना, सुरक्षा तथा आपरेशनल प्रोटोकालों को अद्यतन बनाया जाए ताकि वे बहुत अधिक भीड़ वाली स्थितियों से आसानी से निपट सकें।

# भारत का प्राकृतिक सौंदर्य

प्रकृति एक खुली किताब है जिसमें भारतीय वनों, जीवों व चट्टानों आदि का सौंदर्य अनेक कहानियां कहता है। इनसे भूमि, जीवन और समय के बीच गहन संबंध उजागर होते हैं।

बीकेपी सिन्हा अरविंद झा
लेखकगण भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं।



प्रकृति असंख्य जटिलताओं, अनन्त आश्चर्यों और रहस्यों से भरी है। वनों से होकर गुजरने पर प्राकृतिक दुनिया के रहस्यों को समझने और देखने का अवसर मिलता है जिससे अनेक छिपी हुई विस्तृत कहानियां सामने आती हैं। हर पेड़, पत्थर और जीव धरती के समृद्ध इतिहास में अपना योगदान करता है और अनेक परिवर्तनशील प्रक्रियायें उसे नया स्वरूप देती हैं। अपने वलयों से पूलों वाले पेड़ जलवायु परिवर्तन तथा पर्यावरणीय परिवर्तन के हजारों सालों का रिकार्ड रखते हैं और बीतते समय के मौन साक्षी बनते हैं। उदाहरण के लिए, एक निश्चित आयुवर्ग के पेड़ों की अनुपस्थिति उस समय जंगलों की आग का संकेत देती हैं। प्राकृतिक होने के बावजूद कभी-कभी जंगलों की आग विनाशकारी होती है जो चयनित रूप से छोटे पेड़ों को नष्ट करने तथा बड़े पेड़ों को बचाए रखने का काम करती है। भारत की परिस्थितिकी अत्यधिक विविधतापूर्ण है जिसमें तटीय क्षेत्रों से लेकर पहाड़ी घाटियां तक शामिल हैं।

ये वनस्पतियों, जीवों तथा उनके परिवेश के बीच नाजुक संबंधों की कहानियां कहते हैं। यहां तक कि हमारे पैरों के नीचे की मिट्टी भी अनेक आर्गेनिक तत्वों का मिश्रण होती है जो परिस्थितिकी को बनाने में योगदान करने वाले असंख्य जीवन व मरण के चक्र प्रदर्शित करती है। जमीन के उतार-चढ़ाव, खड़ी ढलानों और घाटियों तथा पहाड़ियों की उपस्थिति केवल भूगोल की दुर्घटनायें ही नहीं हैं। वे लाखों सालों से भौगोलिक शक्तियों के फिंगरप्रिंट जैसे हैं। हिमालय, पश्चिमी घाट और विंध्य पर्वत ऐसे भौगोलिक परिवर्तनों की कथा कहते हैं। इससे वे गतिशील प्रक्रियायें सामने आती हैं जो किसी राष्ट्र की भू-दृश्यावली और उसकी जैव-विविधता को स्वरूप देती हैं। जंगल एक असीम कक्षा की तरह हैं जहां प्रकृति हर कदम पर हमें सबक सिखाती है।

लेकिन वनों का रहस्य समझने के लिए इन पर सरसरी नजर डालना ही काफी नहीं है, बल्कि इसके लिए एक वैचारिक दृष्टिकोण तथा थोड़ा आराम से हमारे चारों ओर के परिवेश को देखने और समझने की इच्छाशक्ति जरूरी हो जाती है। जंगल से हो कर गुजरने पर आप देखेंगे कि जमीन पत्तियों, टहनियों तथा गल रहे आर्गेनिक तत्वों की मोटी पर्त से भरी रहती है। 'लीफ लिटर' कही जाने वाली यह पर्त उस पोषण चक्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो अनेक छोटे जीवों को पोषण देती है। वनस्पतियों के प्रकार और उनके वितरण से क्षेत्र के मौसम, मिट्टी की स्थितियों तथा पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारियां मिलती हैं। पश्चिमी घाटों और पूर्वोत्तर भारत की तरह हरे-भरे वर्षावनों वाले क्षेत्र प्रचुर बरसात का संकेत देते हैं। इस इकोसिस्टम में अनेक प्रकार की पेड़ों की प्रजातियां पाई जाती हैं जिनमें बहुत ऊंचे पेड़ों के साथ नीचे छोटे-छोटे पौधे भी शामिल हैं जो इस नम तथा जल से समृद्ध परिवेश में फलते-फूलते हैं।

इन घनी वनस्पतियों से अनेक प्रकार की जीव प्रजातियों को आश्रय मिलता है जो क्षेत्र की जैव-विविधता तथा परिस्थितिकी स्थायित्व में अपनी भूमिका अदा करते हैं। इसके एकदम उलट राजस्थान के सूखे रेगिस्तान एक ऐसा परिदृश्य प्रस्तुत करते हैं जहां जीवन को अपरिहार्य रूप से न्यूनतम जल की परिस्थितियों में स्वयं को ढाल का जीवित रहना सीखना होता है। यह वनस्पति बहुत कम, पर अत्यधिक विशिष्ट होती है। यहां परिदृश्य पर कैक्टस, अकेसिया, और कांटेदार झाड़ियों का वर्चस्व दिखता है। इन प्रजातियों ने अपने भीतर विशिष्ट परिवर्तन किए हैं जिनमें जल-भंडारण करने वाले ऊतक तथा गहरी-गहरी जड़ें शामिल हैं। इससे वे जल संरक्षण के साथ पानी तक अपनी पहुंच बढ़ाते हैं तथा हर कठोर परिस्थिति में अपना जीवन सुनिश्चित करते हैं।

खास क्षेत्रों में विशिष्ट प्रजातियों पर गौर करने से पौधों और उनके परिवेश के बीच गहन संबंध उजागर होते हैं। उदाहरणार्थ, बाढ़ के मैदानों में साइकामोर, गूलर व ऐश गुर्जन जैसे पेड़ पाए जाते हैं जो उपजाऊ व नम स्थितियों में रहते हैं जहां जल और पोषक तत्व एकत्र हो जाते हैं। दूसरी ओर हार्डी कैज्यूराइना तटीय परिवेश के लिए उपयुक्त है जहां खारी परिस्थितियां अनेक प्रजातियों के लिए चुनौती पेश करती हैं। इसी प्रकार नदियों के तटों पर जामुन और करंज जैसे पेड़ फलते-फूलते हैं जो लगातार नम स्थितियों को पसंद करते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि पेड़ कैसे स्थानीय परिस्थितिकी तंत्र के अनुरूप स्वयं को ढालते हैं। पेड़ों द्वारा पर्यावरणीय स्थितियों की अभिव्यक्ति की तरह चट्टानों के प्रकार भी भौगोलिक इतिहास व प्रक्रियाओं को अभिव्यक्ति देते हैं।

अक्सर समुद्री फासिलों जैसे शेल, कोरल और मछलियों से समृद्ध सेडीमेंट्री चट्टानें यह संकेत करती हैं कि एक समय यह क्षेत्र पानी के नीचे डूबा हुआ था। इन चट्टानों पर लहरों के निशान या 'मड क्रैक' पाए जाते हैं जिनसे प्राचीन जल भंडारों का पता चलता है। उदाहरणार्थ, फासिलों से समृद्ध शिवालिक पहाड़ियां पूर्व-ऐतिहासिक युग की झलक दिखाती हैं। इनमें उस युग में पाए जाने वाले जीवों के निशान मिलते हैं। इन चट्टानों में जमे तत्वों से उस युग में मौसमी स्थितियों, जैसे सूखे या भारी बरसात के समय का भी पता चलता है। इसी प्रकार मैग्मा के ठंडे होने के बाद बनी इग्नियस चट्टानें क्षेत्र के ज्वालामुखीय इतिहास को प्रकट करती हैं, जबकि मैटामार्फिक चट्टानें धरती की गहराई में हुए गहन परिवर्तनों का संकेत देती हैं। इस प्रकार सतह के नीचे के भूगर्भ को समझना भी समान रूप से महत्वपूर्ण हो जाता है जो जमीन को स्वरूप देता है और मृदा इसके बारे में बहुत सारी जानकारी देती है। चूने के पत्थर वाले क्षेत्रों में मौसमी परिवर्तनों के कारण चट्टानों में गुफायें तथा पत्थरों के स्तंभ बन जाते हैं। यहां मृदा क्षरीय तथा कैल्शियम से समृद्ध होती है। इसके उलट ग्रेनाइट वाले क्षेत्रों में चट्टानें टूट कर अम्लीय मृदा बनाती है जो अक्सर खराब जलनिकास के कारण दलदली क्षेत्रों में बदल जाती हैं।

पवित्र गंगा नदी उत्तर भारत में 2,500 किलोमीटर बहती है और अनेक जलीय व जमीन पर रहने वाली प्रजातियों को जीवन प्रदान करती है। इसके जल से खेतों की सिंचाई होती है जो लाखों लोगों को भोजन देते हैं। इसके साथ ही यह विशाल जनसंख्या के लिए पेयजल का साधन है। इसी प्रकार तिब्बती हिमालय से निकलने वाली ब्रह्मपुत्र नदी पूर्वोत्तर भारत से गुजरती हुई बाढ़ के मैदानों की परिस्थितिकी को बनाए रखती है तथा कृषि व पनबिजली के लिए जल उपलब्ध कराती है। अक्सर 'दक्षिण गंगा' कही जाने वाली गोदावरी मध्य भारत में बहती है, देश की एक सबसे बड़ी नदी घाटी को पोषण देती है तथा विविधतापूर्ण परिस्थितिकियों को बनाए रखती है। भारत के वेटलैंड, जैसे सुंदरबन में दुनिया के सबसे बड़े मैंग्रूव वन पाए जाते हैं। यह गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना डेल्टा में फैली है जो बंगाल टाइगर्स, घड़ियालों, चिड़ियों व वन्यजीवों का स्वर्ग है। इसके मैंग्रूव वन तटरेखा की बाढ़ और तूफान से रक्षा करते हैं। प्रत्येक जीव अपनी विशिष्ट शरीर रचना तथा व्यवहार से अलग छाप छोड़ता है। उदाहरणार्थ, अनेक प्रकार की बिल्लियां अपने पंजों के निशान छोड़ती हैं। इसके उलट खरगोश अपने आने जाने के रास्तों पर बिल्कुल अलग किस्म के निशान छोड़ते हैं। इन संकेतों को समझने से वन्यजीवों के व्यवहार और परिस्थितिकी की उनकी पसंद की जानकारी मिलती है। हमारी तरह जानवरों को भी वे स्थान पसंद होते हैं जहां उनको जीवन के लिए आवश्यक भोजन, पानी और शरण मिलती है।

खुले मैदानों में पेड़ों के झुंड अक्सर जल स्रोत, जैसे झील या तालाब का संकेत देते हैं जो वन्यजीवों के लिए आकर्षक स्थल बन जाते हैं। समग्र रूप से देखें तो जंगल हमें अपने विवेक को समझने, अपनी दृढ़ता से सीखने तथा अपनी विरासत से सहयोग करने को आमंत्रित करते हैं। जंगलों के विभिन्न तत्वों से समुचित सबक सीख कर हम न केवल अपने जीवन को समृद्ध बनाएंगे, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेंगे कि यह अमूल्य पुस्तकालय आने वाली पीढ़ियों के लिए भी हमेशा खुला रहे।

# कुम्भ से गांधीजी को प्रेरणा

राजदीप पाठक
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)



कुम्भ मेले के इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय 1915 में उस समय सामने आया जब गांधीजी ने 21 साल अफ्रीका में रहने के बाद वापसी पर हरिद्वार की यात्रा की। गांधीजी के राजनीतिक प्रेरणास्रोत गोपाल कृष्ण गांधी ने उनको रणनीतियां बनाने और स्वयं को स्वतंत्रता आंदोलन में झोंक देने से पहले भारत का सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य समझने के लिए राष्ट्रव्यापी यात्रा की सलाह दी थी। इस यात्रा के दौरान गांधीजी कुंभ मेले गए थे जहां उनका मुख्य उद्देश्य ऋषिकेश में महात्मा मुंशीराम के गुरुकुल में जा कर 'भारत सेवक समाज' की गतिविधियों का अध्ययन करना था। हालांकि, स्वच्छता और सफाई जैसे विभिन्न विषयों तथा खासकर सामुदायिक सामंजस्य पर गांधीजी के विचार अलग थे। गांधीजी सामुदायिक सामंजस्य को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे और उन्होंने इसका उल्लेख अपनी आत्मकथा में भी किया है। लेकिन हरिद्वार कुंभ मेले से उनका संक्षिप्त राजनीतिक संपर्क देश में सामुदायिक विभाजन पाटने की ओर संकेत करता है जो स्वतंत्रता प्राप्त करने के सचेतन लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण था। गांधीजी कुंभ मेले में एकत्रित भीड़, बल्कि वहां पैदा अव्यवस्था, अंधविश्वास तथा स्वच्छता की कमी से भी आश्चर्यचकित थे। उन्होंने स्वच्छता की भयानक अनदेखी का उल्लेख करते हुए लिखा कि इससे आयोजन की पवित्रता प्रभावित होती है। एक दशक बाद अपने भाषणों में उन्होंने दु:ख प्रकट करते हुए कहा, 'पवित्रता के प्रतीक गंगा के तट मानव मल से गंदे तथा लापरवाही का शिकार थे।' 1947 में कुंभ के अनुभव की याद करते हुए गांधीजी ने टिप्पणी की थी, 'हमें यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि धार्मिक आयोजन स्वच्छता एवं सफाई के पवित्र स्थल बनें और वे बीमारी तथा अव्यवस्था पैदा करने का आधार न हों।'

हरिद्वार में ही मोहनदास करमचंद गांधी ने पहले भारत की जनता पर दक्षिण अफ्रीका में उनके द्वारा किए विनम्र प्रयासों का गहरा प्रभाव अनुभव किया था। अपने अनुभव को अभिव्यक्ति देते हुए उन्होंने 'सत्य के साथ मेरे प्रयोग' पुस्तक में लिखा था, 'मेरा मुख्य काम टेंट में बैठे रहना, मिलने आने वाले तीर्थयात्रियों को दर्शन देना तथा उनसे चर्चा करना था। इससे मुझे एक मिनट का भी समय नहीं मिलता था कि मैं अपने बारे में सोच सकूं। मैं इन दर्शनार्थियों के साथ ही स्नान करने घाट पर जाता था और भोजन करते समय भी वे मुझे अकेला नहीं छोड़ते थे। इस प्रकार हरिद्वार में मैंने दक्षिण अफ्रीका में अपनी विनम्र सेवाओं का गहरा प्रभाव अनुभव किया जिसका प्रसार पूरे भारत में हो गया था।' हरिद्वार के कुंभ मेले ने महात्मा गांधी के उद्देश्य को स्वरूप देने में प्रमुख भूमिका निभाई जिससे अंतत: वे भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े।

यह उनकी इस समझ पर आधारित था कि भारत की जनता उनको न केवल एक आध्यात्मिक व्यक्ति, बल्कि एक ऐसे नेता के रूप में देखती थी जो राष्ट्र के संघर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम थे। हरिद्वार के कुंभ मेले में हुए इस अनुभव ने गांधीजी में आत्मविश्वास और जिम्मेदारी की भावना पैदा की। इससे उनको अपने सेवा कार्य और सत्य मार्ग का विस्तार कर भारतीय स्वतंत्रता के व्यापक लक्ष्य से जोड़ने की प्रेरणा मिली। इसका परिणाम चंपारन में 1917 के पहले अहिंसक सत्याग्रह के रूप में सामने आया। कुंभ मेले में मिले असाधारण प्रेम और लगाव से सामूहिक कार्रवाई में गांधीजी का विश्वास और मजबूत हुआ। इससे भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपना जीवन खपा देने की उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई। यह तथ्य भी प्रेरणादायक और उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी की हरिद्वार यात्रा तथा राजनीति में उनका प्रवेश इतिहास के एक और उल्लेखनीय क्षण से जुड़ा है। कुंभ मेले में ही अखिल भारतीय हिंदू महासभा का गठन हुआ था। अप्रैल, 1915 में हरिद्वार कुंभ के समय पैदा आध्यात्मिक ज्वार के समय गांधीजी की मुलाकात अन्य महानुभावों से हुई। इनमें स्वामी श्रृद्धानंद, पंडित मदनमोहन मालवीय तथा 'सर्वदेशक हिंदू सभा' के उद्घाटन सम्मेलन में एकत्र अन्य महानुभाव शामिल थे। यह भारत की सामाजिक-राजनीतिक जागरूकता के इतिहास में महत्वपूर्ण अध्याय था।

कुंभ मेले में गांधीजी की सहभागिता की जानकारी ब्रिटिश खुफिया विभाग को भी थी जिसने उनकी यात्रा के रिकार्ड तैयार किए थे। आज ये रिकार्ड क्षेत्रीय राज्य संग्रहालयों में उपलब्ध हैं। औपनिवेशिक काल ने कुंभ मेले में एक नया आयाम जोड़ा था। यूरोपीय प्रेक्षकों ने इसके महत्व को स्वीकार कर दस्तावेज तैयार किए तथा मूल्यवान ऐतिहासिक संदर्भ जोड़े। तीर्थयात्रियों की विशाल संख्या तथा उनकी विविधता से अभिभूत अंग्रेजों ने कुंभ आयोजनों के विस्तृत रिकार्ड तैयार किए जो महाकुंभ मेले के विकास के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां देते हैं। ब्रिटिश शासनकाल के एक प्रशासक जेम्स प्रिंसेप के अच्छी तरह दस्तावेजीकृत लेखन से महाकुंभ मेले के बारे में विस्तृत और गहन जानकारियां मिलती हैं। इस संबंध में 'द संडे गार्जियन' में प्रकाशित लेख 'बियांड फेथ: हाऊ कुंभ मेला रिशेप्स द कोर्स आफ हिस्ट्री' विशेष रूप से उल्लेखनीय है। इसमें भारत के स्वतंत्रता संग्राम में कुंभ मेले की भूमिका रेखांकित की गई है।

इलाहाबाद म्यूजियम में प्रदर्शित 1920 के ब्रिटिश खुफिया विभाग के दस्तावेज से पता चलता है कि 1918 में मेले के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी। इस बैठक में राजनीतिक सुधारों के पक्ष में एक प्रस्ताव पास कर मांग की गई थी कि पंचायतों, स्थाई बस्तियों तथा आसामियों की सुरक्षा के दम उठाए जाएं। इसमें 'यूपी पीजेन्ट्स असोसियेशन' की स्थापना की गई थी। पंडित मदनमोहन मालवीय के नेतृत्व में इस असोसियेशन की 50 शाखायें बनी थीं जिन्होंने अनेक किसानों के बीच एकता स्थापित कर जमींदारों के प्रभुत्व का विरोध किया था। 'द संडे गार्जियन' ने भारत में स्वतंत्रता-पश्चात लोकतंत्र को स्वरूप देने में भी कुंभ मेले की महत्वपूर्ण भूमिका रेखांकित की थी जो खासकर आपातकाल के समय सामने आई थी। इस कुंभ में साधू समाज के समर्थन से जयप्रकाश नारायण के आंदोलन को काफी गति मिली थी। 'धर्म संसद' तथा 'साधू सम्मेलन' जैसे आयोजनों ने हिंदी पट्टी में जनता पार्टी को व्यापक समर्थन दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 'महाकुंभ मेले' ने आध्यात्मिक आयोजन की अपनी सीमायें पार करते हुए पवित्र और पंथनिरपेक्ष विचारों के सम्मिलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसने जहां गहरे आत्मावलोकन व भक्ति का 'स्पेस' प्रदान किया है, वहीं इसने उन सामाजिक-राजनीतिक धाराओं को अभिव्यक्ति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है जो भारतीय समाज को स्वरूप दे रही हैं।

महाकुंभ आयोजन की यह अनादि व असीम प्रकृति लगातार विकसित हो रही है तथा आध्यात्मिक व भौतिक आयामों को जोड़ रही है। इस प्रकार कुंभ मेला भारत की महत्वपूर्ण व निरंतर व्याप्त सांस्कृतिक विरासत का शक्तिशाली दस्तावेज बन गया है।

## आप की बात

### भाषा से खिलवाड़

**20-25** वर्ष पहले कुछ लोग आधी अधूरी ही सही, अंग्रेजी बोलकर नहीं बोल सकने वालों को नीचा दिखाते थे। अब प्राथमिक कक्षाओं से ही अंग्रेजी पढ़ाए जाने और अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई का प्रचलन होने पर जब कई लोग अंग्रेजी बोलने लगे तो स्वयं को अन्य से बेहतर दिखने के लिए भाषा से खिलवाड़ का नया तरीका सामने आया। अब अंग्रेजी के किसी शब्द का सामान्यत: जो उच्चारण अधिकतर लोगों द्वारा किया जाता है, खिलवाड़ करने वाले उस से मिलता जुलता भिन्न उच्चारण करते हैं और यह प्रचारित करते हैं कि जो वे उच्चारित करते हैं, वही असली अंग्रेजी है। जब वह उच्चारण भी कई लोग करने लग जाते हैं तो भाषा से खिलवाड़ करने वाले फिर कोई नया उच्चारण करने लग जाते हैं। हम कई दशकों से जानते हैं कि दुनिया की सबसे बड़ी नदी के नाम का उच्चारण अमेजन है। संभवत: ऑनलाइन कंपनी अमेजन का नाम उसी आधार पर रखा गया। लगभग एक दशक पूर्व उसका उच्चारण एमेजॉन किया जाने लगा जो अब अधिकतर लोग बोलने लगे हैं। तो पिछले एक वर्ष में इस शब्द के दो नए उच्चारण एमजॉन तथा एमाजॉन और सामने आए। स्वयं को दूसरों से बेहतर दिखाने के लिए भाषा को बिगाड़कर उसी को सही दिखाकर खिलवाड़ करना बहुत ही तुच्छ मानसिकता का परिचायक है।

– **ललित दुबे,** रतलाम

### संवेदनहीन नेता

**ये** कैसे राजनीतिक हिन्दुस्तानी हैं। जो सर्वधर्म समभाव व धर्म निरपेक्षता की बात करते हैं. जिनके अंतर्मन कुछ और बाह्यमन कुछ. माना कि राजनीतिक/सियासी डिप्लोमेट होते हैं। पर इतने गिरे हुए विचारों के होते हैं ये पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है। वोटों की राजनीति के स्वार्थी स्वर इन्हें किस तरह के स्वर्ग की ओर ले जा रहे हैं समझ से परे हैं. कभी ये राम मंदिर की आलोचना करते हैं तो कभी आस्था से परिपूर्ण कुम्भ की। कांग्रेस के प्रमुख नेताओं ने पूरे देश की आस्था और विश्वास के केंद्र राम मंदिर की विशाल/भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की आलोचना ही नहीं की बल्कि वहां उस समय जाने से भी परहेज किया. समाजवादी व अन्य राजनीतिक पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक भड़ास सत्ता पर निकाली. अभी देश के विशाल ही नहीं बल्कि दुनिया भर में रह रहे भारतवासियों की आस्था के महाकुम्भ पर आलोचना करने से ये स्वार्थी राजनीतिक चूक नहीं रहे हैं। राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने धार्मिक कुम्भ मेले के लिए कहा कि कुम्भ का क्या मतलब है ये सब फालतू कुम्भ है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी कह रही है कि ये कुम्भ नहीं बल्कि ये मृत्यु कुम्भ है। राजनीतिज्ञों की इस तरह की कटु वाणी क्या आस्था और विश्वास के श्रद्धालुओं के ह्रदय को चोट नहीं पहुंचाएगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### साईकिल की घटती लोकप्रियता

**एक** दौर था जब साइकिल की सवारी शान की सवारी हुआ करती थी। गांव से लेकर शहर तक की दौड़ पूरा किया करती थी शायद तब विकास को पंख नहीं लगे थे । मानव ने अब तक सैकड़ों आविष्कार किये हैं। तकनीकी उन्नति ने हमें मोटर वाहन का विकल्प दिया मगर साइकिल जैसा प्रकृति को बिना नुकसान पहुंचाये उसके समानांतर चलने वाला आविष्कार कोई नहीं हुआ। अब छोटे से छोटे काम के लिए भी विशेषकर अपने देश में जिस पर भी मोटर वाहन उपलब्ध है वो उसी का उपयोग करना पसंद करता है। अब साइकिल शान की सवारी नहीं रही अब वो गरीबी का पर्याय की श्रेणी में आ गई है । प्रकृति को शनै- शनैः हो रहे आघात से ज्यादा हमें अपना पल पल कीमती लगता है। वर्तमान युवा पीढ़ी में साइकिल को निम्न स्तर का समझा जाने लगा है जो चिंताजनक और विचारणीय है। साइकिल को खत्म होती लोकप्रियता को रोकने के लिए हमें नीदरलैण्ड जैसे देश से प्रेरणा लेनी चाहिए जहाँ आमजन से लेकर प्रधानमंत्री तक साइकिल की सवारी करना पसंद करते हैं। अगर हम अपने देश में साइकिल की लोकप्रियता को फिर से बढ़ाना चाहते हैं, तो हमें ऐसे ही जागरूकता फैलानी होगी अपने पारंपरिक और सुलभ साधनों की कद्र करनी होगी, ताकि हम न सिर्फ अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकें, बल्कि पर्यावरण की सुरक्षा में भी योगदान दे सकें।

– **नितिन रावत,** फ़िरोजाबाद

### हादसे की वजह भीड़

**दिल्ली** रेलवे स्टेशन पर प्रबंधन की व्यवस्था में हुई चुक की सजा महाकुंभ श्रद्धालुओं को? जान देकर चुकानी पड़ी है। हादसे की प्रमुख वजह स्टेशन पर जरूरत से ज्यादा भीड़ होना था। अगर आंकड़ों पर गौर करें तो दुर्घटना के समय स्टेशन पर मौजूद लोगों की संख्या ट्रेन की क्षमता से कई गुना अधिक थी। इसके बावजूद सुरक्षा की बजाय टिकटों की बिक्री जारी रखना प्रशासन की गंभीर चूक को दर्शाता है। अगर प्रबंधन ने भीड़ का सही-सही आंकलन करके अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय किए होते, तो यह हादसा रोका जा सकता था। बेहतर व्यवस्था के लिए टिकटों की संख्या को सीमित करना, प्लेटफार्म पर प्रवेश के लिए कड़ी निगरानी और समय-समय पर भीड़ प्रबंधन की समीक्षा भी जरूरी थी। सुरक्षा उपायों की अनदेखी और समुचित व्यवस्थाओं का अभाव इस दुर्घटना की एक बड़ी वजह रही। यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए, लेकिन इस घटना ने प्रशासन की असफलता को उजागर कर दिया है। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए रेलवे को अपने प्रबंधन में सुधार लाना होगा।

– **अमृतलाल मारू,** इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# यूएई में होने वाले पिंक लेडीज कप के लिए बालोद की किरण पिस्दा का डिफेंडर में चयन, भारत का पहला मैच जॉर्डन से

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com





आज 20 फरवरी से यूएई में होने वाले पिंक लेडीज कप के लिए बालोद की फुटबॉल खिलाड़ी किरण पिस्दा का चयन हुआ है। किरण को 23 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। किरण भारत का प्रतिनिधित्त्व करेगी किरण के चयन से उसके माता पिता खुद को गौरान्वित महसूस कर रहे है। भारतीय सीनियर महिला टीम के कोच क्रिस्पिन छेत्री ने सोमवार को पिंक लेडीज कप के लिए 23 सदस्यीय टीम की घोषणा की हैं, जिसमें डिफेंडर के तौर पर किरण पिस्दा को शामिल किया गया है। यह दोस्ताना टूर्नामेंट 20 से 26 फरवरी तक संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह में फीफा इंटरनेशनल मैच विंडो के दौरान आयोजित किया जाएगा। भारत का सामना जॉर्डन (20 फरवरी), रूस (23 फरवरी) और कोरिया गणराज्य (26 फरवरी) से होगा। सभी मैच यूएई के शारजाह में अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में होंगे। भारत मंगलवार, 18 फरवरी को शारजाह के लिए रवाना हो गया है। बता दे कि 7 फरवरी को भारतीय महिला लीग के राउंड 6 के समापन के बाद, ब्लू टाइग्रेसेस आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में प्रशिक्षण ले रही थी। भारत इन मैत्रीपूर्ण मैचों का उपयोग एएफसी महिला एशियाई कप 2027 क्वालीफायर की तैयारी के लिए कर रहा है, जो मई-जून 2025 में होगा।

**भारत के कई क्षेत्रों में किया है प्रदर्शन–** किरण पिस्दा ने बताया कि वे 2014-15 से अब तक लगातार कटक, गोवा, पंजाब, अरुणाचल प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, मणिपुर, असम, अंडमान निकोबार, अंबाला, गुंटूर, चेन्नई में जूनियर नेशनल, स्कूल नेशनल और सीनियर नेशनल खेल में भाग ले चुकी है। इस दौरान कई अवॉर्ड और सम्मान मिले है। इसके साथ ही 2022 में नेपाल में आयोजित सीनियर वुमेन्स एसएएफएफ फुटबाल चैंपियनशिप में भी भाग ले चुकी हैं। इसके अलावा मदुरई और बस्तर में हीरो इंडियन वूमेन लीग, ओडिशा के भुवनेश्वर और संबलपुर में यूनिवर्सिटी गेम में भी प्रतिनिधित्व कर चुकी है। किरण को 30 अगस्त 2024 को राज्य खेल अलंकरण समारोह में शहीद पंकज विक्रम सम्मान से भी सम्मानित किया गया है बता दे की किरण के पिता महेश राम पिस्दा जिला सयुंक्त कार्यालय में सहायक अधीक्षक पद पर पदस्थ है। इसके पूर्व जिला निर्वाचन शाखा में इलेक्शन सुपरवाइजर के पद पर पदस्थ रहे हैं। और माँ गृहणी हैं।

**पिंक लेडीज़ कप के लिए भारत की 23 सदस्यीय टीम–**गोलकीपरः- एलंगबाम पंथोई चानू, पायल बासुदे, श्रेया हुडा। डिफेंडरः- किरण पिस्दा, अरुणा बाग, मार्टिना थोकचोम, निर्मला देवी फंजौबाम, पूर्णिमा कुमारी, संजू, शिल्की देवी हेमम, स्वीटी देवी नगांगबाम।

**मिडफील्डरः–** बबीना देवी लिशम, ग्रेस डांगमेई, मौसमी मुर्मू, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, प्रियंगका देवी नाओरेम, रतनबाला देवी नोंगमैथेम। फॉरवर्डः- करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, लिंडा कोम सर्टो, मनीषा, रेनू, संध्या रंगनाथन, सौम्या गुगुलोथ।

# कांग्रेस का दावा, पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने बाजी मारी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों ने विशेष कर जनपद तथा जिला पंचायत क्षेत्र में अपने निकटतम प्रतिनिधियों से बढत बना ली है जिससे यह निश्चित हो गया है कि इस चुनाव में ग्रामीण जनता ने कांग्रेस का साथ दिया है मतगणना परिणाम प्राप्त होने पर अपनी जीत के प्रति आस्वस्त उम्मीदवारों ने पूर्व विधायक से मुलाकात की है तथा उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया है इस अवसर पर त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि जिले की जनता ने पंचायत चुनाव में भाजपा को नकार दिया है तथा कांग्रेस को समर्थन दिया है जनता भली-भांति समझ चुकी है कि भाजपा सरकार सिर्फ छलावे का कार्य कर रही है आज भी लोगों को धान बेचने का पैसा नहीं मिला है ग्रामीण क्षेत्रों में भारी विद्युत कटौती चल रही है विकास पूरी तरह से थम गया है इन सभी कारणों से ग्रामीण जनता ने त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशियों को विजय बनाया है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि अभी पूरी तरीके से जिला पंचायत एवं जनपद के नतीजे प्राप्त नहीं हुए जिला पंचायत की बहुत से क्षेत्र में अभी चुनाव होना बाकी है तथा जिन जगहों पर चुनाव हो चुके हैं उनके जिला निर्वाचन निर्वाचन आयोग की ओर से परिणाम आने के बाद निश्चित रूप से जनपद एवं जिला पंचायत में कांग्रेस समर्थित व्यक्ति ही अध्यक्ष बनेगा जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में विजयी होने वाले सभी प्रत्याशियों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी है साथी उन्होंने कहा कि गांव की भोली भाली जनता ने आप सभी पर अपना विश्वास जताया है उनके विश्वास की कसौटी पर आप सभी को खरा उतरना है जनता को किसी प्रकार की समस्या ना हो इस बात का ध्यान रखना होगा जनहित की आवाज हमेशा बुलंद करना होगा लोगों के बीच भाजपा को बेनकाब करना है किस तरह से भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों पर समझौता करके बड़े रसूखदार लोगों को फायदा पहुंचती है तथा आम जनता को किस तरह से लूटती है इसे आम जनता को समझने की जिम्मेदारी हम सब की है इस अवसर पर पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय में उपस्थित ललित विश्वकर्मा प्रभारी महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा जोगिंदर छाबड़ा मनोज शर्मा रवि रजक जिला पंचायत निर्वाचित सदस्य शशि प्रभा गायकवाड जिला पंचायत निर्वाचित सदस्य हरीश साहू जनपद सदस्य सनतधर दीवान मिथिलेश वर्मा शिव वर्मा सरपंच ग्राम पंचायत जेवरी प्रकाश साहू सरपंच ग्राम पंचायत अमोरा सुखराम वर्मा द्वारका प्रसाद पांडे चंद्रप्रकाश गायकवाड मनोज गायकवाड अजय राज सेन मनीष सिन्हा खूबचंद चंद्राकर भीखम साहू रवि गुप्ता धनंजय पाठक रमेश पाटिल घनश्याम साहू राकेश गायकवाड रंजीत गायकवाड रवि पाटिल निक्कू मोहित वर्मा हेम सिंह वर्मा योगेश जांगड़े मेहतर वर्मा सहित निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य सरपंच एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# बेमेतरा जनपद पंचायत के 23 नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र सौंपे गए

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 90 के तहत, बेमेतरा जिला जनपद पंचायत के 23 सदस्यों का चयन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इन निर्वाचित सदस्यों को आज विधिवत प्रमाण पत्र सौंपे गए। रिटर्निंग अधिकारी दिव्या पोटाई की उपस्थिति में यह प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जनपद पंचायत बेमेतरा के नए सदस्यों में कुमारी जायसवाल, कमल नारायण भास्कर, शशि लिकेन्द्र टंडन, प्रमोद वर्मा, मीनाक्षी दानी चंद्राकर, राही राजेंद्र सिंह बनाफर, मालती बाई साहू, बीरबल सिंह वर्मा, सुमन धुव, सनत धर दीवान, जागेश्वरी भूपेंद्र साहू, नीता बाई टंडन, नीमा मोहन वर्मा, हेमा जय दिवाकर, मनोज सिंह चंदेल, दीपक दिनकर, अमित वर्मा, द्रोपती जितेंद्र यदु, दुर्गेशनंदिनी देवेंद्र वर्मा, शिव कुमार वर्मा, कौशिल हेमलाल साहू, मिथलेश वर्मा, शुभम गंधर्व कुल 23 सदस्य शामिल हैं। ये सभी सदस्य जिले के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से विजयी हुए हैं। इन निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर उनके चुनाव में विजयी होने की औपचारिक घोषणा की गई। इसके साथ ही, इसी अवसर पर ग्राम पंचायत के नव-निर्वाचित पंच और सरपंच प्रत्याशियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। पंचायत चुनावों में जनता द्वारा चुने गए पंच और सरपंच प्रत्याशी अपने-अपने ग्राम पंचायतों के विकास और प्रशासनिक कार्यों की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। पंचायत स्तरीय चुनावों के विजयी उम्मीदवारों में जनता के हित में काम करने का संकल्प लिया गया। जनपद पंचायत बेमेतरा के अधिकारियों ने बताया कि नवनिर्वाचित सदस्य और सरपंच, पंच मिलकर ग्रामीण विकास को नई दिशा देंगे। इन सभी जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा की जा रही है कि वे अपनी-अपनी पंचायतों में विकासात्मक कार्यों को गति प्रदान करेंगे और शासन की योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू करेंगे। प्रमाण पत्र वितरण समारोह के बाद, सभी सदस्यों और विजयी प्रत्याशियों ने क्षेत्र में शांति, विकास और समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# बेमेतरा जिला में परीक्षा के दौरान कोलाहल नियंत्रण के निर्देश

## 18 फरवरी से 31 मई 2025 तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा आगामी हाई स्कूल और हायर सेकंडरी मुख्य परीक्षा 2025 को ध्यान में रखते हुए ध्वनि नियंत्रण के सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। यह परीक्षाएं 01 मार्च 2025 से 28 मार्च 2025 तक प्रातः 09:00 बजे से 12:15 बजे तक जिले के 77 केंद्रों में संपन्न होंगी। इसके साथ ही स्थानीय और महाविद्यालयीन परीक्षाओं का आयोजन मार्च और अप्रैल 2025 में प्रस्तावित है। छात्रों की पढ़ाई और परीक्षा की शांति को सुनिश्चित करने के लिए, जिले की सीमा में 18 फरवरी 2025 से 31 मई 2025 तक तेज़ संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग, कोलाहल, और मोटर वाहनों के इलेक्ट्रिक हार्न पर प्रतिबंध लगाया गया है। यह कदम कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के तहत लिया गया है, जिसमें प्रातः 06:00 बजे से रात 10:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रोक रहेगी। विशेष परिस्थितियों में, संबंधित अनुविभागीय दंडाधिकारी से अनुमति प्राप्त कर धीमी आवाज़ में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग किया जा सकेगा। इसके अलावा, उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार, रात 10:00 बजे से प्रातः 06:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

# नगर पंचायत भिंभौरी के नवनिर्वाचित निर्दलीय पार्षद भाजपा में हुए शामिल



पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

नगर पंचायत भिंभौरी के नवनिर्वाचित वार्ड क्र 02 के निर्दलीय पार्षद जीतेन्द्र धिवर ने भाजपा की रीति-नीति और विकास कार्यों से प्रभावित होकर विधायक दीपेश साहू के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर विधायक दीपेश साहू ने पार्षद जीतेन्द्र धीवर का भाजपा परिवार में भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया और कहा कि पार्टी में उनके शामिल होने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री की नीतियों के साथ जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है। जीतेन्द्र धीवर ने कहा कि वे भाजपा की विचारधारा और जनहित में किए जा रहे कार्यों से प्रभावित हैं और पार्टी के साथ मिलकर क्षेत्र के विकास में योगदान देंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता उत्तम देवांगन पवन यादव सहित कई भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विभाग की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में पशुपालन, मछलीपालन एवं उद्यानिकी विभाग की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभाग के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों के कार्यों से आम जनता को अधिक से अधिक लाभान्वित कर उनके आय सृजन के उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, उद्यानिकी एवं मत्स्यपालन विभाग के सहायक संचालकों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने संबंधित विभागों के द्वारा निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान चन्द्रवाल ने पशु चिकित्सा विभाग के अंतर्गत जिले में विभागीय पद संरचना के संबंध में भी उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं से जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिले में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन, पशु उपचार, बधियाकरण, शल्य क्रिया, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भधारण, प्राकृतिक गर्भधारण आदि के निर्धारित लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने बैठक में उपस्थित पशु चिकित्सकों एवं विभागीय अधिकारियों से विभाग के द्वारा निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने हेतु किए गए उपायों के संबंध में बारी-बारी से जानकारी ली। उन्होंने निर्धारित लक्ष्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने मत्स्य विभाग के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित मत्स्य विभाग के अधिकारियों को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार, जीविकोपार्जन के साधन एवं पौष्टिक आहार में मत्स्य व्यवसाय का महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने शासकीय एवं निजी क्षेत्रों के अंतर्गत जिले में उपलब्ध मत्स्य बीज उत्पादन संसाधन एवं जिले में मत्स्य महासंघ के अधीन सिंचाई जलाशय आदि के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की।

# 18 प्रकरण में 3,600/- रूपये समन शुल्क एवं 06 प्रकरण न्यायालय किया गया पेश

- माईनर एक्ट के तहत 09 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी मती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत 18 फरवरी 2025 को थाना नवागढ 06 चालान में 06 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 12 प्रकरण में 12 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 06 चालान न्यायालय पेश किया गया तथा यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 12 प्रकरण में कुल 3,600/- रूपये समन शुल्क लिया गया। बेमेतरा पुलिस की अपील। बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में 18 फरवरी 2025 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना साजा 02 प्रकरण में 04 व्यक्ति, थाना परपोडी 02 प्रकरण में 05 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस क तहत 04 प्रकरण में 09 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया।

# नगर पालिका दल्ली राजहरा में भाजपा के अध्यक्ष तोरण और साहू सहित 15 पार्षद चुनकर आए

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com




नगर पालिका दल्ली राजहरा में भाजपा के अध्यक्ष तोरण और साहू सहित 15 पार्षद चुनकर आए हैं। यह भाजपा की 25 साल बाद की एक बड़ी उपलब्धि है, अब इस नई परिषद में उपाध्यक्ष पद के लिए कुछ लोग भाग दौड़ शुरू कर दिए हैं। दल्ली राजहरा के 27 वार्ड में भाजपा के 15 पार्षद चुनाव जीत पर आए हैं इसलिए भाजपा का बहुमत साफ दिख रहा है। इसलिए उपाध्यक्ष पद के लिए कुछ लोगों की होड़ लगी हुई है। इस बार नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद ओबीसी मुक्त था, तो उपाध्यक्ष पद किस वर्ग का बनेगा यह देखने की बात है। तोरण लाल साहू ओबीसी में आते हैं जो चुनाव में विजयी हुए। उपाध्यक्ष पद को लेकर जो नगर में चर्चा चल रही है उसमें मुख्य रूप से यह बात सामने आ रही है कि यदि भाजपा का उपाध्यक्ष कोई बनता है तो वह अनुभवी होना चाहिए इस संबंध में भाजपा के एक जिम्मेदार पदाधिकारी ने कहा कि प्रजातंत्र में सभी को पद की दावेदारी करने का हक है परंतु हाई कमान जो निर्णय करेगा उसे सभी को मानना होगा। उन्होंने कहा कि उपाध्यक्ष पद पर कौन होगा इसके लिए स्थानीय स्तर पर बैठक कर भाजपा के पार्षदों के बीच राय शुमारी की जाएगी तथा एक मत से उपाध्यक्ष का नाम तय किया जाएगा। हालांकि पहली बार पार्षद बने लोग भी उपाध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे हैं तो उनके नाम पर भी विचार किया जाएगा लेकिन जिसका नाम तय होगा वह आम सहमति से ही होगा। चूंकि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है इसलिए सभी भाजपा पार्षदों को अनुशासन में रहकर ही काम करना होगा। सूत्र बताते हैं कि भाजपा ओबीसी वर्ग को साधना चाहती है इसलिए उसकी राजनीति इसी वर्ग के इर्द-गिर्द घूम रही है यदि ऐसा हुआ तो चार बार के पार्षद रह चुके ओबीसी पार्षद को नगर पालिका उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है।

## कुल प्रशिक्षण और मतदान अधिकारियों का विवरण

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के तृतीय चरण हेतु मतदान कर्मियों का अंतिम प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तृतीय चरण के अंतर्गत जनपद पंचायत साजा और बेरला में होने वाले चुनावों के सफल और निष्पक्ष आयोजन के लिए मतदान कर्मियों का अंतिम प्रशिक्षण आज बेमेतरा जिला मुख्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण तीन प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया गयाः सेजेस कन्या विद्यालय, पी.जी. कॉलेज, और शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा। इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन पंचायत चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर किया गया, ताकि मतदान कर्मियों को उनकी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के प्रति पूर्ण रूप से सजग किया जा सके। प्रशिक्षण में मतदान प्रक्रिया के दौरान विभिन्न चरणों और स्थितियों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो सके।

**कुल प्रशिक्षण और मतदान अधिकारियों का विवरण**–प्रशिक्षण के दौरान जनपद पंचायत साजा और जनपद पंचायत बेरला के कुल 2,292 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इनमें 573 पीठासीन अधिकारी और 573-573 प्रथम, द्वितीय, और तृतीय मतदान अधिकारी शामिल थे।

**मतदान अधिकारियों का विवरण**–सेजेस कन्या विद्यालय बेमेतरा (जनपद पंचायत बेरला): यहाँ पर कुल 849 मतदान अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। इसमें 283 पीठासीन अधिकारी, 283 प्रथम मतदान अधिकारी, और 283 द्वितीय मतदान अधिकारी थे। पी.जी. कॉलेज बेमेतरा (जनपद पंचायत साजा) यहाँ पर 870 मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण हुआ। इसमें 290 पीठासीन अधिकारी, 290 प्रथम मतदान अधिकारी, और 290 द्वितीय मतदान अधिकारी थे। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतराः इस स्थान पर कुल 573 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया, जिसमें 283 मतदान कर्मी जनपद पंचायत बेरला के मतदान केंद्रों के लिए और 290 मतदान कर्मी जनपद पंचायत साजा के मतदान केंद्रों के लिए तैनात किए गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने पीजी कॉलेज पहुँचकर प्रशिक्षण का निरीक्षण किया और मतदान कर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और निर्विरोध संपन्न कराने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि मतदान प्रक्रिया को सफल और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए मतदान कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने सभी कर्मियों से आग्रह किया कि वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया को सशक्त बनाया जा सके। कलेक्टर ने सभी मतदान कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपने कर्तव्यों को गंभीरता से निभाएँ और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या विवाद से बचने के लिए सतर्क रहें। साथ ही, उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने के लिए सभी कर्मियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चुनावी प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जिससे जनता का विश्वास मजबूत हो और लोकतंत्र की नींव और अधिक सुदृढ़ हो। पंचायत निर्वाचन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए मास्टर ट्रेनरों ने मतदान और मतगणना से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण सत्र में बताया गया कि पंचायत चुनाव की खासियत यह है कि मतदान और मतगणना दोनों एक ही दिन और एक ही मतदान केंद्र पर होते हैं। मतदान समाप्त होते ही मतदान दल को मतगणना दल में परिवर्तित कर दिया जाता है और उसी स्थान पर मतगणना कर अभ्यर्थियों को प्राप्त मतों की संख्या घोषित कर दी जाती है। इसलिए मतदान दल के सभी सदस्यों को मतदान के साथ-साथ मतगणना की प्रक्रिया का भी संपूर्ण ज्ञान होना आवश्यक है। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि मतगणना के समय पीठासीन अधिकारी को प्राधिकृत अधिकारी की भूमिका निभानी होती है, जबकि सभी मतदान अधिकारी मतगणना सहायक के रूप में कार्य करते हैं। मतदान और मतगणना की प्रक्रिया पूरी तरह से सामूहिक उत्तरदायित्व का कार्य है, इसलिए दल के प्रत्येक सदस्य को अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाना होगा। यदि मतदान के दौरान कोई त्रुटि होती है, तो उसका प्रभाव मतगणना में दिखेगा, इसलिए सभी को अत्यधिक सतर्कता और सावधानी बरतनी होगी। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि ग्रामीण निकाय चुनावों में प्रत्येक मतदान केंद्र पर चार अलग-अलग पदों के लिए मतदान होता है। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतदान प्रक्रिया को व्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी के अलावा चार मतदान अधिकारी होते हैं। मास्टर ट्रेनरों ने बताया कि पंचायत चुनावों में मतपत्र और मतपेटी के माध्यम से मतदान संपन्न कराया जाता है। सभी मतपत्रों की स्पष्ट पहचान के लिए मतदान दल को दो विशेष सुभेदक सील दी जाती हैं। इनमें से एक सील का उपयोग जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य पद के मतपत्रों के लिए, जबकि दूसरी सील सरपंच और पंच पद के मतपत्रों के लिए किया जाता है।

# सक्ती में पहली बार देवांगन समाज के चार वार्डो में जीत कर आए पार्षद

## देवांगन युवा संगठन ने किया सभी नवनिर्वाचित पार्षदों का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com




नगर पालिका परिषद शक्ति के इतिहास में पहली बार शहर के चुनाव में प्रतिष्ठित देवांगन समाज के विभिन्न अलग-अलग वार्डो से चार पार्षद चुनकर आए हैं, तथा देवांगन समाज को मिली इस बड़ी सफलता पर जहां समाज बंधुओ में हर्ष व्याप्त है, तो वहीं देवांगन युवा संगठन ने भी सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं, तथा धार्मिक सेवा कार्य करते हुए नव निर्वाचित पार्षदों का सम्मान भी किया है,देवांगन कुलदेवी माता परमेश्वरी की चिंत पूजा अखराभाठा निवासी पन्नालाल देवांगन व विसाहू लाल देवांगन के यहां चिंत पूजा में जलभरन कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त जलभरन शोभा यात्रा प्रात 7:00 बजे अखराभाठा से महामाया मंदिर तक निकाली गई,जिसमें समाज के अतिथिगण व सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में शामिल थे, जलभरण शोभा यात्रा महामाया मंदिर पहुंचने पर देवांगन युवा संगठन द्वारा राह में फूल बिछाकर भव्य स्वागत कर सभी सामाजिक बंधुओ के लिए चाय, पानी, बिस्कुट व चॉकलेट की व्यवस्था की गई! माता परमेश्वरी कृपा से यह धार्मिक आयोजन हर वर्ष किसी ने किसी घर में होता ही है, जिसमें समाज के सभी सदस्यों का तन मन धन से सहयोग रहता है। इस अवसर पर देवांगन युवा संगठन द्वारा नगरपालिका चुनाव में जीत कर आए 04 देवांगन बंधु कांग्रेस पार्टी से रामसजीवन देवांगन (वार्ड क्रमांक- 02), कांग्रेस पार्टी से लेखनी दिलीप देवांगन (वार्ड क्रमांक- 06),निर्दलीय हुलास राम देवांगन (वार्ड क्रमांक,- 10) एवं भाजपा से विजय लखन देवांगन (वार्ड क्रमांक- 12) को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया, साथ ही देवांगन महिला समिति अखराभाठा, मनमोहन ठाकुरदिया पारा ग्रूप, कार्तिक मूर्तिकार परिवार को युवा संगठन के विशेष सहयोग के लिए सम्मानित किया गया,उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में देवांगन युवा संगठन के साथ सामाजिक बंधुओ का सहयोग रहा। देवांगन समाज में वार्ड क्रमांक- 02 से राम सजीवन देवांगन एवं वार्ड क्रमांक- 12 से विजय लखन देवांगन लगातार दूसरी बार जीत करने वाले पार्षद हैं, तथा शक्ति के देवांगन समाज की राजनीति में भी भागीदारी काफी बढ़ रही है, एवं देवांगन समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद देवांगन ने कहा है की शक्ति शहर का देवांगन समाज सदैव से सेवा कार्यो में अग्रणी रहा है, तथा समाज के लोगों ने जहां राजनीति में अपनी भागीदारी बढ़ाई है, तो वहीं 2025 के नगर पालिका चुनाव में भी चार पार्षदों का जीत कर आना समाज के लिए गौरव की बात है,तथा गोविंद देवांगन ने भी सभी नवनिर्वाचित पार्षदों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण, मतदान दल हुए मतदान केन्द्रों के लिए रवाना

- त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत जिले के छुरा विकासखंड में गुरुवार 20 फरवरी को होगा मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com




त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार जिले के छुरा विकासखण्ड में द्वितीय चरण का मतदान गुरूवार 20 फरवरी को संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के दिशा-निर्देशन में गरियाबंद जिले में द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान एवं मतगणना कार्य को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न रूप से संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान एवं मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को समुचित रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा मतदान केन्द्रों में बिना किसी अवरोध के शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। इसके लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से सभी मतदान केन्द्रों में आवश्यकतानुसार सुरक्षा बलों की तैनातगी की गई है। गुरूवार 20 फरवरी को होने वाले द्वितीय चरण के मतदान के लिए मतदान अधिकारियों को बुधवार 19 फरवरी को सुबह सामग्री वितरण केन्द्रों से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड मुख्यालय जनपद पंचायत छुरा परिसर में सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र बनाया गया है। निर्वाचन कार्य को सफल बनाने छुरा विकासखंड के 74 ग्राम पंचायत हेतु 158 मतदान केन्द्रों के लिए 180 मतदान दल बनाए गए हैं। जिसमें छुरा विकासखण्ड में 89 हजार 635 मतदाता अपना मताधिकार का प्रयोग करेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार त्रि-स्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत 20 फरवरी को संपन्न होने वाले मतदान के तहत मतों की गणना मतदान समाप्ति के पश्चात् संबंधित मतदान केन्द्रों में ही की जाएगी।

# कांग्रेस की बैठक में की गई चुनाव में हार की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

नगर कांग्रेस कमेटी उतई के द्वारा समीक्षा बैठक रखी गई। जिसमें पार्टी के नवनिर्वाचित पार्षद राकेश साहू, रामशिला धनंजय नेताम व द्वारिका साहू का फूल माला, गुलाल से स्वागत किया गया। बैठक में चुनाव के सभी पहलुओं पर चर्चा की गई। जिस वार्ड में हार हुई वहां अधिक मेहनत कर आगामी चुनाव में बढ़त हासिल करने का संकल्प लिया गया। सभी ने बैठक में सार्थकता के साथ अपनी बातें रखी। बैठक में सभी ने मिलकर आगे एक दूसरे का सहयोग कर पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने का निर्णय लिया। बैठक में के वरिष्ठ नेता भीष्म हीरवानी, खुमान सिंह साहू, नगर कांग्रेस अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, पूर्व पार्षद संजय गोस्वामी, तोषण साहू, वीरेंद गिरी गोस्वामी, प्रहलाद वर्मा, पार्षद राकेश साहू, द्वारिका साहू, रमशिला नेताम, छाया पार्षद रामती टंडन, चेतना पटेल, राधिका हिरवानी, टीकम डोडे, गुलशन शर्मा, योगेश माडले, पूर्व एल्डरमैन प्रेम नारायण साहू, भावेश साहू, मुकेश साहू, शुभम बमभोले, सुरता सिंग, चंदू पटेल, पूनम हिरवानी, तुलसी वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्यवेक्षकों की रहेगी पैनी नजर, कलेक्टर ने बैठक लेकर दिये जरुरी निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बुधवार को संवेदनशील मतदान केंद्रों में नियुक्त पर्यवेक्षकों की ऑनलाइन बैठक ली। उन्होंने सुचारु रूप से मतगणना संपन्न कराने के लिए मतदान केंद्रों में कड़ी नजर रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर नें कहा कि 20 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत कसडोल निर्वाचन क्षेत्र में 293 मतदान केंद्रों में मतदान होना है जिसमें से 37 मतदान केंद्रों को संवेदनशील केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इन 37 संवेदनशील मतदान केंद्रों में किसी प्रकार की विवाद से निपटने तथा शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न कराने के लिए एक-एक पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक लोगों को यह विश्वास दिलाएंगे कि उनकी उपस्थिति में मतगणना निष्पक्ष होगी। उन्होंने सभी पर्यवेक्षक आवंटित मतदान केंद्र में 20 फरवरी 2025 को अपरान्ह 1 बजे तक आवश्य पहुंच जाएं। मतदान समाप्त होने के पश्चात अपनी सम्पूर्ण देख -रेख में मतगणना संपन्न कराकर मतदान दलों को सुरक्षित वापसी हेतु वाहन तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि केवल लिखित शिकायत ही स्वीकार करनी है और परिणाम घोषणा के बाद कोई शिकायत स्वीकार नहीं होगी। संवेदनशील मतदान केंद्रों में ग्राम पंचायत साबर, छेछर,सर्वा, भदरा, झबड़ी, खैरा क, बलौदा, गिधोरी, खपरीडीह, खपराडीह, मोहतरा ह, हसुवा, कटगी, सेल, छाँछी, छरछेद, मड़वा, मटिया, बरेली, सुकली, गिररौद, दर्रा म, बैगनडबरी, पटपुरा, अर्जुनीब, बल्दाकछार, राजादेवरी, बिलारी ज़, कुरमाझर, थरगांव, बार, मुरुमडीह, बड़गांव, बया, चांदन, छतवन, रिकोकला शामिल हैं।

# राकेश रोशन साहू सरपंच पद प्रत्याशी सरखोर, नारियल छाप के साथ सबको दे रहे हैं नारियल फल

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



लवन तहसील से नजदीक 7 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सरखोर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 की सरगर्मी तेजी से जारी है।इसी बीच खबर निकलकर सामने आ रहा है उस गॉव में एक ऐसे भी प्रत्याशी है जो सरपंच पद पर उम्मीदवारी किये हैं जिनको चुनाव चिन्ह नारियल पेड़ मिला है जिसको लेकर वँहा के मतदाताओं में कुछ अलग तरह का उत्साह है उसका वजह भी है कि वह प्रत्याशी गॉव के हर घर जाकर मतदाताओं से आशीर्वाद तो ले रहा है साथ ही साथ मतदाताओं को एक नारियल का फ्ल देकर अपील करते हुए भारी मतों से विजयी बनाने की जागरूकता अभियान चलाते हुए नजर आ रहे हैं।उनके साथ उनके परिवार के सदस्य सहित पारा मोहल्ले ग्रामीण उनके साथ डोर टू डोर जा रहे हैं।उनके प्रचार प्रसार से ग्रामीणों सहित मतदाताओं में भारी जोश एवं लहर निर्मित होता हुआ दिखाई दे रहा है।आपको बताते चलें कि राकेश रोशन साहू गॉव में निजी विद्यालय चलाते हैं जहां उनके गॉव के बच्चे सहित आसपास के बच्चे पढ़ते हैं।ऐसे में उनको उनके अनुभव का लाभ मिलने की बात ग्रामीणों ऊंचे स्वर भी करते हुए नजर आ रहे हैं।अब 23 फरवरी चुनाव नतीजा ही तय करेगा राकेश रोशन साहू के पक्ष में सरखोर की मतदाताओं का वोट प्रतिशत कितना प्राप्त होगा।

# राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत आठ प्रकरण में 32 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने प्राकृतिक आपदा से मृत्यु के आठ प्रकरणों में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के परिजनों को 4-4 लाख रुपये कुल 32 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गरियाबंद तहसील के ग्राम घटौद निवासी 54 वर्षीय भूपसिंह कपिल की सर्पदंष से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन हेमबाई को 04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार अमलीपदर तहसील के ग्राम धनौरा निवासी 10 वर्षीय शेषकुमार नागेष एवं 16 वर्षीय कस्तुरी नागेश की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन खोयेन्द्र नागेष को प्रत्येक प्रकरण में 4-4 लाख रूपये तथा ग्राम घुमरापदर के 10 वर्षीय सयमनी कमार बांध के पानी से डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतिका के निकटतम परिजन राजोराम कमार को 4 लाख रूपये, ग्राम खजूरपदर के 28 वर्षीय मनीलाल नागेष की तालाब में डूबने से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम परिजन अनुरसिंह को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। फिंगेश्वर तहसील के ग्राम पाली निवासी 40 वर्षीय तुकाराम यादव की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन दूरपति बाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार छुरा तहसील के ग्राम करकरा निवासी 31 वर्षीय वेद प्रकाश यादव आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम परिजन उर्वषी यादव को 4 लाख रूपये एवं ग्राम पक्तिया निवासी 43 वर्षीय देवसिंग निषाद की महानदी में डूबने से मृत्यु हो जाने कारण मृतक के निकटतम परिजन प्रतिमा निषाद को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# शासकीय विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया विदाई समारोह, सह पुरुस्कार वितरण

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com




सरायपाली शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा मे विदाई समारोह सह पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम प्राचार्य अभिमन्यु षंढगी की अध्यक्षता में एवं ग्राम पंचायत बलौदा विष्टिट अतिथि सरोज सेठ एवम गणमान्य नागरिक चितरंजन स्वाई विनोद सिंह दीवान उपेन्द्र, साहु मुरलीधर पाढी निर्वतमान सरपंच कमलेश्वर दिवान एवं विद्यालय के व्याख्याता जीसी दास, एमके भोई, एस के बारीक, एन एल पटेल, एम के साहू सविता तिवारी, विवेक बारिक, अनुताप कुमार विशाल, ब्रजकिशोर प्रेमी , एन एल श्रीनिवास, आरके सिंह, के. एस.पटेल सौदागर साहू, भगवान सिंह ठाकुर, जोगेंद्र वर्गे, नीतीश प्रधान रंभा सिदार कुमारी रश्मि मिश्रा सुभाष सोनी की उपस्थिति में कक्षा11 वी छात्र-छात्राओं के द्वारा कक्षा 12 कला साइंस कामर्स के समस्त विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर मिष्ठान तथा पुरूस्कार वितरण करके स्वागत किया गया। प्राचार्य षड़ंगी के द्वारा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने एवं सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करने को कहा। विशिष्ट अतिथि सरोज सेठ द्वारा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा के बारे में बताया गया। मुरलीधर पाढी के द्वारा पढ़ाई के साथ-साथ नैतिकता व चरित्र निर्माण के बारे में बताया गया। सविता तिवारी द्वारा बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को लक्ष्य निर्धारण के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी पुजा भोई एवम प्रियंका डडसेना कक्षा 11 वी के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अनुताप विशाल द्वारा किया गया।

## जिले के नगरीय निकायों में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शून्य घोषित किया

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने आदेश जारी कर जिले के नगरीय निकायों में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शून्य घोषित किया है। उल्लेखनीय है कि जिले में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 15 फरवरी 2025 को मतगणना संपन्न हो गई है। जिसके अंतर्गत जिले के नगर पालिका परिषद बालोद एवं दल्लीराजहरा, नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा एवं अर्जुंदा में आदर्श आचार संहिता प्रभाव शून्य घोषित की गई है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र



पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

छ ग राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का प्रथम चरण का परिणाम घोषित किया गया जिसमें की सरपंच एवं पच जीतकर आए प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत 78 ग्राम पंचायत का चुनाव प्रथम चरण में संपन्न हुआ जिसमें 6 ग्राम पंचायत के पच पद लोगों को बराबर का मत मिला जहां पर मतदाताओं के बीच में लॉटरी निकालकर 6 पंचायत के पन्च को प्रमाण पत्र प्रस्तुत एवं बधाई रिटर्निंग ऑफिसर जैजैपुर के द्वारा दिया गया ।जहां पर जहां पर ।रिटर्निंग ऑफिसर एन के सिंहा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर चिकन जूरी , अनुविभागीय अधिकारी (रा) सक्ती अरुण सोम द्वारा समस्त सरपंच एवं पंच चुनाव जीतकर आने वाले प्रत्याशी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें गणमान्यलोग एवं सरपंच पंच गंण उपस्थित रहे इस प्रकार से जनपद पंचायत जैजैपुर के प्रथम चरण में शांतिपूर्ण चुनाव हुआ और उनका समापन भी किया गया जिसे सभी को प्रमाण पत्र के साथ बधाईयां भी अधिकारियों के द्वारा दिया गया। सैकड़ो की संख्या में लोग सरपंच एवं अपने ग्राम के पच को देखने के लिए जन सैलाब उमडा हुआ सद्भावना भवन जैजैपुर में दिखाई पड़ा। रिटर्निंग ऑफिसर एन के सिंहा ने कहा कि आप लोग मतभेद बुलाकर गांव में रहे तभी आपकी ग्राम का विकास हो सकता है यदि आप लोग हार जीत भुला दे तो ग्राम का विकास नहीं हो सकता जो भी सरपंच जीत के आए हैं वह मतभेद को बुलाकर सभी को सम्मान दें तभी आप आगे पड सकते हैं यह आपकी पहले सीढ़ी है आपको अनेकों उच्च पद में पहुंचना है ।और सभी लोगों को चुनाव में जीत का आने वाले एवं समस्त लोगों को हार्दिक बधाई दी।

## तीन दिवसीय जिला अभ्यास शिविर का हुआ समापन

# बोर्ड परीक्षाओं में शक्ति जिले के सरकारी स्कूलों के बच्चों की मेहनत का दिखेगा इस बार असर

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com






कहते हैं कि जब कोई काम करने के लिए एवं सफलता हासिल करने के लिए दृण संकल्प लेकर आगे बढ़ा जाए तो यह कठिन नहीं होता, कुछ इसी तरह से शक्ति जिले में भी स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बार शक्ति जिले के कलेक्टर अमृत विकास टोपनो के दिशा निर्देशन एवं जिले के शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के मार्गदर्शन में पहल की है, तथा शक्ति जिले में स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार जहां इस वर्ष 2025 में परीक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत सरकारी स्कूलों के शिक्षा के स्तर को और अधिक बेहतर बनाने तथा बोर्ड परीक्षाओं में शक्ति जिले के शासकीय स्कूलों में अध्यनरत बच्चों को टॉप टेन सूची में स्थान दिलाने हेतु लगातार प्रयास किए गए तथा संस्था प्रमुखों की समय-समय पर बैठके आयोजित कर उन्हें निर्देशित किया गया। तथा 17 फरवरी से 19 फरवरी तक शक्ति जिले के मालखरौदा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमनदुला में ऐसे बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए तीन दिवसीय विशेष मार्गदर्शन शिविर का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के मार्गदर्शन में हुआ, 19 फरवरी को इस विशेष मार्गदर्शन शिविर का समापन हुआ, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी सहित तीन दिवसीय इस शिविर में बच्चों को मार्गदर्शन देने वाले विषय विशेषज्ञ शिक्षक भी मौजूद रहे तथा सभी विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने बच्चों को बोर्ड परीक्षा में आने वाले संभावित प्रश्नों को लेकर बहुत ही सुंदर ढंग से उन्हें समझाया तथा एक-एक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए बिना किसी तनाव के बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्र हल करने की बारीकियो पर भी उन्होंने प्रकाश डाला तथा इस पूरे तीन दिवसीय शिविर में जहां बच्चों ने भी उत्साह पूर्वक अपनी सक्रिय भागीदारी करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परीक्षा परिणाम प्राप्त करने का संकल्प लिया। तो वहीं विद्यार्थियों में भी बोर्ड परीक्षा को लेकर एक उत्सुकता नजर आई तथा पूरे तीन दिन तक सरकारी स्कूलों के बोर्ड परीक्षार्थी शिविर स्थल पर डटे रहे एवं उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के भी इन प्रयासों पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग ने हमारे उज्जवल भविष्य के लिए यह जो पहल की है निश्चित रूप से हम यह आश्वासन देते हैं कि हमारे जिले का परीक्षा परिणाम प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाएगा, उल्लेखित हो की शक्ति जिले में जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के मार्गदर्शन में निरंतर स्कूल शिक्षा विभाग जहां बेहतर कार्य कर रहा है, तो वहीं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए भी सरकारी स्कूलों की समस्त शिक्षा व्यवस्था को बहुत ही मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है।

# रेखा मित्तल का निधन, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री गिरीश मित्तल की धर्म पत्नी थी रेखा



**सक्ती।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री गिरीश मित्तल दिल्ली की धर्मपत्नी रेखा मित्तल का 19 फरवरी 2025 दिन- बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया था, जिनका अंतिम संस्कार -19 फरवरी 2025 दिन-बुधवार को सुबह निगम बोध घाट, यमुना बाजार,दिल्ली में हुआ,उनकी अंतिम संस्कार यात्रा निवास- 198/59 ए रमेश मार्केट, ईस्ट आफकैलाश दिल्ली से निकली, रेखा मित्तल के निधन पर अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन परिवार,अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, रेखा मित्तल धार्मिक विचारों वाली प्रखर व्यक्ति त्व की महिला थी, तथा वे अपने पीछे भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गई है।

## कांता देवी अग्रवाल का निधन

**सक्ती।** मालखरौदा के प्रतिष्ठित नागरिक अशोक अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल एवं संजय अग्रवाल की पूज्य माताजी कांता देवी



अग्रवाल का आकस्मिक निधन 19 फरवरी 2025 दिन- बुधवार को सुबह 4:00 बजे हो गया था,जिनका अंतिम संस्कार 19 फरवरी 2023 दिन- बुधवार को स्थानीय मुक्ति धाम मालखरौदा में हुआ कांता देवी अग्रवाल के निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है, तथा वे धर्म परायण महिला थी एवं अपने पीछे भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गई है।





# नेचुरोपैथी में बनाएं अपना कॅरियर

**एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।**

आज के समय में लोगों का लाइफस्टाइल जिस तरह का है, उसके कारण हर व्यक्ति किसी न किसी समस्या से ग्रस्त रहता ही है। लेकिन हर समस्या के लिए दवाइयों का इस्तेमाल करना उचित नहीं माना जाता। अगर आप भी लोगों का इलाज प्राकृतिक तरीके से करने में विश्वास रखते हैं तो नेचुरोपैथी में अपना भविष्य बना सकते हैं। यह एक ऐसी वैकल्पिक चिकित्सा है, जिसमें प्रकृति के पांच तत्वों की सहायता से व्यक्ति का इलाज किया जाता है। यह इलाज की एक बेहद पुरानी पद्धति है।

## स्किल्स

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे व्यक्ति को सामान्य चिकित्सा व मानव शरीर रचना विज्ञान के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त एक सफल नेचुरोपैथ बनने के लिए आपके भीतर धैर्य, कम्युनिकेशन और लिसनिंग स्किल्स, आत्मविश्वास, मरीज की जरूरतों को समझाना, मोटिवेशनल्स स्किल्स व रोगियों के भीतर विश्वास पैदा करने का भी कौशल होना चाहिए।

## क्या होता है काम

एक नेचुरोपैथ का मुख्य काम सिर्फ रोगी का इलाज करना ही नहीं होता, बल्कि वह अपने पेशेंट के खानपान और उसके लाइफस्टाइल में भी बदलाव करता है, ताकि व्यक्ति जल्द से जल्द ठीक हो सके। इतना ही नहीं, एक नेचुरोपैथ को मनोविज्ञान का भी ज्ञान होना चाहिए ताकि वह रोगी की स्थित कि समझकर उसे बेहतर उपचार दे सके।

## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर देख रहे छात्रों का भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीवविज्ञान में कम से कम 45 प्रतिशत अंक होने चाहिए। इसके बाद आप बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी और यौगिक साइंस कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इसमें डिप्लोमा कोर्स भी अवेलेबल हैं।



## संभावनाएं

एक नेचुरोपैथ वेलनेस सेंटर्स, न्यूटिशन सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ केयर सेंटर आदि में जॉब तलाश सकते हैं। इसके अतिरिक्त आप एकेडमिक्स, कम्युनिटी हेल्थ सर्विस केयर, सोशल वेलफेयर, मैन्युफैक्चरिंग और नेचुरल प्रॉडक्ट्स कंपनी आदि में भी काम कर सकते हैं। भारत में प्राकृतिक चिकित्सक सरकारी और निजी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में नियुक्त किए जाते हैं। वैसे लग्जरी होटल व हेल्थ रिसॉर्ट में भी नेचुरोपैथ सर्विसेज दी जाती हैं, वहां पर भी जॉब की जा सकती है। इसके अतिरिक्त आप विभिन्न अखबार, मैगजीन में लिख सकते हैं या फिर खुद का यूट्यूब चैनल चलाकर भी अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। एक अनुभवी प्राकृतिक चिकित्सक खुद का सेंटर भी खोल सकता है।

## आमदनी

एक नेचुरोपैथ यानी प्राकृतिक चिकित्सक का वेतन काफी हद तक उसकी लोकेशन, विशेषज्ञता, योग्यता और अनुभव पर निर्भर करता है। वैसे शुरूआती तौर पर एक नेचुरोपैथ दस हजार से बीस हजार रूपए आसानी से कमा सकता है। एक बार अनुभव प्राप्त करने के बाद आपको आकर्षक वेतन मिल सकता है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ योगा एंड नेचुरोपैथी, नई दिल्ली।
- महर्षि पतंजलि इंस्टीटयूट फॉर योगा नेचुरोपैथी एजुकेशन एंड रिसर्च, गुजरात।
- बोर्ड ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सिस्टम ऑफ मेडिसिन, मेरठ।
- सीएमजे यूनिवर्सिटी, मेघालय।
- प्रज्ञान इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रांची।
- एसडीएम कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगा सांइस, कर्नाटक।
- हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर।
- महावीर कॉलेज ऑफ नेचुरोपैथी एंड योग, छत्तीसगढ़।



**एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है।**

# अगर आपको भी है टैटू बनाने का पैशन...

पिछले कुछ समय से टैटू बनवाने का क्रेज युवाओं में काफी बढ़ गया है। वैसे तो टैटू पुराने समय से बनाए जाते रहे हैं लेकिन कुछ सालों से इसके स्वरूप में काफी परिवर्तन आया है। वर्तमान समय में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बड़े-बड़े स्टार्स भी बॉडी पर टैटू बनवाते हैं, फिर चाहे बात दीपिका पादुकोण की हो या प्रियंका चोपड़ा की, हर कोई टैटू बनवा चुकी है। आज के समय में बहुत से ऐसे युवा हैं जो न सिर्फ टैटू बनवाने का क्रेज रखते हैं, बल्कि वह टैटू बनाना भी सीखना चाहते हैं। अगर आपको भी टैटू बनाने का पैशन है तो आप इस क्षेत्र में करियर की संभावनाएं देख सकते हैं-

## क्या होता है काम

एक टैटू आर्टिस्ट का काम महज टैटू बनाना ही नहीं होता। वह सबसे पहले अपने क्लाइंट की जरूरत को समझता है और उसके अनुसार अपने क्लाइंट को कुछ बेहतरीन सुझाव देता है। अंत में वह टैटू बनाता है। इसके अलावा टैटू बनाने के बाद शुरूआत में स्किन की सही तरह से केयर करनी भी जरूरी होती है, इसलिए एक टैटू मेकर का काम है कि वह अपने क्लाइंट को स्किन केयर के बारे में भी सारी जानकारी दे ताकि उन्हें बाद में किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े।

## स्किल्स

इस क्षेत्र की सबसे बड़ी जरूरत है आपका क्रिएटिव माइंड। आज के समय में पहले की तरह सिंपल टैटू नहीं बनाए जाते। इसलिए एक टैटू मेकर क्लाइंट की जरूरत को समझकर और अपनी क्रिएटिविटी का प्रयोग करके शरीर के विभिन्न



हिस्सों पर अलग-अलग कलर कॉम्बीनेशन और केमिकल्स के जरिए बेहतरीन आकृति को उकेरता है। इतना ही नहीं, इस क्षेत्र में आपकी सफलता आपका पैशन तय करता है। अगर आप इस काम से दिल से प्यार करते हैं, तभी आपको इस क्षेत्र में कदम रखना चाहिए। इसके अतिरिक्त एक टैटू मेकर को हमेशा अपडेट रहना चाहिए। उसे लेटेस्ट ट्रेंड की जानकारी होनी चाहिए। एक टैटू बनाना देखने में भले ही आसान लगे लेकिन यह एक कठिन काम है। इसमें आपको बेहद पेशेंस और एकाग्रता की जरूरत होती है। कई बार लोगों को टैटू से त्वचा में संक्रमण भी फैल जाता है। इसलिए यह बेहद जरूरी है कि आप इससे भी अच्छी तरह वाकिफ हों और हर तरह की सावधानी बरतते हुए ही अपना काम करें।



## योग्यता

इस क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाएं देख रहे छात्रों के लिए कोई मिनिमम योग्यता निर्धारित नहीं है। लेकिन टैटू बनाने में आजकल मशीनों का प्रयोग किया जाता है, इसके लिए आप किसी टैटू स्टूडियो या संस्थान से शॉर्ट टर्म कोर्स के जरिए टैटू मेकिंग सीख सकते हैं। यह कोर्स एक से दो महीने का होता है।

## संभावनाएं

एक टैटू मेकर के लिए काम की कोई कमी नहीं है। टैटू मेकिंग का काम सीखने के बाद आप घर से ही काम की शुरूआत कर सकते हैं। अगर आप बजट अच्छा है तो अलग से टैटू मेकिंग स्टूडियो भी खोला जा सकता है। अगर आप क्लाइंट के घर जाकर काम कर सकते हैं तो ऑनलाइन काम को प्रमोट करना अच्छा रहेगा। इससे आपको कम समय में ही अच्छा काम मिलने लगेगा। इसके अतिरिक्त बड़े-बड़े मॉल्स में भी टैटू मेकिंग का काम शुरू किया जा सकता है।

## आमदनी

इस क्षेत्र में कमाई अनुभव और आपके काम के अनुसार बढ़ती है। वैसे कोर्स करने के बाद शुरूआती दौर में एक टैटू मेकर प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपए आसानी से कमा सकता है। लेकिन कुछ सालों के अनुभव के बाद जब आप अपना नाम स्थापित कर लेते हैं तो आपकी आमदनी लाखों में भी हो सकती है।

# कम्युनिकेशन डिजाइनिंग से दें कॅरियर को एक नई उड़ान

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके। देश के प्रतिष्ठित संस्थान राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान डिजाइनिंग संबंधी कई कोर्स संचालित करता है। इन कोर्सेस में दाखिला लेकर छात्र न सिर्फ अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं, बल्कि सफलता की नई कहानी भी लिख सकते हैं। आज हम आपको राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान में संचालित विभिन्न कोर्स की जानकारी दे रहे हैं




### बैचलर ऑफ डिजाइन बी.डेस

यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम है जो आठ विषयों में उपलब्ध है। 12वीं स्तर के 20 वर्षीय विद्यार्थी इन कोर्सेस में दाखिला ले सकते हैं।

### एनीमेशन फिल्म डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि करीबन चार वर्ष की होती है और इसमें महज 15 सीटें ही एनआईडी में उपलब्ध होती हैं। इस कोर्स को करने के बाद छात्र विभिन्न टीवी चैनल में एनिमेटर, करैक्टर डिजाइनर, स्टोरी बोर्ड आर्टिस्ट, क्रिएटिव डायरेक्टर, प्रोड्यूसर, कंसलटेंट आदि के रूप में काम कर सकते हैं या फिर खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन

सिरामिक एवं ग्लास डिजाइन कला और रचनात्मकता के क्षेत्रों में शिल्प, वास्तु, चिकित्सा, सत्कार, सज्जा उत्पादों आदि शैलियों में कार्यात्मक सम्भावनायें भी प्रदान करता है। एनआईडी का यह विभाग भारतीय कला और शिल्प से प्रेरणा लेता है और छात्रों को भविष्य में बड़े पैमाने पर उत्पादन और नयी तकनीकों की क्षमता को समझने में मदद करता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र एनजीओ, डिजाइन स्टूडियो, शिल्प उद्योग में भी रोजगार के अवसर ढूंढ सकते हैं या खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

### एक्सबिशन डिजाइन

कम्युनिकेशन डिजाइन से संबंधित इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है। इस कोर्स के दौरान छात्रों में ऐसी समझ का विकास किया जाता है, जिससे खुले और निर्मित स्थानों में संचार के लिए सही परिवेश की स्थापना हो सके। इसके साथ ही ऐसे अनुभवों का निर्माण हो सके जिनके समर्थन से दर्शकों के समक्ष विचारों की व्याख्या हो सके।

### फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन

फिल्म व वीडियो कम्युनिकेशन कोर्स के तहत छात्रों को छोटी एजुकेशनल, कल्चरल, सोशल, एंटरटेनिंग व मार्कट कम्युनिकेशन संबंधी शार्ट फिल्में बनाने करने के लिए तैयार किया जाता है। इस कोर्स को करने के बाद छात्र ऑडियो-विजुअल कम्युनिकेशन के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। ऐसे छात्रों के लिए एड एजेंसी, फिल्म प्रॉडक्शन हाउस, टीवी चैनल्स व अन्य कई सरकारी क्षेत्रों व एनजीओ के रास्ते हमेशा खुले रहते हैं।

### फर्नीचर डिजाइन

फर्नीचर डिजाइन भी वास्तव में एक कला है और इस कला की पूरी जानकारी एनआईडी के चार वर्षीय फर्नीचर डिजाइन कोर्स से प्राप्त होती है। कोर्स में विभिन्न प्रकार के मैटीरियल, उनके इस्तेमाल और क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करके कुछ नया बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### ग्राफिक डिजाइन

पिछले कुछ समय से ग्राफिक डिजाइनर की मांग काफी बढ़ी है। ऑनलाइन से लेकर ऑफलाइन तक लोग ग्राफिक्स का सहारा लेने लगे हैं। इसके जरिए चीजों को आसानी से समझा जा सकता है और यही कारण है कि यह कोर्स छात्रों के बीच खासा पसंद किया जाता है।

### जीडीजीपी (ग्रेजुएट डिप्लोमा प्रोग्राम इन डिजाइन)

4 वर्ष का यह कोर्स विजयवाड़ा और कुरुक्षेत्र में उपलब्ध है। इसमें छात्रों का 12वीं पास होना आवश्यक है और उम्मीदवार की आयु 20 से अधिक न होनी चाहिए।

### प्रॉडक्ट डिजाइन

प्रॉडक्ट डिजाइन उन वस्तुओं की रचना करना है, जो लोगों के लिए फायदेमंद है। वस्तुए बड़ी व्यवस्था का मुख्य अंश होती है। कोर्स के दौरान प्रोजेक्ट्स का मुख्य केंद्र उपयोगकर्ताओं की जरूरत, उत्पाद और आर्थिक प्रभाव के लिए प्रोडक्ट्स और सर्विसेज पर रहता है।

### टेक्सटाइल डिजाइन

टेक्सटाइल डिजाइन के कोर्स के तहत छात्रों के भीतर कपड़ा अथवा टेक्सटाइल की समझ का ज्ञान विकसित किया जाता है। इस कोर्स की अवधि चार वर्ष है।

### स्नातकोत्तर डिजाइन (एम.डेस)

किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री प्राप्त छात्र इस कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। 25 वर्ष की अवधि का यह कोर्स अहमदाबाद, बेंगलुरु और गांधीनगर कैंपसों में उपलब्ध है। इन कोर्सेस में दाखिला लेने वाले आवेदक की आयु 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। यह कोर्स लगभग 19 विषयों में उपलब्ध है, जो इस प्रकार है-

- ऐनीमेशन फिल्म डिजाइन
- अपैरल डिजाइन
- सिरामिक व ग्लास डिजाइन
- डिजाइन फॉर रिटेल एक्सपीरियंस
- डिजिटल गेम डिजाइन
- फिल्म व वीडियो कम्यूनिकेशन डिजाइन
- फर्निचर डिजाइन
- ग्राफिक डिजाइन
- इन्फोरमेशन डिजाइन
- इंटरैक्शन डिजाइन
- लाइफस्टाइल ऐक्सेसरी डिजाइन
- न्यू मीडिया डिजाइन
- फोटोग्राफी डिजाइन
- प्रोडक्ट डिजाइन
- स्ट्रैटिजिक डिजाइन प्रबंधन
- टेक्सटाइल डिजाइन
- टॉय ऐंड गेम डिजाइन
- ट्रांसपोर्टटेशन व ऑटोमोबाइल डिजाइन
- यूनिवर्सल डिजाइन

# कैंसर मिथक और तथ्य: डॉ. सौरभ जैन का एसआरआईपी में जागरूकता और प्रारंभिक पहचान पर हुआ प्रोग्राम





पायनियर संवाददाता ➤ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

कैंसर को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने और इसके रोकथाम एवं प्रारंभिक पहचान पर साक्षात्कार प्रदान करने हेतु कैंसर मिथक बनाम तथ्य रोकथाम और प्रारंभिक पहचान का सत्य विषय पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह प्रोग्राम डॉ. सौरभ जैन, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. जैन ने इस प्रोग्राम में कैंसर की प्रारंभिक पहचान और रोकथाम की महत्वता को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि नियमित स्क्रीनिंग जैसे कि मेमोग्राम, पैप स्मीयर और कोलोनोस्कोपी कैंसर का प्रारंभिक और अधिक उपचार योग्य चरण में पता लगाने में सहायक हो सकते हैं। इसके अलावा, कैंसर के शुरुआती चेतावनी संकेतों जैसे कि असामान्य गांठें, थकान, या अज्ञात वजन कम होने के मामलों में चिकित्सा सहायता लेने की सलाह दी गई। महिला और पुरुषों के लिए विशेष कैंसर और स्क्रीनिंग पर जोर दिया गया। महिलाओं को नियमित रूप से स्तन और गर्भाशय के कैंसर की स्क्रीनिंग करने की सलाह दी गई, जबकि पुरुषों को प्रोस्टेट कैंसर के जोखिम से अवगत कराया गया। साथ ही, एचपीवी से संबंधित कैंसर के बढ़ते मामलों पर भी चर्चा की गई और एचपीवी टीकाकरण की अहमियत बताई गई। प्रोग्राम ने मिथकों और तथ्यों को स्पष्ट रूप से समझाया, जिससे उपस्थित लोगों को सचेत और सूचित स्वास्थ्य निर्णय लेने में मदद मिली। डॉ. जैन ने इस बात पर भी ध्यान दिलाया कि कैंसर के मिथक मानसिक दबाव, भय और चिंताओं को बढ़ा सकते हैं, जिससे लोग जरूरी स्क्रीनिंग से बचते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर का निदान हमेशा घातक नहीं होता और सही समय पर पहचान से जीवन को बचाया जा सकता है। इस प्रोग्राम की सराहना एसआरआईपी कुम्हारी कैंपस की डॉ. प्रीति गुर्नानी (निर्देशक) और डॉ. एस. प्रकाश राव (प्रधानाचार्य) ने की, जिन्होंने डॉ. सौरभ जैन के ज्ञानवर्धक और सूचनात्मक प्रोग्राम की सराहना की और इसे कैंसर की रोकथाम के लिए एक अहम कदम बताया। यह आयोजन एसआरआईपी के सहायक प्रोफेसरों, मिस प्रितिभा साहू, मिस अंचल वर्मा और मिस दीपिका साहू द्वारा संयोजित किया गया था।

# श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी के प्रथम वार्षिक समारोह "DU Ignite" का भव्य आयोजन





पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री दावड़ा यूनिवर्सिटी ने अपने पहले वार्षिक समारोह "DU Ignite" का भव्य आयोजन किया, जिसमें शिक्षा, कला और संस्कृति का अद्भुत समागम देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत कुलसचिव कुमार श्वेताभ द्वारा यूनिवर्सिटी की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने से हुई। इसके बाद डायरेक्टर जनरल डॉ. चार्मी दावड़ा ने छात्रों और स्टाफ द्वारा पिछले वर्ष में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से बी.ए. के छात्र राहुल, जिन्होंने 400 मीटर दौड़ में स्टेट लेवल पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया, का उल्लेख किया। इसके अलावा, उन्होंने स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत प्लेस हुए छात्रों की उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मिसेज वर्ल्ड डॉ. अदिति गोवित्रिकर ने छात्रों को प्रेरणादायक संदेश दिया। विशेष अतिथियों में अमृता कुशवाहा, रीतिका यादव, दिलीप कुमार और पूजा साहू ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों, मीडिया कर्मियों, सोशल मीडिया के प्रभावशाली व्यक्तित्वों एवं यूनिवर्सिटी में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों का सम्मान भी किया गया। यह सम्मान डॉ. अदिति गोवित्रिकर एवं डॉ. चार्मी दावड़ा द्वारा प्रदान किया गया, जिन्होंने उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और भव्य फैशन शो की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। यह आयोजन छात्रों के लिए न केवल मनोरंजन बल्कि उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ। इस शानदार आयोजन के लिए सीईओ चिन्मय दावड़ा एवं डॉ. चार्मी दावड़ा ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार कुमार श्वेताभ, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. वरुण गंजीर, डॉ. मनीष वर्मा, विपिन श्रीवास्तव, प्रांजलि तिवारी, देवेंद्र गुलहरे एवं संपूर्ण स्टाफ को शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में छत्तीसगढ़ी फिल्म सुहाग की टीम ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और फिल्म का प्रमोशन किया।

# आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर: शिक्षा, नवाचार और छात्र सफलता का आदर्श केंद्र

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर उच्च शिक्षा के लिए एक प्रमुख संस्थान बन चुका है। यह विश्वस्तर का शैक्षणिक माहौल, राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंकिंग और व्यापक छात्रवृत्ति अवसर प्रदान करता है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त इसका परिसर शिक्षा, खेल, शोध और सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा देने के लिए एक शानदार मंच प्रदान करता है। आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर को अपनी स्थिरता और स्वच्छता के लिए पहचान मिली है। स्वच्छता एक्शन प्लान में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए इसे ग्रीन चैंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। साथ ही, एमएचआरडी द्वारा इसे सबसे स्वच्छ गैर-आवासीय परिसर घोषित किया गया, जो इसके पर्यावरण अनुकूल और सुव्यवस्थित शिक्षण स्थान के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शैक्षणिक स्तर पर, आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने लगातार नए मानक स्थापित किए हैं। इसे एनएएसी बी+ मान्यता प्राप्त है और ओबीई रैंकिंग में ए3 बैंड मिला है। यूनिरैंक द्वारा इसे लगातार तीन सालों तक छत्तीसगढ़ में नंबर 1 स्थान दिया गया है। नवाचार और उद्यमिता में इसकी नेतृत्व क्षमता एआरआईआईए में 4-स्टार रेटिंग और आईआईसी रैंकिंग में 3-स्टार रेटिंग से साबित होती है। अपनी स्थिति को और मजबूत करते हुए, इसे एआरआईआईए की ब्रांड प्रॉमिसिंग श्रेणी में भारत में 13वां और छत्तीसगढ़ में पहला स्थान मिला है। शैक्षणिक उपलब्धियों के अलावा, आईटीएम यूनिवर्सिटी रायपुर ने खेल और अन्य गतिविधियों में भी बड़ी सफलताएँ हासिल की हैं। यह प्रसिद्ध पुलेला गोपीचंद बैडमिंटन अकादमी के साथ साझेदारी कर उभरते खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रशिक्षण प्रदान करता है। यूनिवर्सिटी ने राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री बैडमिंटन चैंपियनशिप जैसी प्रमुख खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की हैं और टोयोटाथॉन 2021 के लिए छत्तीसगढ़ में विशेष नोडल केंद्र के रूप में कार्य किया है।

# शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग रायपुर के बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्रों का कैंपस ड्राइव में चयन



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

जगतगुरु शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग, रायपुर के बीएससी नर्सिंग अंतिम वर्ष के छात्रों ने एक और उपलब्धि हासिल की है। कॉलेज द्वारा आयोजित कैंपस ड्राइव में, संजीवनी सीबीसीसी यूएसए, कैंसर हॉस्पिटल ने छात्रों का चयन किया। इस ड्राइव में कुल 23 छात्रों ने भाग लिया और सभी का चयन हुआ। कॉलेज की निदेशक सुमन त्रिपाठी ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि यह सफलता उनके कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनकी मेहनत भविष्य में और भी बड़े अवसरों के द्वार खोलेगी। निदेशक ने आगे कहा कि कॉलेज हमेशा छात्रों के साथ है और उनकी सफलता में सहयोग देता रहेगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राध्यापकगण और अन्य शिक्षण कर्मचारी भी उपस्थित थे। छात्रों का यह शानदार प्रदर्शन कॉलेज के लिए गर्व की बात है और यह साबित करता है कि शिक्षा और प्रशिक्षण के उच्चतम स्तर से प्राप्त परिणाम हमेशा सकारात्मक होते हैं। संज़ीवनी सीबीसीसी यूएसए, कैंसर हॉस्पिटल ने चयनित छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और साथ ही उन्हें अस्पताल में कार्य करने के लिए आमंत्रित किया। यह सफलता कॉलेज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और यह छात्रों के उत्कृष्टता की दिशा में एक नई शुरुआत है।

# वॉइस ऑफ साउथ गीत संगीत का आयोजन आर के एम फ्रेंड्स म्युजिकल द्वारा 22 को




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

संगीत प्रेमियों के लिए एक बार फिर 22 फरवरी को स्थानीय चर्चित मायाराम सुरजन हाल, रजबन्धा मैदान, रायपुर में शाम 6.00 बजे एक यादगार सुरमई संध्या आयोजित होने जा रही है। जिसमे आर.के.एम. फ्रेंड्स म्यूज़िकल ग्रुप के गायक कलाकारों एवं अतिथि गायक कलाकारों द्वारा सुरताल सुनने मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गायक गौतम देवनानी, सेमी फाइनलिस्ट इंडियाज गॉट टैलेंट 7 उनकी मधुर गायकी सुन ने मिलेगी, आर.के.एम. फ्रेंड्स म्यूज़िकल ग्रुप के संस्थापक, संचालक मोहम्मद मिन्हाज (मज्जू) के हृदय में निवास करते हैं दक्षिण भारत के सभी फनकार बीते वर्ष 2023 में साउथ के महान संगीतकार आस्कर अवार्ड लेने वाले ए.आर.रहमान स्पेशल किये है अब दक्षिण भारत के महान गायक के.जे. येसुदास, हरिहरन और एस.पी. बालासुब्रमण्यम को समर्पित होगा। कार्यक्रम तुझे देखकर जग वाले शीर्षक पर आधारित रहेगा। जो प्रतिष्ठित गायक के.जे. येसुदास, हरिहरन और एस.पी. बाला सुब्रमण्यम साहब के द्वारा दिए गए अविस्मरणीय गीतों की प्रस्तुति श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# रियलमी ने बहुप्रतीक्षित रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3एक्स 5जी लॉन्च किए




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रियलमी, जो भारतीय युवाओं का सबसे चहेता स्मार्टफोन ब्रांड है, उसने गर्व से रियलमी पी3 सीरीज 5जी पेश किया है। यह खासतौर से भारत के हिसाब से डिजाइन किया गया है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3× 5जी के साथ यह सीरीज भारतीय उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक इनोवेशन पेश करने की अवधारणा का प्रदर्शन करती है। बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और स्टाइल पर केंद्रित रहते हुए ये स्मार्टफोन मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर देंगे, जिससे अपने यूज़र्स को सेगमेंट-फर्स्ट इनोवेशन पेश करने की रियलमी की प्रतिबद्धता मजबूत होती है। रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3× 5जी की परफॉर्मेंस को एक नया आयाम देते हुए इसके डिज़ाइन को भी आकर्षक बनाया गया है, जो उन्हें आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में अलग बनाता है। रियलमी टेक्नोलॉजी में अग्रसर होने की प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए, दोनों डिवाइस शानदार कारीगरी, अत्याधुनिक फीचर्स और बेजोड़ मजबूती के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी प्रेमियों की जरूरतों को पूरा करती हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, रियलमी के प्रवक्ता ने कहा कि, हमें रियलमी पी3 प्रो 5जी और रियलमी पी3× 5जी पेश करते हुए बहुत खुशी हो रही है, ये दोनों डिवाइस हमारे इनोवेशन और यूज़र-केंद्रित डिज़ाइन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

# एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने लॉन्च किए फार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज़ के ट्रैक्टर

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड (ईकेएल) ने अपने फार्मट्रैक ब्रांड के तहत नई फार्मट्रैक प्रोमैक्स सीरीज़ के ट्रैक्टर लॉन्च किए हैं। यह सीरीज़ 39-47 एचपी के सेगमेंट में भारतीय किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। इस सीरीज़ में 2डब्ल्युडी और 4डब्ल्युडी वेरिएंट्स में प्रोमैक्स 39, प्रोमैक्स 42, प्रोमैक्स 45 और प्रोमैक्स 47 मॉडल शामिल हैं। नई सीरीज़ में दमदार परफॉर्मेंस के साथ-साथ आकर्षक स्टाइल और उन्नत सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया है। फार्मट्रैक ब्रांड भारत में लंबे समय से मौजूद है, जिसके पास एक भरोसेमंद ग्राहक वर्ग है। प्रोमैक्स सीरीज़ बेहतर टेक्नोलॉजी के साथ इस विरासत को आगे बढ़ा रही है। ये नए ट्रैक्टर ज्यादा आधुनिक और इनोवेटिव हैं। इस सीरीज़ में बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ आकर्षण और स्टाईल पर भी ध्यान दिया गया है। प्रोमैक्स ट्रैक्टर्स में अत्याधुनिक 3 सिलेंडर प्रोमैक्स इंजन लगा है, जो बेहतर माईलेज के साथ शानदार पॉवर आउटपुट प्रदान करता है। इसलिए इन ट्रैक्टरों के संचालन की लागत कम है। इसमें हैवी ड्यूटी 12एफ + 3आर मल्टी-स्पीड कॉन्सटेंट मेश ट्रांसमिशन के साथ हेलिकल गियर और आधुनिक लुब्रिकेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, जिससे वन फिगर गियर शिफ्टिंग, कम से कम शोर, बेहतर ट्रैक्शन और लंबी ड्यूरेबिलिटी मिलती है। इसके स्टैंडर्ड ईपीआई रिडक्शन द्वारा ट्रैक्टर की क्षमताएं बढ़ जाती हैं, जिससे यह रियल एक्सल पर भारी लोड आसानी से संभाल सकता है। इसकी माल ढोने की क्षमता 2000 किलोग्राम है। इसमें स्मार्ट प्रो लिफ्ट स्विच और सर्वश्रेष्ठ हाईड्रॉलिक्स की विशेषताएं दी गई हैं, जिनकी मदद से यह सीरीज़ उपकरणों की सुगम हैंडलिंग कर सकती है।

# जेईई मेन रिजल्ट 2025: भिलाई शहर में फिजिक्सवाला के 8 छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



एजुकेशन कंपनी फिजिकसवाला (पीडब्लू) ने जेईई मेन 2025 सेशन 1 परीक्षा में अपने नतीजे घोषित किये हैं, जिनमें से एक ने गुजरात से 100 पर्सेंटाइल हासिल किया है 7 साथ ही 612 से अधिक छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 1359 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, 3548+ छात्रों ने 98 पर्सेंटाइल से ऊपर स्कोर किया है, और परिणामों की गिनती अभी भी जारी है। भिलाई में फिजिक्सवाला के 8 छात्रों ने जेईई मेन सेशन 1 2025 के परिणामों में 99 पर्सेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। प्रमोद यादव (99.63), जयंत दुबे (99.60), और कुनाल देवांगन (99.43) भिलाई में पीडब्लू के शीर्ष 3 छात्रों में शामिल थे। चार राज्य टॉपर्स अपनी शानदार उपलब्धियों के साथ इस सूची में सबसे आगे हैं। गुजरात के शिवेन विकास तोशनीवाल ने 100 पर्सेंटाइल हासिल किए, मिजोरम के इशांत वर्मा ने 99.57 पर्सेंटाइल हासिल किए, अरुणाचल प्रदेश के प्रणय कुमार रॉय ने 99.38 पर्सेंटाइल हासिल किए और जम्मू-कश्मीर के कामरान बिलाल भट ने 99.89 पर्सेंटाइल हासिल किए, जो पीडब्लू के मॉक टेस्ट में उनके प्रदर्शन से काफी मेल खाता है। इन छात्रों ने फिजिकसवाला के ऑफलाइन सेंटरों (विद्यापीठ और पाठशाला) या फिर ऑनलाइन बैचों (अर्जुन जेईई और लक्ष्य जेईई) से पढ़ाई की थी। यह पीडब्लू के डिजिटल और फिजिकल लर्निंग प्लेटफॉर्म के एकीकृत दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिससे छात्रों को सर्वोत्तम तैयारी का लाभ मिला। अलख पांडे, अध्यापक, संस्थापक और सीईओ, फिजिक्सवाला, ने कहा, सभी सफल छात्रों को बधाई।

# होंडा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने नई 2025 शाइन 125 लॉन्च की नये इंडिया की अमेज़िंग शाइन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने ओबीडी2बी मानकों के अनुरूप नई शाइन 125 को लॉन्च करने की घोषणा की। इसे नए रंगों और एडवांस फीचर्स के साथ अपडेट किया गया है, ताकि राइडर्स को पहले से बेहतर अनुभव मिल सके। 2025 होंडा शाइन 125 की कीमत (एक्स-शोरूम, दिल्ली) 84,493 रूपए से शुरू होती है। नई शाइन 125 को पेश करते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया केप्रबंध निदेशक, प्रेसिडेंट और सीईओ सुतसुमु ओटानी ने कहा, हमें ओबीडी2बी-कम्प्लाएंट शाइन 125 लॉन्च करते हुए बेहद खुशी हो रही है। वर्ष 2006 में लॉन्च होने के बाद से ही शाइन अपने सेगमेंट की सबसे पसंदीदा मोटरसाइकल बनी हुई है और लाखों भारतीय ग्राहकों का भरोसा जीत चुकी है। बीते वर्षों में इसने परफॉर्मेंस, कंफर्ट और भरोसेमंद सफर के नए मानक स्थापित किए हैं। हमें नई शाइन 125 को उन्नत फीचर्स के साथ पेश करते हुए गर्व हो रहा है। ये नए फीचर्स इसे और ज्यादा उपयोगी और आकर्षक बनाएंगे, जिससे यह आज के राइडर्स की उम्मीदों पर पूरी तरह खरी उतरेगी। इस लॉन्च पर बोलते हुए, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया केडायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग योगेश माथुर ने कहा, नई शाइन 125 को लॉन्च करना हमारे लिए खुशी की बात है। यह मोटरसाइकल 125सीसी सेगमेंट में लगातार नए मानक स्थापित कर रही है। अब ओबीडी2बी कम्प्लाएंट इंजन और कई नए एडवांस फीचर्स के साथ यह भारतीय ग्राहकों के लिए और भी सुविधाजनक हो गई है। शाइन 125 अब पूरी तरह डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, आइडलिंग स्टॉप सिस्टम और यूएसबी सी -टाइप चार्जिंग पोर्ट जैसी सुविधाओं से लैस है।

## देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

# सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। भारत में तकरीबन 65-70 फीसदी ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर करती है। ऐसे में पशु और मवेशी ग्रामीणों के लिए आजीविका और उनके आर्थिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का आयोजन किया, जिसका विषय था 'मेरा पशु मेरा परिवार'। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली। सालाना पशु विकास दिस के आयोजन में 6000 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो ग्रामीण कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शांतनु मित्रा, चीफ़ एक्ज़क्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफ्जी इंडिया क्रेडिट ने कहा, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर में 1000 से अधिक शाखाओं के साथ हमारा ध्यान मुख्यतः टियर 2 नगरों पर केन्द्रित है जहाँ हमारी 90 फीसदी शाखाएं स्थित हैं। वास्तव में पिछले दो सालों में हमने तकरीबन 300 नई शाखाएं खोली हैं और ये सभी शाखाएं टियर-2 नगरों में ही खोली गई हैं। हमारा उद्देश्य सही उत्पादों एवं वित्तीय समाधानों के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना और समुदायों को सशक्त बनाना है। मैं हमारे हर कर्मचारी को बधाई देना चाहूंगा, जिन्होंने विभिन्न स्थानों पर एक साथ आयोजित सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के साथ गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की है। यह देखकर हार्दिक प्रसन्नता होती है कि इस साल का पशु विकास दिवस न सिर्फ पशुओं की देखभाल की दृष्टि से सबकी उम्मीदों पर खरा उतरा है, बल्कि इसके तहत देश भर के विभिन्न आयोजन स्थलों पर विशेष जागरुकता सत्र भी आयोजित किए गए, इन्हीं सब प्रयासों के फलस्वरूप हमें गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हुआ है। स्वामिनाथन सुब्रमण्यम, चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ''कई स्थानों पर एक साथ सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करना, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हर किसी के लिए गर्व की बात है। एक कंपनी के रूप में हमने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रच दिया है आपैर हमें विश्वास है कि आने वाले समय में भी हम आधुनिक एवं स्थायी सामाजिक-आर्थिक प्रयासों के माध्यम से समाज कल्याण की दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगे। गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल करना ग्रामीण कल्याण के लिए हमारे समर्पण की पुष्टि करता है और हमारे आर्थिक समाधानों के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाते रहने के लिए प्रेरित करता है। पहले भी एक ही दिन में सबसे बड़े पशु देखभाल शिविर आयोजित करने के लिए पशु विकास दिवस- वर्ल्ड रिकॉर्ड्स युनियन, लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, बेस्ट ऑफइंडिया रिकॉर्ड्स और वर्ल्ड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करा चुका है।

# बढ़ती मांग के बीच कैंब्रिज की चेकपॉईंट टेस्ट सीरीज़ का विस्तार हुआ

**रायपुर।** कैंब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस एंड एसेसमेंट में इंटरनेशनल एजुकेशन ग्रुप द्वारा कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट सीरीज़ का विस्तार किया जा रहा है। ये टेस्ट स्कूलों को प्राईमरी और लोअर सेकंडरी स्टूडेंट्स की लर्निंग की जरूरतों को समझने में मदद करते हैं। पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने लर्नर्स की परफॉर्मेंस का आकलन करने के लिए 101 देशों के 1600 से अधिक स्कूलों ने कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट्स का उपयोग किया। कैंब्रिज बढ़ती वैश्विक मांग को पूरा करने के लिए मई और अक्टूबर के अलावा 2026 से मार्च में तीसरी टेस्ट सीरीज़ शुरू कर रहा है। कैंब्रिज हर सीरीज़ के लिए एक सप्ताह का टाईमटेबल भी पेश कर रहा है, और यह मई सीरीज़ की तारीखें स्कूलों की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ा रहा है। कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट मैथमैटिक्स, इंग्लिश और साईंस में प्रगति का मूल्यांकन करते हैं। लर्नर कैंब्रिज प्राईमरी (10 से 11 साल) या लोअर सेकंडरी एजुकेशन (13 से 14 साल) के अंत में इन टेस्ट में बैठते हैं। कैंब्रिज परीक्षक इन टेस्ट की जाँच करते हैं और हर स्कूल को एक डायग्नोस्टिक फीडबैक रिपोर्ट प्रदान करते हैं, जो व्यक्ति और समूह की परफॉर्मेंस को मॉनिटर करने में मदद करती है। ये रिपोर्ट स्कूलों को लर्नर की जरूरतों के बारे में निर्णय लेने में समर्थ बनाती हैं और उन्हें यह समझने में मदद करती हैं कि दुनिया में स्थित कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूलों की तुलना में उनके लर्नर्स की परफॉर्मेंस कैसी है। अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के विकास के साथ कैंब्रिज चेकपॉईंट टेस्ट की मांग बढ़ रही है।

# जिला पंचायत के 6, जनपद के 44, सरपंच के 243 एवं वार्ड पंच हेतु 505 प्रत्याशियों के भाग्य का होगा फैसला, आज बालोद ब्लॉक के कुल 189 मतदान केन्द्रों में होगा मतदान

■ **97 संवेदनशील मतदान केंद्रों में विशेष रूप से पुलिस बल किये गए तैनात**

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com








जिले में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के द्वितीय चरण के अंतर्गत बालोद ब्लॉक के कुल 189 मतदान केन्द्रों में आज गुरूवार 20 फरवरी को मतदान संपन्न किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा मतदान एवं मतगणना कार्य को सुचारू रूप से एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के अंतर्गत आज बालोद ब्लॉक के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 एवं 10 सहित कुल 2 क्षेत्रों के लिए जिला पंचायत सदस्य का निर्वाचन संपन्न किया जाएगा। जिला पंचायत सदस्य के प्रत्येक क्षेत्रों में 3-3 प्रत्याशियों सहित दोनों क्षेत्रों में कुल 6 प्रत्याशी एवं जनपद पंचायत के 16 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 44 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे है। इसी तरह बालोद ब्लॉक के कुल 60 ग्राम पंचायतों में से एक ग्राम पंचायत हीरापुर में सरपंच पद के लिए निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हो चूकी है। इसीलिए आज सरपंच पद हेतु केवल 59 पंचायतों में ही मतदान संपन्न किया जाएगा। 59 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के लिए होने वाले निर्वाचन के लिए कुल 243 अभ्यर्थी अपना किस्मत आजमा रहे है। वही सभी 60 ग्राम पंचायतों में वार्ड पंच के कुल 900 वार्डों में से 395 वार्डों के लिए निर्विरोध वार्ड पंच निर्वाचित किए गए है। शेष 505 वार्डों के मतदान संपन्न किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार बालोद विकासखण्ड के 189 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा जोनल अधिकारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी तथा सुरक्षा बल के जवान आदि की तैनातगी सुनिश्चित की गई है।

**सीईओ डॉ. कन्नौजे ने हरी झंडी दिखाकर किया मतदान दलों को रवाना**-जिला पंचायत के मुख्य कार्यपलन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफिसर डॉ. संजय कन्नौजे ने बुधवार को बालोद जिला मुख्यालय के मतदान सामग्री वितरण केन्द्र स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल से मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर मतदान केन्द्र के लिए रवाना किया। इस दौरान उन्होंने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। बता दे कि मतदान कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारी सुबह से ही सामग्री वितरण केन्द्र में पहुँचकर मतदान सामग्री को प्राप्त कर उसका मिलान एवं अन्य जरूरी प्रक्रियाओं को पूरा किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं रिटर्निंग आफिसर डॉ. संजय कन्नौजे एवं एसडीएम सुरेश साहू ने मतदान कर्मियों के बीच पहुँचकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान अधिकारियों ने मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली तथा उन्हें निर्वाचन के राष्ट्रीय कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान तहसीलदार आशुतोष शर्मा, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएस राजपूत सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

**97 संवेदनशील मतदान केंद्र-सीईओ**-जिला पंचायत सीईओ डॉ. सजंय कन्नौजे ने बताया कि 60 ग्राम पंचायतों के लिए 189 मतदान दलो को सामग्रियों का वितरण कर कड़ी सुरक्षा में रवाना किया गया। मतदान दल देर शाम केंद्रों में पहुचे। इसके लिए 10 सेक्टर नियुक्त किये गए है। 97 संवेदनशील मतदान केंद्रों को चिन्हांकित किया गया हैं। जहां विशेष रूप से पुलिस बल तैनात किये गए है। वही सामान्य मतदान केंद्रों में कोटवार व फॉरेस्ट गार्ड की नियुक्ति की गई है। इसके अलावा प्रत्येक रूट के लिए मजिस्ट्रेट और पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है।

**मतदान दलों के किया गया स्वागत एवं अभिनंदन**-बुधवार शाम तक मतदान दल केंद्र तक पहुचते रहें। सभी मतदान कर्मी केंद्रों में सुरक्षित पहुचे। मतदान दलों के सकुशल मतदान केन्द्रों में पहुँचने पर वहाँ उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। प्रत्येक दल में पीठासीन अधिकारी के अलावा 3 अन्य मतदान कर्मी की ड्यूटी लगाई गई हैं।

## शहर के सब्जी बेचने वाले की राजनीतिक यात्रा ने लिखी नई इबारत

**सब्जी की दुकान से पार्षद की कुर्सी, महावीर वार्ड कि शान दीपा दशरथ साहू कि राजनीतिक यात्रा**



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शहर के एक आम सब्जी विक्रेता ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने क्षेत्र में एक सफल व्यवसायी के रूप में अपनी पहचान बनाई, बल्कि उन्होंने राजनीति में भी अपनी धाक जमाई है। हम आपको उस व्यक्ति की कहानी बताने जा रहे हैं जिसने अपने जीवन को एक नए मोड़ पर ले जाने के लिए प्रतिदिन बारहों महीने ब्रम्ह मुहुर्त मे उठकर अपनी मेहनत और संघर्ष की कहानी को एक नई दिशा दी है!

**महावीर वार्ड से तीन बार के पार्षद का गौरव**-गौरतलब है महावीर वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद रुप मे दीपा दशरथ साहू जो कि इस नगरीय निकाय चुनाव मे अपने पिछ्ले दो कार्यकाल के रिकार्ड को तोडते हुये विपक्ष के विधायक उसी मोहल्ले के होते हुये भी 202 मतों से विजयी हुये साथ ही अपने पार्टी के अध्यक्ष प्रत्याशी अश्विनी शर्मा को भी 311 वोटों से विजयी दिलाई एक आम सब्जी विक्रेता है जो कि साप्ताहिक व थोक सब्जी बाजार मे धानिया मिर्ची नीबूं अदरक का विक्रय कर अपनी मेहनत और लगन से न केवल अपने क्षेत्र में।

## बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही चेंकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) ने समस्त थाना/चौकी प्रभारियों को बैंको व एटीएम की सुरक्षा को दृष्टि गत रखते हुए चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा जिले के बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास की जा रही लगातार चेंकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है जिसमें बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की जानकारी रखने, बैंके अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो, बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय हो, बैंक का सायरन चालू अवस्था में हो, बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना/ पुलिस कंट्रोल रूम/आपातकालीन नंबर मौजुद हो तथा बैंक पटल पर लिखे हो, बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढककर/हेलमेट पहन कर अथवा स्कार्फ पहन कर न आये, इस पर विशेष ध्यान देने एवं आवश्यक रूप से बैंक के बाहर नोटिश बोर्ड चश्पा किया जाए। रात्रि में बैंक परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था हो।

## रामचंडी महाविद्यालय के तनीषा ने यूनिवर्सिटी मेरिट सूची में बनाया स्थान

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



रामचंडी महाविद्यालय के.बीकॉम फाइनल ईयर की होनहार छात्रा तनीषा अग्रवाल पिता-हेमलाल अग्रवाल .ने सत्र 2023-2024 के मुख्य परीक्षा में 76.38 प्रतिशत अंक हासिल कर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा जारी मेरिट सूची में उन्होंने आठवां स्थान प्राप्त कर रामचंडी महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है उनके उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. एन. के. भोई, संचालक सुभाष चंद्र साहू एवं सभी प्राध्यापकगणों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## कमलादेवी खंडेलवाल का निधन



**रायपुर**। देवेंद्र नगर निवासी स्व. रमेश खंडेलवाल की पत्नि कमलादेवी खंडेलवाल उम्र 79 वर्ष का आकस्मिक निधन बुधवार को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम गुरुवार को होगा। वह राजेश, ब्रजेश की माता थी एवं अजय, विजय, दिनेश, सींटू, अरुण की दादी थी।

## छत्रपति शिवाजी जयंती मनाई गई





पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्रपति शिवाजी स्कूल में शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने उनके जीवन के विविध पहलूओं को नाटक के माध्यम से सामने रखा। शिवाजी महाराज की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम शुरू किया गया। पश्चात् कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने शिवाजी महाराज के जीवन से संबंधित विभिन्न घटनाओं और युद्धों के दृश्यों पर अपनी शानदार प्रस्तुति दी। छात्रों आतिफ रंगरेजों, विप्र कुर्रे, दर्शन कश्यप, प्रज्ञान सोनी, खिलेश यदु ने उनके विचारों और राज कार्य में उनके गुणों का उल्लेख किया। शिक्षिकाओं नीना शर्मा, मीनाक्षी त्रिपाठी, स्वाति ठाकुर, पारुल पदमवार ने भी मराठा साम्राज्य और हिंदवी साम्राज्य के निर्माण में उनके योगदान और साहस को याद किया।

## सरायपाली नगर पालिका के वार्ड क्र. 10 से भाजपा प्रत्याशी दिव्या आशीष सेन की सबसे बड़ी जीत दर्ज, सबसे शिक्षित महिला पार्षद

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



चुनावी सरगर्मी अब ठंडी पड़ चुकी है क्युकी नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव समाप्त हो चुके है इसके साथ ही परिणाम की घोषणा भी हो चुकी है, दोनों चुनाव में सैकड़ो प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया जिनमे कुछ ने जीत का जश्न मनाया तो कइयों ने हर का स्वाद चखा, कई ऐसे प्रत्याशी भी थे जिन्होंने चुनावी मतदान में सौ का आकड़ा भी पर नहीं किया जबकि कई प्रत्याशी कुछ अंतर से जीत हासिल किये, कुछ जगह तो दो प्रत्याशियों के मध्य सामान मतों से ड्रा की स्तिथि निर्मित हो गई। अब अगर हम सरायपाली नगर पालिका की बात करें तो यहां अध्यक्ष सरस्वती मिलो पटेल ने अपना परचम लहराया जिसके साथ 15 वार्डो में से 7 भाजपा प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की जबकि 5 निर्दलीय प्रत्याशी, 2 पार्षद निर्विरोध चुने गए एवं 1 पार्षद कांग्रेस से चुना गया। इन पंद्रह वार्डो के पार्षदों के चुनाव में सबसे ज्यादा जीत का अंतर वार्ड क्रमांक 10 में रहा, जहाँ पर भाजपा प्रत्याशी दिव्या आशीष सेन ने 280 जीत के अंतर से विजयी हुई आपको बता दी के ये जीत पंद्रह वार्डो में सबसे ज्यादा अंतर की जीत है, इसके साथ ही वह इस बार की सबसे कम उम्र की महिला पार्षद या फिर कहा जाये सबसे युवा महिला पार्षद बनी है इसके साथ ही वह सबसे शिक्षित महिला पार्षद भी है जिन्होंने B.A,B.ED,PGDCA एवं तीन विषयो में M.A पूर्ण कर लिया है, मीडिया से बात करते टाइम उन्होंने कहा की यह उनके लिए काफ़ी गर्व की बात है एवं ये जनता का आशीर्वाद है जो उन्होंने उतनी बड़ी जीत दर्ज की है, साथ ही उन्होंने अपने जीत का श्रेय अपने परिवार जनों एवं अपने पति आशीष सेन को दिया जिनकी मेहनत एवं परिश्रम के कारण ही यह सब संभव हुआ है। आगे दिव्या आशीष सेन ने कहा की सरायपाली में ट्रिपल इंजन की सरकार बन चुकी है जिसके साथ ही नगर के विकास की गति ओर भी तेज हो जाएगी हम सभी मिलकर सरायपाली नगर को विकास की नई उचाईयो पर ले जायेंगे, इसके साथ ही उन्होंने अपनी जीत के बाद वार्ड की मूलभुत सुविधाओं पर जोर देने की बात कही एवं जीत के लिए सभी शीर्ष नेतृत्व एवं वार्ड क्रमांक 10 के मतदाताओ का आभार व्यक्त किया।

## विजय रैली का हुआ जगह-जगह स्वागत आतिशबाजी के साथ

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिंह के विजय रैली का बेमेतरा के विभिन्न स्थानों में आतिशबाजी रंग गुलाल के साथ स्वागत किया गया एवं विभिन्न प्रकार की फल मीठा वितरण किया गया है. विजय की विजय रैली मां भद्रकाली प्रांगण में पूजा अर्चना के पश्चात निकली रथ में बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा नवनिर्वाचित भाजपा पार्षदों के साथ रैली में दुर्गलोकसभा के सांसद विजय बघेल, बेमेतरा विधायक दीपेश साहू , जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, प्रदेश मंत्री अवधेश चंदेल, पूर्वजिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, चुनाव संचालक हर्षवर्धन तिवारी मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू सहित वरिष्ठ भाजपा नेता रथ में सवार थे। माता भद्रकाली मंदिर प्रांगण बाजार पारा से प्रारंभ होकर गौरव पथ होते हुए सिंघौरी से दुर्गा मंदिर भक्तमाता कर्मा चौक से गस्ती चौक पुराना बस स्टैंड होते हुए नया बस स्टैंड से गार्डन रोड सवाना बाई के घर से सिंधी कॉलोनी ब्राह्मण पारा से विधायक निवास में पहुंचकर समाप्त हुई। रैली का सुन्नी मुस्लिम के अध्यक्ष सैयद कौशर अली के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया जिसके पश्चात नवीन बाजार में सब्जी व्यापारी संघ ने लड्डुओं से तौलकर स्वागत किया अधिवक्ता संतोष चौबे के निवास पर फूलमालाओ से स्वागत किया गया जिसके पश्चात वार्ड 17 में बंटी चाचा के नेतृत्व में स्वागत किया गया मिष्ठान वितरण किया गया जिसके उपरांत स्वर्गीय तुषार साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात समाज सेवी विजय शर्मा जी के घर के बाहर आतिशबाजी फूल माला मिष्ठान वितरित करके स्वागत किया गया रैली में धुमाल बैंडबाजा राउत सहित अनेकों वाद्ययंत्र में जानता कार्यकर्ता थिरक रहे थे रैली में प्रमुख रूप से समस्त पार्षदों के साथ राजेश शर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, महेश साहू, नीलू प्रवीण राजपूत, दोहाई वर्मा राकेश मोहन शर्मा धर्मेंद्र साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता साहू रीना साहू मिनू पटेल ममता साहू सावित्री रजक प्रमिला साहू सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**दूसरे चरण में 20 फरवरी को 655 मतदान केंद्रों पर 3 लाख 31 हजार 65 मतदाता करेंगे मतदान**

# पंडरिया और बोड़ला निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरण कर किया गया रवाना

■ **दोनो विकासखंड के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 268 ग्राम पंचायतों में होगा निर्वाचन**

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com







राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के दूसरे चरण के लिए मतदान दलों को सामग्री वितरित कर रवाना किया गया। कबीरधाम जिले में दूसरे चरण का मतदान 20 फरवरी 2025 को विकासखंड बोड़ला और पंडरिया क्षेत्र में होगा। इसके अन्तर्गत विकासखंड बोड़ला और पंडरिया के जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। इसमें दोनों विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक मतदान होगा। मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कलेक्टर वर्मा के मार्गदर्शन में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। पंडरिया और बोड़ला विकासखंड के मतदान केंद्र और मतदान दलों की तैनाती। पंडरिया विकासखंड में निर्वाचन के लिए 347 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 347 मतदान दलों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल पंडरिया से रवाना किया गया। इसमें कुल 1388 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी शामिल हैं, इसके साथ रिजर्व दल भी तैनात किए गए हैं। बोड़ला विकासखंड में निर्वाचन के लिए 308 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 308 मतदान दलों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला से रवाना किया गया। इसमें कुल 1232 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी शामिल हैं, तथा रिजर्व दल भी तैनात किए गए हैं।

**जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से 8 में मतदान 20 फरवरी को**-रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिला पंचायत सदस्य के लिए द्वितीय चरण 20 फरवरी को पंडरिया एवं बोड़ला विकासखंड के 08 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन होगा। इसमें जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र 01, 02, 03, 04, 05, 06, 07 और क्षेत्र 08 शामिल है। उन्होंने बताया कि दोनो विकासखंड के निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत कुल 268 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसमें कुल 3 लाख 31 हजार 65 मतदाता और मतदान केन्द्र 655 है। इन दोनो निर्वाचन क्षेत्रों में 27 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बतया कि क्षेत्र क्रमांक 01 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 903 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 5 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 02 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 35 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 883 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 03 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 913 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 04 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। इन ग्राम पंचायतों में 43 हजार 159 मतदाता और मतदान केन्द्र 80 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 2 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 05 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 31 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 75 मतदाता और मतदान केन्द्र 81 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 06 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 569 मतदाता और मतदान केन्द्र 85 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 07 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 33 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 133 मतदाता और मतदान केन्द्र 85 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 08 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 37 है। इन ग्राम पंचायतों में 39 हजार 430 मतदाता और मतदान केन्द्र 89 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 3 अभ्यर्थी है।

**पंडरिया जनपद पंचायत सदस्य के 139 प्रत्याशी मैदान पर, 185752 मतदाता करेंगे मतदान**-तहसीलदार एवं रिटर्निंग ऑफिसर पंचायत पण्डरिया सुशील कुमार सोनपिपरे ने बताया कि पंडरिया जनपद पंचायत अंतर्गत पंच पद के 945 वार्डो के लिए 2080 प्रत्याशी मैदान पर है। सरपंच पद के 134 ग्राम पंचायतों के लिए 537 प्रत्याशी मैदान पर है। जनपद सदस्य के 25 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 139 प्रत्याशी मैदान पर है।

**श्रीमद् भागवत कथा** | व्यास पूजा, श्री शुकदेव विदाई कथा का वर्णन के साथ खेली गई फूलों की होली

# गुरु ही हमारे कष्टों को दूर करते हैं : आचार्य बांके बिहारी

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



मोवा स्थित श्री बालाजी हाऊस में श्रीमद् भागवत कथा में बुधवार को व्यास पूजा के साथ शुकदेव विदाई के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा सुनने काफी संख्या में भक्त पहुंचे। भागवत प्रवक्ता आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी जी के श्रीमुख द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। आचार्य बांके बिहारी गोस्वामी ने भगवान नाम का महत्व बताते हुए कहा कि वाणी को जीव को विश्राम भगवान के नाम पर ही मिलता है। जीवन में हर मनुष्य को गुरु जरुर बनाना चाहिए, क्योंकि गुरु ज्ञान व मोक्ष का मार्ग बताता है। भगवान भी जब धराधाम पर आते है तो उन्हें भी गुरु की आवश्यकता पड़ती है। उन्होंने बताया कि दत्तात्रेय जी ने तो चौबीस गुरु किए। इसमें पृथ्वी, वायु, आकाश, पिंगला वेश्या आदि थे। इससे हमे शिक्षा मिलती है। यदि हमारी बुद्धि गुणग्रही है तो हम कहीं से भी कुछ प्राप्त कर सकते हैं। भागवत कथा में चार वेद, पुराण, गीता एवं श्रीमद् भागवत महापुराण की व्याख्या, प्रभुपाद, पंडित हरिशचंद्र महाराज के मुखारवृंद से उपस्थित भक्तों ने श्रवण किया। विगत सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। कथा व्यास ने सुदामा चरित्र एवं गुरु की महिमा की कथा का वर्णन करते हुए कि जीवन में गुरु का होना आवश्यक है गुरु हमारे जीवन की दशा एवं दिशा दोनों को बदलते है लेकिन हमें दुख इस बात का है कि हम गुरु को बहुत मानते है लेकिन गुरु की बातों को नही मानते। इसी कारण हम दुखी होते है गुरु मिलने से हमारा नया जन्म होता है। गुरु से मार्ग दर्शन एवं गुरु ही हमारे कष्टों को दूर करता है। श्रृंगी ऋषि ने जब राजा परीक्षित को सात दिन में मृत्यु का श्राप दिया, तब शुकदेव मुनि ने मुक्ति के लिए उन्हें ये पुराण सुनाया था। पिता ऋषि वेदव्यास से ज्ञान पाकर देवताओं को महाभारत की कथा भी मुनि शुकदेव ने ही सुनाई थी। बहुत कम लोग ही ये जानते हैं कि मुनि शुकदेव एक शुक यानि तोता थे, जो भगवान शंकर के डर से 12 वर्ष तक मां के गर्भ में रहे थे। शुकदेव का संबंध राधा से भी रहा है। मुनि शुकदेव भगवान वेदव्यास के पुत्र थे। इनके जन्म के संबंध में कई कथाएं मिली हैं। कहीं इन्हें व्यास की पत्नी वाटिका तो कहीं पिता वेदव्यास के तप से मिला भगवान शंकर का वरदान कहा गया है। एक कथा के अनुसार द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण व राधाजी के अवतार के समय ये राधा के साथ खेलने वाले शुक थे। उन्होंने कहा कि हम भले ही सुदामा हो लेकिन मित्र कृष्ण जैसा ही बनाना चाहिए। कथा व्यास ने कहा कि जो व्यक्ति सच्चे मन से भागवत कथा का श्रवण करता है उसका संबंध कृष्ण से अपने आप ही जुड़ जाता है तथा कृष्ण की कृपा उन पर सदा बनी रहती है और उस व्यक्ति पर कलयुग भी अपना प्रभाव नहीं जमा पाता। कथा में कृष्ण भगवान की सोलह हजार एक सौ आठ विवाहों का वर्णन किया। शांत पाठ व शुकदेव जी की विदाई, व्यास पीठ पूजन के साथ कथा पूर्ण की गई। मधुर भजन पर श्रोता आनंदित रहे। यहां जयकारा लगाकर आरती उतारी गई। प्रसाद ग्रहण करने के लिए तांता लगा रहा। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। लोगों ने इस संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया।

# आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान एवं राजस्व वसूली कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए विभिन्न कार्यो की प्रगति की जानकारी लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिये। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, यू.एस. अग्रवाल, कृष्णा खटीक, उपायुक्त जसदेव सिंह बाबरा, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, संयुक्त संचालक वित्त दिनेश निर्मलकर, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं, विभागों के प्रभारी अधिकारियों की उपस्थिति में साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेते हुए अधिकारियों को स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान और राजस्व वसूली कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों आयुक्त स्वच्छ सर्वेक्षण कार्य, राजस्व वसूली कार्य, निर्माण कार्य योजनाओं का समन्वय एवं समीक्षा हेतु जोन भ्रमण के लिये अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता को जोन 2 की, अपर आयुक्त यू.एस. अग्रवाल को जोन 5, पंकज शर्मा को जोन 6, विनोद पाण्डेय को जोन 3, उपायुक्त डॉ. अंजली शर्मा को जोन 9, जसदेव सिंह बाबरा को जोन 1, प्रिती सिंह को जोन 8, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी को जोन 10, राजस्व अधिकारी खीरसागर नायक को जोन 7, निगम सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव को जोन 4 के प्रभारी अधिकारी का दायित्व दिया। जोन के प्रभारी अधिकारी संबंधित जोन कमिष्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक राजस्व अधिकारी, वार्ड प्रभारी सहित प्रतिदिन संबंधित जोन के वार्डो का भ्रमण कर समस्याओं का निराकरण इस संदर्भ में कर रहे है। आयुक्त ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में जनभागीदारी मोहल्ला स्तर पर, कॉलोनी स्तर पर, कॉलोनी के रहवासियो द्वारा स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी का कार्य किया जाना है।

रहवासी संघ द्वारा कॉलोनी से निकलने वाले दूषित जल का उपचार कर पुनः उपयोग में लाया जाना एवं उनके द्वारा निकले गीले कचरे का होम कम्पोस्टिंग का कार्य किया जाना। कॉलोनी पर रैन वॉटर हारवेस्टिंग होना चाहिये। स्वच्छतम् मोहल्ला, स्वच्छतम् होटल, स्वच्छतम् बाजार, स्वच्छतम् स्कुल, स्वच्छतम् हॉस्पिटल, स्वच्छतम् प्रतिस्ठान, स्वच्छतम् कार्यलय, आदि को चिन्हित कर सम्मानित किया जाना है। ब्रांड एम्बेस्डर द्वारा विभिन्न विभिन्न क्षेत्रो में स्वच्छता जागरूकता का कार्य कराया जाना है।

# बी.पी.ओ. कॉल सेंटर के माध्यम से संपत्तिधारकों को किया जावेगा कॉल, बकायादारों पर की जाएगी कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर में टी.एल. बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राजस्व वसूली एवं स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम द्वारा किये जा रहे कार्यों के समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा द्वारा निगम क्षेत्रान्तर्गत सभी अपार्टमेंट, सोसोयटी, वाणिज्यिक संस्था एवं बड़ी कालोनिया में शिविर के माध्यम से राजस्व वसूली हेतु निर्देश दिया गया। नगर निगम रायपुर सीमा में लगभग 121 हाउसिंग सोसायटी, 144 होटल एवं रोस्टरेंट तथा 62 मैरिज हाल है जिनका लगभग 35 करोड़ से भी अधिक का राजस्व वसूली का बकाया है। इसके लिए व्यापक स्तर पर डिमांड़ बिल का वितरण करते हुये नगर निवेश एवं राजस्व के अमले को शिविर के माध्यम से वसूली हेतु कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही नगर निगम रायपुर द्वारा दो मोबाईल नम्बर 7000611350, 7974595569 जारी किया गया जिसके माध्यम से आम जनता राजस्व से संबंधित किसी भी प्रकार की कर, टैक्स या अपने कालोनी में शिविर लगाने के संबंध में शिकायत एवं सुझाव काल या व्हाटसएप के माध्यम से दर्ज करवा सकती है।

# रायपुर से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस कोयले से भरे ट्रेलर से टकराई, 1 की मौत, 15 घायल



पायनियर संवाददाता ✓ अनूपपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस एमपी-छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पेंड्रा और अनूपपुर के बीच एक कोयले से भरे ट्रेलर से टकरा गई। इस दर्दनाक हादसे में 1 व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 15 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। सभी घायलों को अनूपपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पेंड्रा एसडीओपी श्याम सिदार के अनुसार, बस रायपुर से प्रयागराज की ओर जा रही थी। इसी दौरान पेंड्रा के पास हाईवे पर खड़े कोयले से भरे ट्रेलर के पीछे बस जा टकराई। हादसा अनूपपुर और छत्तीसगढ़ की सीमा पर देर रात हुआ। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि हाईवे पर ट्रेलर के सड़क के बीच खड़े होने के कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और हाईवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। सभी घायलों को अनूपपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य जारी है। पुलिस इस हादसे की विस्तृत जांच कर रही है।

# छत्रपति वीर शिवाजी महाराज की जयंती पर नमन कर अश्वारोही प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की



पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर के संस्कृति विभाग के तत्वावधान में नगर निगम जोन 7 के सहयोग से राजधानी शहर रायपुर के जीई मार्ग में तात्यापारा चौक मेजर यशवंत गोरे चौक के किनारे स्थित छत्रपति वीर शिवाजी की महाराज की अश्वारोही प्रतिमा स्थल के समक्ष उनकी जयंती पर सादर नमन करने संक्षिप्त आयोजन रखा गया। इसमें पहुंचकर नगर के आमजनों, गणमान्यजनों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छत्रपति वीर शिवाजी महाराज को जयंती पर नमन करते हुए उनकी अश्वारोही प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। पारंपरिक रूप से नगर निगम संस्कृति विभाग द्वारा जोन 7 के सहयोग से प्रतिमा स्थल परिसर में साफ सफाई पुष्प माला फूलो की पंखुडियों सहित आवश्यक प्रबंध निर्देशानुसार दिये गये।

# भाजपा का दावा झूठा पंचायत चुनावों के पहले चरण में कांग्रेस को भाजपा से बढ़त : शुक्ला




पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने दावा किया कि प्रदेश भर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के प्रथम चरण में कांग्रेस समर्थित जिला पंचायत के सदस्य अधिक संख्या में चुनाव जीत कर आये है। पूरे प्रदेश के जिला पंचायतों में प्रथम चरण के 149 क्षेत्रों में कांग्रेस के 78 समर्थित चुनाव जीत कर आये है। 69 कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार तथा 9 कांग्रेस समर्थित है, जबकि भाजपा के मात्र 66 सदस्य ही चुनाव जीत पाये है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा झूठा दावा कर रही है कि पंचायतों में उसके ज्यादा लोग चुनाव जीतकर आये है, जबकि हकीकत यह है पंचायत चुनाव में कांग्रेस को भाजपा से बढ़त मिली हुई है। कांग्रेस के प्रथम चरण में भाजपा से 12 सदस्य ज्यादा चुनाव जीते है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पंच, सरपंचों और जनपदों में भी कांग्रेस समर्थित अधिक लोग चुनाव जीतकर आये है। प्रदेश भर में प्रथम चरण में 3605 सरपंचों में 2100 से अधिक सरपंच कांग्रेस समर्थित चुनाव जीते है। जनपद पंचायतों में भी 911 में से 600 से अधिक जनपद सदस्य कांग्रेस के चुनाव जीते है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पंचायत चुनाव ईवीएम से नहीं हुआ बैलेट पेपर से हुआ। अतः भाजपा यहां बेईमानी नहीं कर पायी। उसे मुंह की खानी पड़ी। देश में जो भी चुनाव बैलेट से होगा भाजपा की उसमें हार तय है। पत्रकार वार्ता में प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, महेन्द्र छाबड़ा, अजय साहू, मणी वैष्णव, सोमेन चटर्जी, परवेज अहमद उपस्थित थे।

### बालोद जिला के विकासखण्ड डौण्डीलोहरा के ग्राम पंचायत सूरेगांव में 23 फरवरी को होगा पुर्नमतदान

**रायपुर।** बालोद जिला के विकासखण्ड डौण्डीलोहरा में ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 08 में प्रतीक आबंटन संबंधी त्रुटि हो जाने के कारण अभ्यर्थियों को गलत प्रतीक चिन्ह आबंटित हो गये। ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 में दो अभ्यर्थी को आबंटित प्रतीक गलत हो जाने के कारण मतपत्र में उन्हें एक दुसरे के प्रतीक मुद्रित हो गये। इस कारण से ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 के लिए पंच पद हेतु 17 फरवरी 2025 को संपन्न हुआ मतदान दूषित हो गया। राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर ग्राम पंचायत सुरेगांव के वार्ड क्रमांक 8 के पंच पद के लिए 17 फरवरी 2025 को हुए मतदान को शुन्य घोषित करते हुए मतदान की नई तारीख 23 फरवरी 2025 निर्धारित की है।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403